छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
जुलाई, 2024 सत्र

मंगलवार, दिनांक 23 जुलाई, 2024

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

<u>जल जीवन मिशन अंतर्गत फर्मो/कंपनियों/संस्थाओं का इम्पैनलमेंट</u>

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

1. (*क्र. 326) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ राज्य में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2021 से जून, 2024 तक कितनी फर्म/कंपनियों/संस्थाओं का इम्पैनलमेंट किस आधार पर, कब-कब, किस अधिकारी/समिति के द्वारा किया गया है एवं इसके सदस्य कौन-कौन थे? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अंतर्गत कितनी फर्मो/कंपनियों/संस्थाओं का इम्पैनलमेंट कब व किस आधार पर निरस्त किया गया? इन फर्म/कंपनियों/संस्थाओं को कितनी राशि का कार्य मिशन अंतर्गत दिया गया था तथा कितनी राशि का भुगतान किया गया एवं कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है? **(ग)** मिशन अंतर्गत इलेक्ट्रक्लोनीरेटर सिस्टम के संबंध में क्या-क्या शिकायत की गई है एवं क्या इन शिकायतों की जांच की गई? जांच के निष्कर्ष क्या थे एवं क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2021 से जून, 2024 तक 883 संस्था के इम्पैनलमेंट, इम्पैनलमेंट का आधार, इम्पैनलमेंट करने वाले अधिकारी/समिति एवं समिति के सदस्यों की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अंतर्गत 79 कंपनियों/संस्थाओं का इम्पैनलमेंट, इम्पैनलमेंट को निरस्त करने का आधार एवं दिनांक की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। इन कंपनियों/संस्थाओं को रू. 1972.98 लाख राशि का कार्य मिशन अंतर्गत दिया गया था तथा रू. 809.827 लाख राशि का भुगतान किया गया व रू. 79.47 लाख राशि का भुगतान किया जाना शेष है। **(ग)** मिशन अंतर्गत इलेक्ट्रक्लोनीरेटर सिस्टम के संबंध में प्राप्त शिकायत, शिकायतों की जांच, शिकायतों पर की गई कार्यवाही एवं जांच का निष्कर्ष की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है।

<u>बस्तर संभाग में ब्रिज निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति</u>

[लोक निर्माण]

2. (*क्र. 87) श्री कवासी लखमा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2020 से मार्च 2024 तक बस्तर संभाग में कौन-कौन से ब्रिज निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी ? जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** स्वीकृत कार्यों को कब तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य था ? स्थल वार जानकारी देवें ? **(ग)** इनमें से कौन-कौन से कार्य पूर्ण हैं तथा कौन-कौन से अपूर्ण हैं ? अपूर्ण हैं तो क्यों ? अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण किया जाएगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वर्ष 2020 से मार्च 2024 तक बस्तर संभाग में सेतु परिक्षेत्र रायपुर के अंतर्गत कुल 95 सेतु निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है।

जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा फेस-1 में स्थापित उद्योगों में श्रमिकों के स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविर

[श्रम]

3. (*क्र. 214) श्री अनुज शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022 से जून, 2024 के मध्य औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा फेस-1 में स्थापित किन-किन उद्योगों में श्रमिकों के स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविर का आयोजन किया गया? **(ख)** इन जांच शिविर में क्या-क्या अनियमितता पाई गई? **(ग)** संचालनालय स्तर पर इन अनियमितताओं पर अभियोजन की क्या कार्यवाही की गई?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) विभाग द्वारा वर्ष 2022 से जून, 2024 के मध्य औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा फेस-1 में स्थापित किसी भी उद्योग में श्रमिकों के स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविर का आयोजन नहीं किया गया है। **(ख)** निरंक **(ग)** निरंक

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत कार्य

[लोक निर्माण]

4. (*क्र. 80) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र मुंगेली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री सड़क/मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक कितने नवीन सड़क की स्वीकृति हुई हैं? बजट में प्रावधान एवं वर्षवार जानकारी देवें। मार्गों की अद्यतन स्थिति क्या है? उक्त अवधि में कितनी सड़कों का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य किया गया है, नहीं, तो क्यों तथा कितनी राशि व्यय की गई? कितनी सड़कें शेष हैं, उन्हें कब तक किया जायेगा ? विकासखण्डवार जानकारी देवे? यदि नहीं किया गया तो क्यों ? **(ख)** लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में कितने सड़क मार्ग हैं, एवं कितने प्रस्तावित हैं, विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ग)** पूर्व में बजट में स्वीकृति कितने सड़क निर्माण के कार्य लैप्स हो चुके हैं एवं कितनी सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति आज दिनांक तक प्रदान नहीं की गई है तथा क्यों, कब तक दी जावेगी, समयावधि बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) लोक निर्माण विभाग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' एवं प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री सड़क योजना की जानकारी प्रमुख अभियंता, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, सिविल लाईन्स रायपुर से प्राप्त कर जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ई'** अनुसार है। **(ख)** लोक निर्माण विभाग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'द'** अनुसार है। प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री सड़क योजना की जानकारी प्रमुख अभियंता, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, सिविल लाईन्स रायपुर से प्राप्त कर जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ई'** अनुसार है। **(ग)** लोक निर्माण विभाग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'स'** अनुसार है। प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री सड़क योजना की जानकारी प्रमुख अभियंता, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, सिविल लाईन्स रायपुर से प्राप्त कर जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ई'** अनुसार है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

5. (*क्र. 962) श्री भूपेश बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** राज्य में जनवरी, 2024 से जून, 2024 तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कितने हितग्राहियों को शासन द्वारा योजना का लाभ दिया गया है? जिलेवार जानकारी देने के काष्ट करें। **(ख)** उक्त अवधि में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केन्द्र सरकार से कितना आबंटन प्राप्त हुआ है तथा राज्यांश की कितनी

राशि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है? **(ग)** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों में कितने आवास पूर्ण हो चुके हैं? पूर्ण हुए कितने आवास का भौतिक सत्यापन किया जाकर हितग्राहियों के पक्ष में राशि अंतरित की जा चुकी हैं? तथा कितने आवासों का भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है? यदि पूर्ण हुए आवास का भौतिक सत्यापन अभी शेष है तो उसका कारण क्या है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत प्रश्नांकित अवधि जनवरी, 2024 से जून, 2024 तक किसी भी हितग्राही हेतु आवास स्वीकृत नहीं किये गए हैं। अतएव उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में जानकारी निरंक है। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत केन्द्र सरकार से राशि रू 165.30 करोड़ एवं राज्यांश राशि रू 94 13 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है। **(ग)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक अन्तर्गत स्वीकृत आवासों में से अब तक 1,66,196 आवास पूर्ण हो चुके हैं। पूर्ण आवासों में से 1,59,182 हितग्राहियों को भौतिक सत्यापन उपरान्त अंतिम किश्त की राशि जारी की जा चुकी है एवं शेष 7,014 पूर्ण आवासों का अंतिम किश्त का भुगतान किया जाना अद्यतन शेष है। पूर्ण आवासों में से 3,201 आवासों का भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है। भौतिक सत्यापन एक निरंतर प्रक्रिया है एवं संबंधित नगरीय निकायों द्वारा पूर्ण किये जा रहे आवासों का नियमित भौतिक सत्यापन किया जाकर अंतिम किश्त की राशि संबंधित हितग्राहियों को अंतरित की जा रही है।

जिला जशपुर अंतर्गत संचालित उद्योग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

6. (*क्र. 7) श्रीमती गोमती साय : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जशपुर में कौन-कौन से उद्योग कहॉ-कहॉ स्थापित हैं? उन उद्योगों के मालिक कौन-कौन हैं? **(ख)** कंडिका ''क'' के तहत स्वीकृत उद्योगों द्वारा संचालन में नियम शर्तों का पालन नही किये जाने से उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही विगत 02 वर्षो से जून, 2024 में की गई है? **(ग)** कंडिका ''क'' के तहत स्वीकृत एवं संचालित उद्योगों में कितने स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) विभाग में पंजीकृत जानकारी के अनुसार जशपुर जिले में कुल 387 उद्योग स्थापित हैं, विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** पर दर्शित है। **(ख)** कंडिका ''क'' में दर्शित उद्योगों के संबंध में विभाग में विगत 02 वर्षो में विभिन्न विभागों से संबंधित 02 शिकायतें प्राप्त हुई है- 1. ग्राम-रघुनाथपुर में कृषि भूमि में बिना डायवर्सन कराये स्टोन क्रशर के संचालन के संबंध में है। प्राप्त शिकायत के बिन्दु के आधार पर राजस्व विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। 2. ग्राम-बालाछापर, जशपुर में राईस मिल को प्रदूषण फैलाने के संबंध में प्राप्त शिकायतें के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायगढ़ को शिकायत प्रेषित की गई थी। सक्षम प्राधिकारी द्वारा इकाई द्वारा निरीक्षण कर शिकायत का निराकरण कराया गया है।विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** में पूरक जानकारी संलग्न है। 3. कंडिका ''क'' में वर्णित उद्योगों द्वारा कुल 3804 स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जो कि विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** के कॉलम नंबर-08 पर दर्शित है।

नगर पालिका परिषद जामुल एवं नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग में अवैध प्लाटिंग

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

7. (*क्र. 140) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नगर पालिका परिषद जामुल एवं नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग अंतर्गत वर्ष 2021 से जून, 2024 तक अवैध रूप से भू-खंडों का क्रय-विक्रय के कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं? स्थान व खसरा नम्बर सहित पृथक-पृथक बतायें? **(ख)** क्या उक्त नगर पालिक निगम अंतर्गत अवैध रूप से विक्रय कर रजिस्ट्री पर रोक लगाने हेतु वर्ष 2021 से जून, 2024 तक आयुक्त नगर पालिक निगम द्वारा जिला कलेक्टर व पंजीयक को पत्राचार किया गया था? क्या अवैध प्लाटिंग भूमि का नक्शा-खसरा एवं बटांकन की जानकारी

तहसीलदार से मांगी गयी थी? यदि हां, तो उन पत्रों पर क्या कार्यवाही की गयी तथा कितने प्रकरणों में अवैध कब्जा हटाये गये व पंजीयन निरस्त किया गया और कितने के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गयी एवं कितने खसरों के पंजीयन पर बैन (ब्लाक) किया गया है? पृथक-पृथक बतायें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगर पालिका परिषद जामुल एवं नगर पालिक निगम भिलाई जिला-दुर्ग अंतर्गत वर्ष 2021 से जून, 2024 तक अवैध रूप से भू-खंडो का क्रय-विक्रय के 126 प्रकरण दर्ज किये गये है। स्थान व खसरा नम्बर सहित पृथक-पृथक **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** जी हां। आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा वर्ष 2021 से जून, 2024 तक अवैध रूप से विक्रय कर रजिस्ट्री पर रोक लगाने हेतु जिला कलेक्टर व पंजीयक को पत्राचार किया गया था। जी हां।अवैध प्लाटिंग भूमि का नक्शा-खसरा एवं बटांकन की जानकारी तहसीलदार से मांगी गयी थी। 61 स्थलों पर तहसीलदार को पत्र प्रेषित किया गया है, जिनमें से 02 स्थलों की जानकारी तहसीलदार द्वारा दी गई। 61 स्थलों पर निर्मित मार्ग संरचना की बेदखली की कार्यवाही की गई है एवं पंजीयन निरस्त करने की संख्या निरंक है। 03 प्रकरणों में 16 व्यक्तियों के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कराए गए है। 482 खसरों के पंजीयन पर बैन (ब्लाक) किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

बस्तर संभागान्तर्गत जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

8. (*क्र. 356) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जल जीवन मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 से प्रश्न दिनांक तक बस्तर संभाग के जिलों में कितनी राशि का भुगतान मार्गदर्शिका 7.9 के अनुसार डीडब्लूएसएम से लेने के उपरांत किया गया है व कितनी राशि का अनुमोदन भुगतान पश्चात् अभी तक नहीं लिया गया है? **(ख)** जल जीवन मिशन के अंतर्गत कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वार भुगतान एवं कार्य पूर्णता की स्थिति तथा ग्राम वार पेय जल प्रदाय की वर्तमान स्थिति की जानकारी दें। **(ग)** बस्तर संभाग में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत अनियमिताओं के लेकर की गई शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? शिकायतवार जानकारी देवें। **(घ)** उक्त बिंदु "ग" अंतर्गत विभाग द्वारा गठित जांच दलों के निष्कर्ष में क्या-क्या कमियां पाई गई व इसके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 से प्रश्न दिनांक तक बस्तर संभाग के अन्तर्गत राशि रु. 206988.503 लाख का भुगतान डी.डब्ल्यू.एस.एम. से अनुमोदन लेने के उपरान्त किया गया है। भुगतान पश्चात कोई भी राशि अनुमोदन हेतु शेष नही है। जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जल जीवन मिशन के अंतर्गत कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामवार भुगतान एवं कार्य पूर्णता की स्थिति तथा ग्रामवार पेयजल प्रदाय की वर्तमान स्थिति की जानकारी**पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब**अनुसार है। **(ग)** बस्तर संभाग में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत अनियमितताओं को लेकर शिकायतों पर की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है। शिकायतवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है। **(घ)** उक्त बिंदु "ग" अंतर्गत विभाग द्वारा गठित जांच दलों के निष्कर्ष में पायी गयी व इसके विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है।

फैक्ट्री की युनिट बंद होने पर मजदूरों के व्यवस्थापन की प्रक्रिया

[वाणिज्य एवं उद्योग]

9. (*क्र. 4) श्री देवेन्द्र यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** उद्योग स्थापना नीति क्या है ? क्या उद्योग प्रबंधन अपनी फैक्ट्री में किसी भी मुख्य भाग का युनिट बंद कर सकता है ? **(ख)** यदि हाँ, तो उक्त स्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों के व्यवस्थापन की क्या प्रक्रिया है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) उद्योग स्थापना के संबंध में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अधिनियम (एमएसएमईडी एक्ट) के प्रावधानों के अनुरूप उद्योग की स्थापना होती है। उपरोक्त अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत उद्योग प्रबंधन अपनी फैक्ट्री के किसी भी भाग की इकाई को प्रारंभ अथवा बंद कर सकता है। **(ख)** फैक्ट्री बंद होने की स्थिति में श्रम कानूनों के अंतर्गत औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के प्रावधानों के अनुसार स्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों के व्यवस्थापन संबंधी प्रावधान **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

शहरी क्षेत्रों में अवारा कुत्तों के आतंक पर कृत कार्यवाही

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

10. (*क्र. 361) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में जनवरी 2024 से जून 2024 तक अवारा कुत्तों के काटने से कितने लोगों की मौत हुई है? क्या इस संबंध में प्रदेश के माननीय उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ? यदि हां तो कब? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार कुत्तों के काटने से हुई मौत की निकायवार जानकारी देवें? इस हेतु प्रभावित क्षेत्रों में एन्टी-रैबीज इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता थी या नहीं? यदि नहीं, तो क्यों ? **(ग)** आवारा कुत्तों के काटने से हुई मौत से प्रभावित परिवारों को कितनी-कितनी मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है? निकायवार जानकारी बतावें ? आवारा कुत्तों के नियंत्रण हेतु विभाग द्वारा क्या कार्यवाही ही जा रही है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में जनवरी 2024 जून 2024 तक आवारा कुत्तों के काटने से किसी भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई हैं। इस संबंध में प्रदेश के माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विभाग को कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं । **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार कुत्तों के काटने से प्रदेश की समस्त 184 नगरीय निकायों की जानकारी निरंक हैं । प्रश्न का शेष भाग विभाग से संबंधित नहीं हैं । **(ग)** आवारा कुत्तों के काटने से हुई मौत संबंधी जानकारी निरंक होने से मुआवजा भुगतान का प्रश्न उपस्थित नहीं होता । आवारा कुत्तों की आबादी को स्थिर/कम करने के लिए नसबंदी और टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है।

विधान सभा क्षेत्र लुण्ड्रा में प्रधानमंत्री नल-जल योजना की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

11. (*क्र. 389) श्री प्रबोध मिंज : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लुण्ड्रा विधान सभा क्षेत्र में नल-जल योजना कितने ग्रामों में स्वीकृत है ? **(ख)** नल-जल योजना स्वीकृत ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था कितने ग्रामों में पूर्ण होकर संचालित है? **(ग)** ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था शत-प्रतिशत कब तक चालू कर दी जावेगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) लुण्ड्रा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सभी 234 ग्रामों में नलजल योजना स्वीकृत हैं। **(ख)** नलजल योजना स्वीकृत ग्रामों में से 02 ग्रामों में पेयजल व्यवस्था पूर्ण कर संचालित है। **(ग)** ग्रामों में पेयजल की शत-प्रतिशत व्यवस्था वर्ष 2024 तक चालू किया जाना लक्षित है।

बिलासपुर नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01, 02, 03 एवं 04 के कार्य की मदवार जानकारी

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

12. (*क्र. 285) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 01, 02, 03 एवं 04 में विगत 03 वर्षों में अब तक कौन-कौन से कार्य किस-किस मद से स्वीकृत किए गए हैं? लागत सहित विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" के कौन-कौन से कार्य पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं? विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** कंडिका "क" के कार्य पूर्ण कराये

जाने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गयी है? यदि हां, तो विलंब के लिए किन-किन के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है? विस्तृत विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क),(ख) एवं **(ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

प्रदेश में स्थापित औद्योगिक एवं फूड पार्क

[वाणिज्य एवं उद्योग]

13. (*क्र. 240) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में अब तक राज्य सरकार द्वारा कितने औद्योगिक एवं फूड पार्क स्थापित किए गए हैं ? उनमें से कितने औद्योगिक एवं फूड पार्क संचालित हैं तथा कितने निर्माणधीन हैं ? विधानसभावार जानकारी देवें। **(ख)** जिला स्तरीय औद्योगिक एवं फूड पार्क में किस प्रकार के उद्योग एवं कितनी क्षमता तक के उद्योग लगाये जा सकते हैं ? विस्तृत जानकारी दीजिए । क्या राज्य सरकार द्वारा उद्योग लगाने हेतू भूमि इत्यादि में सब्सिडी देने का प्रावधान है ? यदि हाँ तो वित्तीय वर्ष 2023–24 में कितनी सब्सिडी किन-किन उद्योगों को दी गई, जानकारी देवें? **(ग)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत क्या किसी औद्योगिक एवं फूड पार्क की स्थापना की गई है ? यदि हाँ तो कौन–कौन से उद्योग स्थापित किए गए हैं? यदि औद्योगिक एवं फूड पार्क नहीं बना है, तो क्या किसी क्षेत्र का चयन भविष्य में स्थापना हेतु किया गया है ? अगर नहीं तो क्या इस पर विचार किया जावेगा ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) प्रदेश में अब तक राज्य सरकार द्वारा कुल 53 औद्योगिक क्षेत्र एवं 01 फूडपार्क स्थापित किए गए हैं एवं संचालित है। राज्य में 06 औद्योगिक क्षेत्र तथा 19 फूडपार्क निर्माणाधीन है। विधानसभावार **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** पर दर्शित है। **(ख)** सभी औद्योगिक क्षेत्रों एवं फूडपार्को में ''छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015'' के अनुसार निषिद्ध उद्योगों को छोड़कर शेष सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं वृहद श्रेणी के उद्योग लगाए जा सकते हैं। निषिद्ध उद्योगों की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** पर दर्शित है। औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों एवं फूडपार्को में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं उच्च प्राथमिकता तथा प्राथमिकता श्रेणी के उद्योगों को भू-प्रब्याजित था भू-भाटक में उद्यमी के वर्ग तथा उद्योग की श्रेणी के अनुसार छूट/रियायत देने का प्रावधान है। वर्गवार भू-आबंटन में छूट/रियायत का **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-स** पर दर्शित है। विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन के संदर्भ में उद्यमी के वर्ग तथा उद्योग की श्रेणी के अनुसार दी गई छूट/रियायत निम्नानुसार है:- 1- वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभिन्न जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के कुल 33 उद्यमियों को 1 रूपये प्रति एकड़ वार्षिक की दर से भूमि का आबंटन किया गया है। **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-द** पर दर्शित है। 2- औद्योगिक क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में सामान्य वर्ग के कुल 20 उद्योगों को भू-आबंटन पर भू-प्रीमियम में छूट/रियायत प्रदान की गई है। **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-इ** पर दर्शित है। **(ग)** वर्तमान में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र एवं फूडपार्क स्थापित नहीं किया गया है। तथापि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत फूडपार्क की स्थापना हेतु कबीरधाम जिले के ग्राम कुई, विकासखंड पंडरिया में कुल रकबा 11.498 हेक्टे. शासकीय भूमि का चयन किया गया है। भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही न्यायालय नायब तहसीलदार, कबीरधाम के समक्ष प्रक्रियाधीन है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

नल जल योजना में स्वीकृत पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यो की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

14. (*क्र. 85) श्री विनायक गोयल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत नलजल योजना 2021-22 से अब तक कितने कार्य प्रारंभ

कराये गये? **(ख)** इनमें से कितने कार्य पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं? **(ग)** इनमें से कितने कार्यो में गुणवत्ताहीन होने की शिकायत प्राप्त हुई है? **(घ)** विभाग द्वारा अब तक शिकायत प्राप्त एजेन्सियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई ? विस्तृत जानकारी दें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 270 नल जल योजना योजनाओं के कार्य वर्ष 2021-22 से अब तक प्रारंभ कराये गये है। **(ख)** इनमें से 21 योजनाओं के कार्य पूर्ण है एवं 249 योजनाओं के कार्य अपूर्ण है। **(ग)** इनमें से किसी भी कार्यों में गुणवत्ताहीन होने की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। **(घ)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

बेलतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जल जीवन मिशन के स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

15. (*क्र. 167) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत जलजीवन मिशन में वर्ष 2020-21 से जून, 2024 तक कितनी कितनी राशि के, कितने कितने कार्य, कहाँ कहाँ स्वीकृत किये गये ? योजनांतर्गत कितने घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें । **(ख)** प्रश्नांश "क" के स्वीकृत कार्य किन किन फर्मो / ठेकेदारों को प्रदाय किये गये ? कार्यों को पूर्ण करने की समय सीमा क्या निर्धारित थी ? कितने कार्य पूर्ण तथा कितने कार्य किन कारणों से अपूर्ण एवं अप्रारम्भ हैं ? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे? **(ग)** क्या प्रश्नांश "क" के स्वीकृत कार्यों में अनियमितता अथवा गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग / भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? कार्यवार जानकारी उपलब्ध करावें ।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बेलतरा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत जल जीवन मिशन में वर्ष 2020-21 से जून, 2024 तक राशि रु. 9449.47 लाख के 101 कार्य स्वीकृत किये गये। स्वीकृत किये गये ग्रामवार कार्यो एवं स्वीकृत लागत राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। योजनांतर्गत 34781 घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** स्वीकृत कार्य जिन फर्मों/ठेकेदारों को प्रदाय किये गये है, की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। कार्यो को पूर्ण करने की समय-सीमा की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। कार्य पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ की कारण सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। अपूर्ण कार्यो को वर्ष 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।**(ग)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

जिला-जांजगीर-चांपा अंतर्गत जल जीवन मिशन के स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

16. (*क्र. 176) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चाम्पा जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत कितने कार्य स्वीकृत हुए हैं तथा किन फर्मों को किस दर पर कार्य आदेश जारी किये गए हैं? उक्त कार्य कब तक पूर्ण करने थे? वर्तमान स्थिति क्या है? कितने कार्य पूर्ण हैं? जल जीवन मिशन से कौन-कौन से गांवों में पानी आपूर्ति की जा रही है तथा कौन से कार्य निर्धारित समय में अपूर्ण/अप्रारंभ हैं? उपरोक्तानुसार कार्यों हेतु कितना भुगतान किया गया है व कितनी राशि भुगतान हेतु शेष है? वर्षवार, फर्मवार, कार्यवार एवं विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** जल जीवन मिशन के कार्यों में किस ग्रेड की सामग्री का उपयोग किया गया है? जल जीवन मिशन अंतर्गत किन कार्यों की गुणवत्ता संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई अथवा संज्ञान में आई हैं? शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई हैं? ग्रामवार, विकासखण्डवार जानकारी प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जांजगीर-चाम्पा जिले में जल जीवन मिशन

योजनांतर्गत कुल 879 कार्य स्वीकृत हुये है। सोलर आधारित नल जल योजना, एकल ग्राम योजना, रेट्रोफिटिंग योजना एवं समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत फर्मों को जिस दर पर कार्यादेश जारी किये गये है, की फर्मवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। सोलर पंप स्थापना हेतु क्रेडा को आबंटित कार्य की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। रनिंग वाटर से पेयजल व्यवस्था अंतर्गत पंचायतों को जारी कार्यो की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है। उक्त कार्यो को कार्यादेश अनुसार पूर्ण करने की तिथि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, ब एवं स** अनुसार है। कार्यो के वर्तमान स्थिति की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, ब एवं स** अनुसार है। अद्यतन में 582 कार्य पूर्ण है। जल जीवन मिशन से पानी की आपूर्ति की जा रही ग्रामों की जानकारी तथा कार्य निर्धारित समय में अपूर्ण/अप्रारंभ है, की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, ब एवं स** अनुसार है। उपरोक्तानुसार कार्यो हेतु राशि रु. 41248.58 लाख का भुगतान किया गया व राशि रु. 28573.37 लाख का भुगतान शेष है। कार्यादेश की वर्षवार जानकारी तथा फर्मवार, कार्यवार एवं विकासखण्डवार भुगतान की राशि एवं भुगतान हेतु शेष राशि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, ब एवं स** अनुसार है। **(ख)** जल जीवन मिशन के कार्यो में निविदा में उल्लेखित मानक के अनुसार सामग्री का उपयोग किया गया है। जल जीवन मिशन अंतर्गत जिन कार्यो की गुणवत्ता संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई है अथवा संज्ञान में आयी है, उन शिकायतों पर की गई कार्यवाही की ग्रामवार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द** अनुसार है।

राजनांदगांव जिले में स्थित राईस मिलों का निरीक्षण

[वाणिज्य एवं उद्योग]

17. (*क्र. 264) श्री भोलाराम साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** राजनांदगांव जिले में कहां-कहां पर, किन-किन फर्म के नाम से राइस मिल संचालित हैं ? विकासखंडवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका "क" के राईस मिल से डस्ट एवं दूषित पानी निकलने की कहाँ-कहाँ से शिकायत प्राप्त हुई हैं ? क्या विभाग द्वारा इन राईस मिल्स के निरीक्षण वर्ष 2023 से जून, 2024 तक में किया गया ? यदि हां, तो क्या-क्या अनियमितता पाई गई तथा इन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : राजनांदगांव जिले में कुल- 110 राईस मिल संचालित एवं विभाग में पंजीकृत हैं। विकासखंडवार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र	विकासखंड का नाम	राईस मिलों की संख्या
1	राजनांदगांव	56
2	डोंगरगढ़	21
3	डोंगरगांव	22
4	छुरिया	11
योग		**110**

विकासखंडवार फर्म के नाम सहित राईस मिल की सूची **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** पर दर्शित है। **(ख)** कंडिका "क" के राईस मिल से डस्ट एवं दूषित पानी निकलने की कुल-03 शिकायतें क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मंडल, भिलाई जिला दुर्ग को निम्नानुसार प्राप्त हुई:-
1. मे. श्रद्वा राईस मिल, ग्राम-सांकरा विकासखंड, राजनांदगांव। 2. मे. जनता इण्डस्ट्रीज, ग्राम पैरी, विकासखंड, डोंगरगांव। 3. मे. अन्नपूर्णा इण्डस्ट्रीज, ग्राम जंगलपुर विकास खंड डोंगरगांव। क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण संरक्षण मंडल, भिलाई जिला दुर्ग द्वारा वर्ष 2023 से जून, 2024 तक उक्त इकाईयों का निरीक्षण किया गया। प्राप्त तीन शिकायतों में से दो शिकायत क्रमांक 01 एवं 03 सही नहीं पायी गयी एवं एक शिकायत क्रमांक 02 सही पायी गयी। उक्त इकाई का निरीक्षण किया जाकर नोटिस जारी किया गया। इकाई द्वारा नोटिस के परिपालन में पर्यावरण प्रदूषण संबंधी आवश्यक सुधार कार्य किया जा चुका है, **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** में **संलग्न** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छ:"]

विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

18. (*क्र. 223) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक कौन-कौन से कार्य, किन योजनाओं से, कितनी लागत राशि से स्वीकृत किये गये हैं ? योजनावार एवं ग्रामवार विवरण देवें। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार क्या ग्रामों में निर्माण कराये जा रहे पानी टंकी निर्माण गुणवत्ता-विहीन होने तथा अनेक स्थानों पर निर्माणाधीन सड़कों को अधूरा छोड़ने की शिकायत प्राप्त हुई है ? **(ग)** यदि हां, तो उक्त कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक जल जीवन मिशन योजना से रेट्रोफिटिंग नलजल, एकल ग्राम नलजल एवं सोलर आधारित नलजल कार्य तथा बसाहटों, गौठानों, मुक्तिधाम, स्वास्थ्य केन्दों एवं स्कूलों/आंगनबाड़ी केंद्रों में नलकूप खनन कार्य लागत रु. 38642.49 लाख के स्वीकृत किये गये हैं। योजनावार एवं ग्रामवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

ए.पी.एस. के संबंध में आर्थिक अनियमितता

[लोक निर्माण]

19. (*क्र. 314) श्री आशा राम नेताम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या वित्तीय वर्ष 2019-20 से वित्तीय वर्ष 2022-23 तक कांकेर जिले में मरम्मत रंगाई-पोताई कार्यो में ए.पी.एस. (बिलों की राशि) के संबंध में आर्थिक अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई है? यदि हां, तो इन शिकायतों की किस स्तर पर और क्या जॉच हुई है? जॉच में किन-किन अधिकारी और ठेकोदारों को दोषी पाया गया है एवं किन-किन पर कार्यवाही की गई है? अगर नहीं की गई है तो कार्यवाही कब से लंबित है और क्यों?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हॉ। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

20. (*क्र. 192) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक कौन-कौन से कार्य, किन योजनाओं से कितनी लागत राशि से स्वीकृत किये गये हैं, योजनावार एवं ग्रामवार विवरण देवें। **(ख)** क्या ग्रामों में निर्माण कराये जा रहे पानी टंकी निर्माण गुणवत्ता-विहीन होने तथा अनेक स्थानों पर निर्माण हेतु सडकों एवं गली,चौक-चौराहों की खोदाई करके छोड़े जाने की प्राप्त शिकायत एवं ऐसे अधूरे कार्यों का विवरण देवें। **(ग)** प्रश्नांक ''ख'' के अनुसार उक्त कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि दिनांक 05.07.2024 तक जल जीवन मिशन योजना से रेट्रोफिटिंग नलजल, एकल ग्राम नलजल एवं सोलर आधारित नलजल एवं स्कूल/आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग वाटर कार्य तथा बसाहटों, गौठानों, मुक्तिधाम, स्वास्थ्य केन्दों एवं स्कूलों/आंगनबाड़ी केंद्रों में नलकूप खनन कार्य लागत रू. 21264.545 लाख के स्वीकृत किये गये हैं। योजनावार एवं ग्रामवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** ग्रामों में निर्माण कराये जा रहे पानी टंकी निर्माण गुणवत्ता-विहीन होने तथा अनेक

स्थानों पर निर्माण हेतु सडकों एवं गली, चौक-चौराहों की खोदाई करके छोड़े जाने संबंधी कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है एवं ऐसे अधूरे निर्माण कार्यो का विवरण निरंक है।**(ग)** प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के उद्योगों में हुई दुर्घटनायें

[श्रम]

21. (*क्र. 198) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छतीसगढ़ प्रदेश के कितने उद्योगों, फैक्ट्रीयों में जनवरी वर्ष 2023 से कितने विस्फोट आदि हादसे, हानि हुई है ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' दुर्घटनाओं के प्रकरणों में कितने फैक्ट्री, उद्योग मालिकों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई, जिलावार, उद्योगवार बतायें ? **(ग)** उक्तावधि में उद्योगों, फैक्ट्रीयों में घटित घटनाओं से प्रभावित व्यक्तियों को कितना-कितना मुआवजा दिया गया तथा क्या सुविधा दी गई, अलग अलग बतायें एवं व्यय राशि के लिए कौन जिम्मेदार है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश के 03 उद्योगों/ फैक्ट्रीयों में जनवरी 2023 से दिनांक 30.06.2024 तक 03 विस्फोट हादसे हुए है। जिलावार एवं उद्योगवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांश "क" दुर्घटनाओं के प्रकरणों में फैक्ट्री/उद्योग मालिकों पर की गई कार्यवाही की जिलावार, उद्योगवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ग)** प्रश्नांश "क" के परिप्रेक्ष्य में घटित 03 घटनाओं से प्रभावित व्यक्तियों को दिए गए मुआवजा एवं सुविधा की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। व्यय राशि के लिए संबंधित कारखाने के कारखाना प्रबंधन जिम्मेदार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]**

बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

22. (*क्र. 149) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के कौन कौन से ग्रामों में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत नल कनेक्शन एवं पानी टंकी निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है? कौन-कौन से ग्रामों में कार्य प्रगतिरत है एवं कौन-कौन से ग्रामों में किन कारणों से लंबित है? उक्त निर्माण कार्यो की निविदा किस स्तर पर की गयी है एवं कौन-कौन सी ऐजेंसी द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण किया गया अथवा कार्य किया जा रहा है? **(ख)** बीजापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत 03 वर्षो में कौन-कौन से ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य स्वीकृत हुए हैं, वर्षवार विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** कंडिका 'ख' के कितने कार्य पूर्ण हैं एवं कितने कार्य अपूर्ण हैं? विस्तृत वर्णन देवें? **(घ)** कंडिका 'ग' के अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे? विस्तृत विवरण देंवें? नहीं तो कारण सहित उल्लेख करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत नल कनेक्शन एवं पानी टंकी निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, की ग्रामवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। प्रगतिरत कार्यो एवं लंबित कार्यो की कारण सहित ग्रामवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। उक्त निर्माण कार्यो की निविदा जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, बीजापुर के स्तर पर की गयी है एवं निर्माण कार्य पूर्ण किये गये अथवा कार्य किया जा रहा है कि, एजेंसीवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** बीजापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत 03 वर्षो में जल जीवन मिशन योजना के तहत स्वीकृत कार्य की ग्रामवार एवं वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है।**(ग)** कंडिका 'ख' के 229 कार्य पूर्ण हैं एवं 85 कार्य अपूर्ण है। विस्तृत विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(घ)** कंडिका 'ग' के अपूर्ण कार्य वर्ष 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

जिला बालोद में जल जीवन मिशन एवं अन्य पेयजल योजनाओं के लिए स्वीकृत राशि एवं कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

23. (*क्र. 152) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनांक 27 जून, 2024 तक की अवधि में जिला बालोद में जल जीवन मिशन एवं अन्य पेयजल योजनाओं के अंतर्गत कितनी राशि के कुल कितने कार्य स्वीकृत किये गये हैं? वर्षवार, मदवार, कार्यवार, विधान सभा क्षेत्रवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका 'क' में स्वीकृत कितने कार्य पूर्णता उपरांत पेयजल हेतु उपयोग में लाये जा रहे हैं? कितने पेयजल कार्य पूर्ण हैं लेकिन क्रियाशील नहीं है? कितने कार्य किन कारणों से अपूर्ण या अप्रारंभ हैं, जानकारी देवें? **(ग)** निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई है, जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनांक 27 जून 2024 तक की अवधि में जिला बालोद में जल जीवन मिशन एवं अन्य पेयजल योजनाओं के अंतर्गत राशि रू. 96427.97 लाख के कुल 1245 कार्य स्वीकृत किये गये है। वर्षवार, मदवार, कार्यवार, विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** कंडिका 'क' में स्वीकृत 631 योजनाओं में कार्य पूर्णता उपरांत पेयजल प्रदाय किया जा रहा है, जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। कंडिका 'क' के अनुसार 104 कार्य पूर्ण है, लेकिन क्रियाशील नहीं है। कंडिका 'क' में स्वीकृत 1245 पेयजल योजनाओं में से 510 कार्य अपूर्ण/प्रगतिरत योजनाओं की कारण सहित जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। कार्य अप्रारंभ योजनाओं की संख्या निरंक है। **(ग)** निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

जिला रायगढ़ अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के कार्यों की जानकारी

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

24. (*क्र. 102) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जून, 2024 तक की स्थिति में कितने कार्य स्वीकृत हुए हैं कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं ? अपूर्ण कार्य के क्या कारण हैं? कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे? **(ख)** क्या निर्माणधीन कार्य में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ? यदि नही तो कब तक की जाएगी? **(ग)** वर्तमान स्थिति में कितने ग्राम पंचायत में कार्य पूर्ण होने के बाद कितने घरों में नल का पानी घरों तक पहुंच रहा है, कितने घरों में नल से पानी नही पहुंच रहा है, पानी पहुंचने हेतु क्या उपाय किए जा रहे है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) जिला रायगढ़ अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जून, 2024 तक की स्थिति में 1348 कार्य स्वीकृत हुए है। 175 कार्य पूर्ण हो चुके है। अपूर्ण कार्य का कारण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। अपूर्ण कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। **(ख)** निर्माणाधीन कार्य में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नही हुई है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।**(ग)** वर्तमान स्थिति में 35 ग्राम पंचायतों में कार्य पूर्ण होने के बाद 14950 घरों में नल का पानी पहुंच रहा है। कार्य पूर्णता के बाद भी नल से पानी नही पहुंचने वाले घरों की संख्या निरंक है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

जांजगीर-चांपा जिले के जांजगीर-पीथमपुर मार्ग का चौड़ीकरण कार्य

[लोक निर्माण]

25. (*क्र. 183) श्री ब्यास कश्यप : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जांजगीर-चांपा जिले के जांजगीर-पीथमपुर मार्ग व्हाया जर्वे-पिसौद के चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण कर लिया गया है? यदि हां तो कब? क्या अधिग्रहित भूमि का मुआवजा वितरित किया जा चुका है? यदि हां तो कब और यदि नहीं तो क्यों? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अनुसार क्या नाबार्ड के द्वारा जांजगीर-

पीथमपुर मार्ग व्हाया ग्राम जर्वे-पिसौद के चौड़ीकरण एवं उन्नयन के लिए स्वीकृति दी जा चुकी है? यदि हां तो कार्य अब तक प्रारंभ/पूर्ण क्यों नही हो सका है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी नहीं। **(ख)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

अधोसंरचना एवं मुख्यमंत्री घोषणा मद अंतर्गत कार्य की स्वीकृति पश्चात अप्रारम्भ कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

1. (क्र. 5) श्री देवेन्द्र यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर पालिक निगम, भिलाई में अधोसंरचना एवं मुख्यमंत्री घोषणा मद अंतर्गत कार्य की स्वीकृति पश्चात कितने कार्य प्रारंभ नहीं किए हैं ? **(ख)** किन कारणों से कार्य प्रारंभ नहीं किए गए हैं **(ग)** क्या सभी कार्य निरस्त कर दिए गए हैं? यदि हाँ तो क्यों ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगरपालिक निगम, भिलाई में अधोसंरचना एवं मुख्यमंत्री घोषणा मद अंतर्गत कुल स्वीकृत 458 कार्यो में से 223 कार्य पूर्ण, 42 कार्य प्रगतिरत है। कार्य की स्वीकृति पश्चात 193 कार्य प्रारंभ नहीं किए हैं ।**(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** जीनहीं, सभी कार्य निरस्त नहीं किये गये है। विभाग के पत्र दिनांक 27.02.2024 अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 193 कार्य जो अद्यतन अप्रारंभ है, को निरस्त किये गये है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के सड़कों की मरम्मत

[लोक निर्माण]

2. (क्र. 11) श्रीमती गोमती साय : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत वर्ष 2021 से जून, 2024 तक किन-किन सड़कों की स्वीकृति हुई? किन-किन सड़कों को वित्त विभाग से स्वीकृति मिल चुकी है? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अंतर्गत कौन-कौन सी सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है? किन-किन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ है?किन-किन सड़कों का निर्माण कार्य आज पर्यन्त प्रारंभ नहीं हुआ है? इसके क्या कारण हैं? **(ग)** विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की कौन-कौन सी सड़कों की 5 वर्ष की संधारण अवधि पूर्ण हो चुकी हैं? उन पुरानी एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के किसी भी मार्ग का 05 वर्ष की संधारण अवधि पूर्ण नहीं हुई है। पुरानी एवं मरम्मत योग्य सड़कों का आवश्यकतानुसार मरम्मत कराया गया है एवं कराया जाता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सडकों की मरम्मत

[लोक निर्माण]

3. (क्र. 17) श्री दिलीप लहरिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक कितने नवीन सड़कों की स्वीकृति,निर्माण कार्य एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत का कार्य हुआ है? बजट में प्रावधानित, वर्षवार, व्ययवार एवं सड़क वार जानकारी देवें। **(ख)** मार्गों की अद्यतन स्थिति क्या है? यदि जून, 2024 तक सड़कों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य नहीं किया गया है तो क्यों? यदि किया गया है तो उस पर कितनी राशि व्यय की गई है? सड़क वार जानकारी देवें ? **(ग)** लोक

निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मस्तूरी में कितने सड़क मार्ग हैं एवं कितने प्रस्तावित हैं? सड़क वार जानकारी देवें? **(घ)** प्रश्नांकित अवधि में मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री सड़क/ मुख्यमंत्री सड़क योजना में कितनी सड़कों का निर्माण, मरम्मत एवं संधारण का कार्य शेष है? इन्हें कब तक पूर्ण किया जावेगा? समयावधि बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) लोक निर्माण विभाग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ', 'ब' एवं 'स'** अनुसार है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की जानकारी कार्यालय परियोजना क्रियान्वयन ईकाई छ.ग. ग्रा.स.वि. अभिकरण जिला बिलासपुर (छ.ग.) से प्राप्त कर जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'द'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(ग)** लोक निर्माण विभाग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ', 'ब' एवं 'स'** अनुसार है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की जानकारी कार्यालय परियोजना क्रियान्वयन ईकाई छ.ग. ग्रा.स.वि. अभिकरण जिला बिलासपुर (छ.ग.) से प्राप्त कर जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'द' अनुसार** है। **(घ)** लोक निर्माण विभाग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ', 'ब' एवं 'स'** अनुसार है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की जानकारी कार्यालय परियोजना क्रियान्वयन ईकाई छ.ग. ग्रा.स.वि. अभिकरण जिला बिलासपुर (छ.ग.) से प्राप्त कर जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'द'** अनुसार है।

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के नगरीय निकायों में अवैध अतिक्रमण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

4. (क्र. 24) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका दल्लीराजहरा, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा, डौण्डी एवं चिखलाकसा में शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर कितने लोगों के द्वारा दुकानें संचालित की जा रही हैं, निकायवार जानकारी देवें ? **(ख)** निकायों में उक्त अवैध अतिक्रमण को हटाने हेतु कितने लोगों (दुकानदारों) को नोटिस दिया गया है। निकायवार/नामवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है ।** **[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]**

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में जल आवर्धन योजना

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

5. (क्र. 25) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा अंतर्गत नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में जल आवर्धन योजना का कार्य कब स्वीकृत हुआ एवं इस हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई है, जानकारी देवें ? **(ख)** स्वीकृति अनुसार वर्तमान में कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया है एवं कितनी राशि व्यय हो चुकी है, अद्यतन जानकारी देवें ? **(ग)** प्रश्नांकित कार्य कब तक पूर्ण कर निकाय क्षेत्र में घर-घर जल प्रदाय कार्य प्रारंभ किया जावेगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा अंतर्गत नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में जल आवर्धन योजना शासन के आदेश दिनांक 04.06.2016 द्वारा राशि रु. 3165.66 लाख की स्वीकृति हुई है। **(ख)** योजनांतर्गत 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं अद्यतन में राशि रू. 2563.95 लाख का व्यय हो चुका है। **(ग)** स्वीकृत कार्य पूर्ण करने की निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है ।

नगर पालिका परिषद, रतनपुर में विद्युत पोल विस्तार कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

6. (क्र. 28) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नगर पालिका परिषद, रतनपुर में हो रहें विद्युत पोल विस्तार का कार्य किस योजना एवं वर्ष द्वारा कितनी राशि से स्वीकृत है? **(ख)** पोल विस्तार कार्य के निविदा अथवा शासकीय मापदण्ड में एल.ई.डी लाईट आईएसआई अथवा आईएसओ गुणवत्ता वाले लगाने की थी कि नहीं तथा नगर पालिका परिषद द्वारा कौन सी गुणवत्ता वाली एल.ई.डी लाईट लगाई जा रही है? **(ग)** निविदा एवं शासकीय मापदण्ड में पोल कौन से गुणवत्ता के लगाने के थे तथा कौन से गुणवत्ता के लगाए जा रहे है? निविदा एवं शासकीय मापदण्ड में पोल लगाने की दूरी अथवा अंतर क्या निर्धारित है तथा कितने अंतर में पोल की स्थापना की जा रही है? **(घ)** पोल विस्तार कार्य में पोल खड़ा करने की गहराई, बेसप्लेट अर्थिंग, कांक्रीट फाउनडेशन एवं केबल का मापदंड क्या निर्धारित किया गया है तथा उक्त मापदण्ड के विरूध्द क्या कार्य किया जा रहा है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगर पालिका परिषद् रतनपुर में हो रहे विद्युत पोल विस्तार का कार्य 15वें वित्त आयोग (केन्द्र प्रवर्तित योजना) के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में राशि रू. 354.07 लाख स्वीकृत है। **(ख)** जी हाँ। पोल विस्तार कार्य के लिए प्राक्कलन में आई.एस.ओ./आई.एस.आई. गुणवत्ता की लाईट लगाने का प्रावधान है। संबंधित ठेकेदार से निकाय के द्वारा आई.एस.ओ./आई.एस.आई. गुणवत्ता की लाईट लगाने का कार्य प्रगतिरत है। **(ग)** निविदा एवं शासकीय मापदण्ड में ट्यूबलर पोल आई.एस. 2713 लगाये जाने का प्रावधान है। निकाय द्वारा ट्यूबलर ई.एस. 2713 लगाया जा रहा है। प्राक्कलन के अनुसार एक पोल से दूसरे पोल की दूरी 18 से 20 मीटर पर लगाये जाने का प्रावधान है। इसी अनुसार कार्य किया जा रहा है। **(घ)**पोल विस्तार कार्य में पोल खड़ा करने की गहराई - प्रतिपोल 01 मीटर। बेसमेंट - ट्यूबलर पोल में बेसप्लेट होता है जिसका साईज 300X300X6mm का प्रावधान है जो संबंधित ठेकेदार द्वारा ट्यूबलर पोल के बेस में लगाया गया है। अर्थिंग - प्राक्कलन में औसतन प्रति 05 पोल में 01 आर्थिंग लगाया जाना है। कार्य प्रगति पर है। कांक्रीट फाउनडेशन - प्रति पोल 01 क्यूबिक मीटर है। केबल की मापदण्ड - प्राक्कलन में पी.व्ही.सी. इंसुलिटेड स्टील आर्मड एल्युमिनियम केबल 4X16Sq.mmका लगाया जाना है। वर्तमान में कार्य प्रगतिरत है निर्धारित मापदण्ड के अनुसार ही कार्य संपादन कराया जावेगा।

मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित राशि स्टील एवं पावर प्लांट के संचालन हेतु नियम शर्ते

[वाणिज्य एवं उद्योग]

7. (क्र. 31) श्री दिलीप लहरिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित राशि स्टील एवं पावर प्लांट के संचालन के लिए क्या-क्या नियम शर्ते निर्धारित हैं, विस्तृत जानकारी देवे। उन शर्तो का पालन किया गया है कि नहीं, यदि नहीं तो क्यों और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है? **(ख)** औद्योगिक नीति एवं पुनर्वास नीति के अनुसार कितने स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है? यहां कुल कितने कर्मचारी कार्यरत हैं, इसमें कितने कर्मचारी स्थानीय हैं? **(ग)** राशि स्टील एवं पावर प्लांट के विरुद्ध विगत 03 वर्ष में कितने शिकायतें प्राप्त हुई हैं तथा उन पर क्या कार्यवाही की गयी है? विस्तृत जानकारी देवे।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मेसर्स राशि स्टील पावर प्लांट, ग्राम-पाराघाट, तहसील-मस्तूरी, जिला-बिलासपुर में स्थापित है। इकाई के संचालन हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा संचालन की अनुमति प्रदान की जाती है। मंडल द्वारा इकाई को जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 25/26 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के तहत् सघन वृक्षारोपण, शून्य निस्सारण स्थिति, जल एवं वायु प्रदूषण हेतु समुचित व्यवस्था उचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था, आदि प्रमुख शर्तो के साथ संचालन की अनुमति प्रदान की गई है।उद्योग का संचालन सम्मति में निहित शर्तों के अनुपालन के संबंध में छत्तीगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा समय-समय पर उद्योग का निरीक्षण किया जाता है। राशि स्टील एवं पावर प्लांट के विरूद्ध विगत 03 वर्ष में कुल 03 शिकायतें प्राप्त हुई है। क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, के

प्रतिवेदन अनुसार जांच में विगत 03 वर्षो में प्राप्त कुल 03 शिकायतों में से 01 शिकायत सही एवं अन्य 02 शिकायत निराधार पाई गई है। सही पाई गई शिकायत में इकाई के विरूद्ध जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 31 ''क'' के तहत् दिनांक 01.04.2022 को 1,25,10,000/- राशि पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। प्रकरण जिला न्यायालय में बिलासपुर में विचाराधीन है। **(ख)** जहां तक औद्योगिक नीति एवं पुनर्वास नीति के अनुसार कितने स्थानीय लोगों का रोजगार दिये जाने का प्रश्न है, इकाई निजी भूमि पर स्थापित है। अतः पुनर्वास नीति के प्रावधान इकाई पर लागू नही है। औद्योगिक नीति 2014-19 के कार्यकाल में दिनांक 13.12.2014 से उत्पादन में आई है, नीति के अंतर्गत प्रावधानित आर्थिक निवेश प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए अनुबंध अवधि में अकुशल श्रेणी में 90 प्रतिशत, कुशल श्रेणी में 50 प्रतिशत एवं प्रबंधकीय श्रेणी में 33 प्रतिशत स्थानीय निवासियों को रोजगार प्रदान किया जाना आवश्यक होगा। उपरोक्त नीति में इकाई को कोर सेक्टर श्रेणी में पात्रता के अनुसार मात्र स्टांप शुल्क से छूट प्रदान की गई है। वर्तमान में इकाई में कुल 416 कर्मचारियों को रोजगार दिया गया है, जिनमें से 358 कर्मचारी छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी हैं। **(ग)** राशि स्टील एवं पावर प्लांट के विरूद्ध विगत 03 वर्ष में कुल 03 शिकायत प्राप्त हुई है। क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार कुल 03 शिकायत में से 02 शिकायत की जांच में निराधार पाई गई है। सही पाई गई शिकायत में इकाई के विरूद्ध जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 31 ''क'' के तहत दिनांक 01.04.2022 को 1,25,10,000/- राशि पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। प्रकरण जिला न्यायालय बिलासपुर में विचाराधीन है। क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, का प्रतिवेदन विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

बजट में शामिल कार्यो की स्वीकृति

[लोक निर्माण]

8. (क्र. 40) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी क्षेत्र अंतर्गत पूर्व बजट में शामिल सड़क/पुल-पुलिया निर्माण कार्यो में से कितने कार्यो की स्वीकृति संबंधित विभाग को प्रदान की गयी है, कार्यवार सूची उपलब्ध कराएं। वर्तमान में अगर स्वीकृति प्रदान नही की गई है, तो बजट में शामील सड़क/पुल-पुलिया निर्माण कार्यो की स्वीकृति कब तक प्रदान की जावेगी कृपया समय-सीमा बताने का कष्ट करें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : पूर्व बजट-25 कार्य स्वीकृत, वर्तमान बजट में स्वीकृत कार्यों की संख्या - निरंक, जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

बस्तर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत कार्यों की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

9. (क्र. 52) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र बस्तर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत् कौन-कौन से ग्राम पंचायतों के कितने ग्रामों में पाईप लाईन बिछाव व कितने घरों में नल कनेक्शन दिये जाने का लक्ष्य निर्धारित है? इसके अंर्तगत कहां-कहां पानी टंकी का निर्माण किया जाना था ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिपेक्ष्य में कार्य पूर्णता, अपूर्णता व अप्रारंभ तथा बंद कार्यों की जानकारी देंवे ? **(ग)** कितने ग्राम पंचायतों के कितने घरों में पानी सप्लाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है ?कृपया बतावें ? **(घ)** ये सभी कार्य कब तक पूर्ण किये जाने थे तथा अब यह कब तक पूर्ण कर लिये जाने का नवीन लक्ष्य रखा गया है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र बस्तर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत 135 ग्राम पंचायतों के 173 ग्रामों में पाईप लाईन बिछाव व 49,593 घरों में नल कनेक्शन दिये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके अंतर्गत जिन ग्रामों में पानी टंकी का निर्माण किये जाने की ग्रामवार

जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिपेक्ष्य में पूर्ण कार्य, अपूर्ण कार्य व अप्रारंभ कार्य तथा बंद कार्यो की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** 95 ग्राम पंचायतों के 12467 घरों में पानी सप्लाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(घ)** अनुबंध अनुसार कार्य पूर्णता की तिथि **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। यह कार्य वर्ष 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।

जगदलपुर शहर स्थित दलपत सागर (तालाब) एवं गंगामुण्डा तालाब का सौदर्यीकरण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

10. (क्र. 53) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बस्तर अंतर्गत जगदलपुर शहर स्थित दलपत सागर (तालाब) एवं गंगामुण्डा तालाब में वर्ष 2020-21 से अब तक सौंदर्यीकरण, स्वच्छता एवं जलकुंभी को हटाये जाने हेतु क्या-क्या कार्य किये गये ? स्वीकृत कार्य, स्वीकृत राशि, व्यय की स्थिति वर्षवार बतावें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' की तालाबों से जलकुंभी को हटाये जाने हेतु विभाग की कोई कार्ययोजना है? यदि हां, तो जानकारी देवें ? **(ग)** क्या इन तालाबों के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता व जलकुंभी हटाने हेतु किये गये कार्यों के संबंध में कोई शिकायत हुई? यदि हां तो उस पर हुई कार्यवाही की जानकारी दें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला बस्तर अंतर्गत जगदलपुर शहर स्थित दलपत सागर (तालाब) एवं गंगामुण्डा तालाब में वर्ष 2020-21 से अब तक सौंदर्यीकरण, स्वच्छता एवं जलकुंभी को हटाये जाने हेतु राशि रू. 439.00 लाख स्वीकृत, राशि रू. 380.00 लाख जारी एवं राशि रू. 327.48 लाख व्यय किया गया है। वर्षवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** एवं **(ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

रायपुर स्मार्ट सिटी के चल रहें पूर्ण एवं अपूर्ण प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

11. (क्र. 59) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजधानी रायपुर में रायपुर स्मार्ट सिटी आरंभ होने से लेकर कुल कितने प्रोजेक्ट स्वीकृत थे? कितने चल रहें है? कितने पूर्ण हो चुके हैं, कितने प्रोजेक्ट अपूर्ण है? इनके अपूर्ण होने के क्या कारण है? पूर्ण/अपूर्ण प्रोजेक्ट दोनों की पूर्ण जानकारी कार्य एजेंसी नाम सहित कार्यवार देवें। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' में उल्लेखित अनुसार जो प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी आरंभ होने से लेकर अब तक पूर्ण हो चुके, उनकी अद्यतन स्थिति क्या है तथा इनका मेनटेनेंस किया जा रहा है अथवा नही? हां तो किसके द्वारा, नहीं तो क्यों ? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' में उल्लेखित कौन कौन से प्रोजेक्ट पूर्ण होने के पश्चात मेनटेनेंस के अभाव में खराब हो गये? इसकी जिम्मेदारी किसकी है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड अंतर्गत कुल 312 परियोजनाएं स्वीकृत है जिसमे से कुल 294 परियोजनाएं पूर्ण तथा 18 परियोजनाएं प्रगतिरत है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा वर्तमान समय तक कुल 294 परियोजनाएं पूर्ण किए गए है जिनका संधारण रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड अथवा हस्तांतरित एजेंसी द्वारा किया जाता है। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।**(ग)** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किये गये सभी कार्य वर्तमान में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड अथवा हस्तांतरित एजेंसी द्वारा संधारित किये जा रहे हैं। **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

रायपुर नगर में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु अमृत मिशन योजना की अद्यतन स्थिति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

12. (क्र. 60) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजधानी रायपुर के निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु चलाई गई योजना J.N.N.U.R.M के अंतर्गत रायपुर नगर जल प्रदाय योजना/अमृत मिशन योजना जो सुडा स्मार्ट सिटी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा नगर निगम रायपुर द्वारा क्रियांवित की गई, क्या इसके डी.पी.आर तैयार कराये गये थे? यदि हां, तो इस डी.पी.आर. का परीक्षण किसके द्वारा किया गया? नगर निगम रायपुर के अधिकारी गणों द्वारा या अन्य विभाग द्वारा? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' में उल्लेखित अनुसार यदि डी.पी.आर. तैयार किये गये थे तो क्या इन डी.पी.आर. का मिलान किया गया? यदि हां, तो किसके द्वारा तथा कितनी जगह इसमें ओवर लेपिंग पाई गई? **(ग)** क्या आज की स्थिति में भी पाईप लाईन बिछाने के क्षेत्र शेष है? यदि हां तो क्यों तथा कौन-कौन से पूर्ण विवरण देवें? क्या इस हेतु फिर कोई प्रोजेक्ट तैयार किया गया है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) राजधानी रायपुर के निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु केन्द्र शासन की अमृत मिशन योजना को नगर निगम रायपुर द्वारा क्रियांवित किया गया है। उक्त योजना का डीपीआर राज्य शासन द्वारा नियुक्त परियोजना विकास व प्रबंधन परामर्शदाता पीडीएमसी के द्वारा तैयार कराया गया था। उक्त डीपीआर का परीक्षण निकाय स्तर पर जोन में पदस्थ जल कार्य के अभियंताओं द्वारा किया गया है, जिसका अनुमोदन राज्य स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा किया गया है। **(ख)** अमृत मिशन योजना के तहत् तैयार किये गये डीपीआर में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के एबीडी एरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित गंज मण्डी व कुशालपुर पानी टंकी योजना के क्षेत्र को छोड़कर शेष क्षेत्रों को सम्मिलित किया गया था। डीपीआर का मिलान निकाय स्तर पर जोन में पदस्थ जल कार्य के अभियंताओं द्वारा किया गया है। नगर पालिक निगम रायपुर, रायपुर स्मार्ट सिटी लि. एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कराये गये हैं, अतः ओवर लेपिंग नहीं हुई है। **(ग)** जी हाँ, अमृत मिशन योजनांतर्गत तैयार किये गये 07 पैकेजों में से 05 पैकेजों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। शेष 02 पैकेजों में कुल 15 कमाण्ड एरिया (जिनमें मुख्य रूप से कोटा, कबीर नगर, चंगोराभांठा, भांठागांव, सरोना, गोगांव, जरवाय, अमलीडीह, डीडी नगर, लाभांडी, फुन्डहर, खम्हारडीह, दलदल सीवनी इत्यादि) का क्षेत्र शेष हैं। उक्त क्षेत्रों में पाईप लाईन बिछाये जाने के कार्य हेतु प्रोजेक्ट तैयार किया गया था, जिसमें वर्तमान जनसंख्या के अनुरूप आंशिक संशोधन की आवश्यकता है।

साराडीह बैराज में जल अवर्धन योजना के तहत पाईप लाईन विस्तार

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

13. (क्र. 66) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र सारंगढ़ के अन्तर्गत जल अवर्धन योजना से क्या-क्या निर्माण कार्य, कहां-कहां कराये जा रहे हैं? विवरण देवें। **(ख)** प्रश्नांक 'क' के अनुसार क्या नगर पालिका सारंगढ़ में साराडीह बैराज से पाईप लाईन विस्तार का कार्य कराया जा रहा है ? यदि हां तो उक्त कार्य की उद्यतन स्थिति क्या है ? **(ग)** प्रश्नांक 'ख' के अनुसार उक्त निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किया जावेगा ? जानकारी देवें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) सारंगढ़ जल आवर्धन योजना से कराये जा रहे निर्माण कार्यो एवं कार्य स्थल का विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हाँ। अद्यतन में रॉ-वाटर पाईप लाईन कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, क्लीयर वाटर पाईप लाईन कार्य 60 प्रतिशत पूर्ण एवं जल वितरण पाईप लाईन कार्य की निविदा प्रक्रियाधीन है। **(ग)** प्रश्नांश - 'ख' के अनुसार उक्त निर्माण कार्य को पूर्ण किये जाने की निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है ।

[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

नगर पालिका परिषद सारंगढ़ में वार्ड की संख्या

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

14. (क्र. 67) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद सारंगढ़ में कुल कितने वार्ड हैं ? जानकारी देवें। **(ख)** वार्डों की संख्या में वृद्धि कब तक की जावेगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सारंगढ़ में कुल 15 वार्ड है। **(ख)** समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

नगर पालिका परिषद खैरागढ़ अंतर्गत जल अवर्धन योजना में स्वीकृत कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

15. (क्र. 84) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में जल अवर्धन योजना अन्तर्गत कितने कार्यो की स्वीकृति हुई है? किन-किन कार्यो हेतु कितनी राशि स्वीकृत हुई है? कार्यवार, राशिवार विस्तृत जानकारी देवे? **(ख)** कंडिका **(क)** अनुसार कितने कार्य पूर्ण हैं एवं कितने कार्य अपूर्ण हैं? दिनांक 28 जून, 2024 तक किन-किन कार्यो हेतु कितनी राशि खर्च की गई है? विस्तृत वर्णन देवें? **(ग)** कंडिका **(ख)** के अनुसार अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जाएंगे? माह मई 2024 तक कितनी राशि का भुगतान किया गया है और कितनी राशि अपूर्ण की स्थिति में भुगतान करना बाकी है विस्तृत जानकारी देवें? नहीं तो कारण सहित उल्लेख करें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में जल आवर्धन योजना अंतर्गत राशि रू. 3314.90 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई। इस योजना मेंनिम्नांकित कार्य किये जाने प्रस्तावित थे -

स.क्र.	कार्य का नाम	राशि रू. लाख में
1	इंटेकवेल	137.38
2	पाईप लाईन कार्य	2245.15
3	वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट	336.14
4	उच्च स्तरीय जलागार	100.24
5	हेड रेग्यूलेटर एवं एनीकट की ऊँचाई बढ़ाने का कार्य	242.60
6	भूमि अधिग्रहण	35.00
7	विद्युत कनेक्शन	40.00

जल आवर्धन योजना के अंतर्गत राशि रू. 3314.90 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति में ही समस्त कार्य सम्मिलित है।**(ख)** कंडिका **(क)** के अनुसार हेड रेग्यूलेटर के कार्य की आवयकता न होने पर इस कार्य को छोड़कर शेष सभी कार्य पूर्ण किया जा चुका है। दिनांक 28 जून 2024 तक निम्नांकित कार्यो में राशि व्यय किया गया है।

स.क्र.	कार्य का नाम	राशि रू. लाख में
1	इंटेकवेल	99.70
2	पाईप लाईन कार्य	197.95
3	वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट	310.25
4	उच्च स्तरीय जलागार	102.57
5	हेड रेग्यूलेटर एवं एनीकट की ऊँचाई बढ़ाने का कार्य	271.43
कुल योग		**2763.54**

संपूर्ण योजना हेतु एक ही प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त है।**(ग)** कंडिका (ख) के अनुसार जल आवर्धन योजनांतर्गत कोई भी कार्य अपूर्ण नहीं है। माह मई 2024 तक कुल राशि रू. 2763.65 लाख का भुगतान किया गया है।

पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग अंतर्गत सड़कों की मरम्मत

[लोक निर्माण]

16. (क्र. 88) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार अंतर्गत लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री सड़क/मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 से जून, 2024 तक कितने नवीन सड़कों की स्वीकृति एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत एवं संधारण का कार्य हुआ है? एवं कितनी राशि व्यय की गई है? बजट में प्रावधानित एवं वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** मार्गों की अद्यतन स्थिति क्या है? यदि नहीं किया गया है तो क्यों? **(ग)** लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार में कितने सड़क मार्ग हैं एवं कितने प्रस्तावित हैं? विकासखंडवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) लोक निर्माण विभाग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' एवं 'ब'** अनुसार है। प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री सड़क योजना की जानकारी कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, परियोजना क्रियान्वयन ईकाई-कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) से प्राप्त कर जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'द'** अनुसार है। **(ख)** लोक निर्माण विभाग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' एवं 'ब'** अनुसार है। प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री सड़क योजना की जानकारी कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, परियोजना क्रियान्वयन ईकाई-कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) से प्राप्त कर जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'द'** अनुसार है। **(ग)** लोक निर्माण विभाग में विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार के विकासखण्ड पोड़ी उपरोडा अंतर्गत 42 मार्ग है जिसमें 02 मार्ग प्रस्तावित हैं इसी प्रकार विकासखण्ड पाली अंतर्गत 13 मार्ग है जिसमें कोई मार्ग प्रस्तावित नहीं है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'स'** अनुसार है। प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री सड़क योजना की जानकारी कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, परियोजना क्रियान्वयन ईकाई-कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) से प्राप्त कर जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'द'** अनुसार है।

खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत किये जा रहे कार्यो की जानकारी

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

17. (क्र. 90) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** केसीजी जिला में जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक तने ग्रामों में कार्य स्वीकृत हुए है तथा किन फर्मो को किस दर पर क्या-क्या कार्य दिए गए हैं? उक्त कार्य कब तक पूर्ण किया जाना था, वर्तमान स्थिति क्या है तथा कौन -कौन से कार्य निर्धारित समय से कितने विलंब से पूर्ण/ आप्रारंभ हैं? उपरोक्त अनुसार कार्यों हेतु कितना भुगतान किया गया कितना शेष है ? वर्षवार, फर्मवार, कार्यवार जानकारी देवें? **(ख)** मार्गदर्शिका 7.9 के अनुसार कितनी राशि का भुगतान डीडब्लूएसएम से लेने के उपरांत किया गया व कितनी राशि का अनुमोदन, भुगतान पश्चात् अभी तक नहीं लिया गया है? **(ग)** जल जीवन मिशन के कार्यों में किस ग्रेड की सामग्री का उपयोग किया गया है? व गुणवत्ता की जांच किन -किन अधिकारियों द्वारा की गयी? किन-किन कार्यों की गुणवत्ता से संबंधित शिकायत की गई व शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है? विस्तृत जानकारी देवें? **(घ)** कंडिका (क) अनुसार स्वीकृत कार्यो में पूर्ण किये गए कार्यो से कितने ग्रामो में पेयजल आपूर्ति से लाभ दिया जा रहा है? यदि नहीं, तो किन कारणों से लाभ नहीं मिल रहा है ? जानकारी देवें? पूर्ण कार्य के बाद जल आपूर्ति नही होने की स्थिति में दोषी किसे माना जायेगा और संबंधित अधिकारी व फर्म के ऊपर क्या कार्यवाही की गयी है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) केसीजी (खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) जिला में वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक 439 ग्रामों में कार्य स्वीकृत हुए है। जिन फर्मों को कार्य दिये गये उनके नाम एवं दर की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। उक्त कार्यों की कार्य पूर्णता तिथि**,** वर्तमान स्थिति तथा निर्धारित समय से विलंब से पूर्ण/अप्रारंभ हैं, की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। उपरोक्त अनुसार कार्यों हेतु भुगतान की गई राशि तथा भुगतान शेष की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। वर्षवार, फर्मवार, कार्यवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** मार्गदर्शिका 7.9 के अनुसार राशि रू.12541.84 लाख का डी.डब्लू.एस.एम. से स्वीकृति लेने के उपरांत ही भुगतान किया गया है एवं भुगतान पश्चात अभी तक राशि का अनुमोदन नहीं लेने की जानकारी निरंक है। **(ग)** जल जीवन मिशन के कार्यों में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार ही मानक श्रेणी की सामग्री का उपयोग किया गया है। उपयोग में लाई गई सामग्री की प्रि-डिलीवरी जांच सीपेट/डीजीएसएण्डडी/राइट्स एसजीएस आदि से कराया जाता है। स्थल पर सामग्री प्राप्त होने पर पोस्ट डिलिवरी टेस्टिंग की जाती है। कार्य के दौरान तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी, विभागीय उपअभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालन अभियंता द्वारा प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं संपादित कार्यो का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है साथ ही विभागीय प्रयोगशाला में भी सामग्री की जांच कर मानक श्रेणी के सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाता है। जिले के अंतर्गत गुणवत्ताहीन कार्य की जांच कराने एवं कार्य जल्दी पूर्ण कराने बाबत 01 शिकायत प्राप्त हुई है। निर्माण कार्यों का निरीक्षण एवं जांच करने पर निर्माण कार्य विभागीय मापदण्ड अनुसार गुणवत्तायुक्त पाया गया। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** कंडिका (क) अनुसार स्वीकृत कार्यो में से 135 योजना का कार्य पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति का लाभ दिया जा रहा है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

<u>जिला-सुकमा अंतर्गत जल-जीवन-मिशन के स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति</u>

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

18. (क्र. 94) श्री कवासी लखमा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सुकमा में वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 तक जल-जीवन-मिशन से कौन-कौन से कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गयी ? लागत सहित स्थलवार जानकारी देवें ? **(ख)** इनकी निविदा कब-कब लगाई गई, कब स्वीकृत हुई ? **(ग)** उक्त कार्यों में कितने-कितने पूर्ण हैं, कितने अपूर्ण हैं ? अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण कराने का लक्ष्य था ? उनके वित्तीय भुगतान की क्या स्थिति है? **(घ)** कौन-कौन से स्थानों पर लोगों को पेयजल आपूर्ति हो रही है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला सुकमा में वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक जल-जीवन-मिशन से स्वीकृत कार्यों की लागत सहित स्थलवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है । **(ख)** निविदा आमंत्रण की तिथि एवं स्वीकृति की तिथि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** उक्त कार्यों में से 88 कार्य पूर्ण हैं, 332 कार्य अपूर्ण हैं। अपूर्ण कार्यों को वर्ष 2024 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। वित्तीय भुगतान की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(घ)** पेयजल आपूर्ति हो रहे स्थानों की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है ।

<u>नगर पंचायत पाली में जल आवर्धन योजना के स्वीकृत कार्य</u>

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

19. (क्र. 97) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार अंतर्गत नगर पंचायत पाली में जल आवर्धन योजना कार्य की कब एवं कितनी राशि की स्वीकृति हुई है? जानकारी देवें? **(ख)** स्वीकृति अनुसार जून, 2024 तक कितना-कितना कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं कितनी राशि व्यय हो चुकी है? अद्यतन जानकारी देवें? **(ग)** अगर कार्य अपूर्ण हैं तो क्यों? तथा कब तक पूर्ण कर घर-घर नल-जल प्रदाय कार्य प्रारंभ किया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार अंतर्गत नगर पंचायत पाली में जल आवर्धन योजना कार्य की मूल प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 31.03.2017 को राशि रू. 794.16 लाख एवं पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 30.05.2023 को राशि रू. 990.29 लाख की प्राप्त हुई है। **(ख)** स्वीकृति अनुसार जून, 2024 तक पूर्ण किये गये कार्यो की अद्यतन जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। अद्यतन में राशि रू. 744.966 लाख की व्यय किया जा चुका है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** योजना अंतर्गत जल शुद्धिकरण संयंत्र का निर्माण कार्य एजेंसी मेसर्स एम.ए. कार्पोरेशन, गोंदिया के द्वारा कार्य में विलंब किये जाने के कारण अपूर्ण है। योजना के पूर्ण होने की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत कार्य

[लोक निर्माण]

20. (क्र. 103) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022 से 2024 तक कितने कार्यों को बजट में शामिल किया गया है और कौन कौन से कार्य, कितनी -कितनी राशि के स्वीकृत किए गए हैं जानकारी देवें ? **(ख)** कितने कार्य स्वीकृत नहीं किये गये हैं, कब स्वीकृत कर लिए जाएंगे? स्वीकृत कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022 से 2024 तक कुल 29 कार्यों को बजट में शामिल किया गया है। स्वीकृत कार्यों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** 20 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति अपेक्षित हैं। शेष 02 कार्य पुनरावृत्ति है। प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। स्वीकृत कार्यों की पूर्णता की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

जिला-महासमुंद स्थित प्रदूषण फ़ैलाने वाले और प्रदूषण मुक्त ओद्योगिक इकाईयॉ

[वाणिज्य एवं उद्योग]

21. (क्र. 119) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुन्द जिले में प्रदूषण फैलाने वाले और प्रदूषण मुक्त उद्योग कितने हैं और कहाँ-कहाँ स्थापित हैं? **(ख)** महासमुन्द विधानसभा क्षेत्र के बिरकोनी में स्थापित औद्योगिक इकाइवार उत्पादित उत्पादों का विवरण देंगे? **(ग)** प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए सीएसआर मद में दिए जा रहे योगदान की वर्ष 2022-23 से 2023-24 तक की विस्तृत जानकारी देंगे?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) महासमुंद जिले में कुल संख्या 1087 उद्योग स्थापित हैं, विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** पर दर्शित है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की संख्या 169 है, विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब** पर दर्शित है।**(ख)** महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के बिरकोनी में कुल 90 इकाईयां स्थापित है। औद्योगिक इकाईवार उत्पादित उत्पादों का विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-स** पर दर्शित है।**(ग)** जिला महासमुंद में सीएसआर की परिधि में आने वाले उद्योग मेसर्स मनोरमा इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ग्राम बिरकोनी तहसील व जिला महासमुंद है, जिसके द्वारा वर्ष 2022-23 में कुल राशि रू. 62,12,351/- एवं वर्ष 2023-24 में राशि रू. 64,30,703/- सीएसआर मद में व्यय किया गया है। विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-द** है।

मुंगेली विधानसभा क्षेत्रांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं.130। सड़क एवं नाली निर्माण का मुआवजा

[लोक निर्माण]

22. (क्र. 122) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं.130। सड़क एवं नाली निर्माण में मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के किन किन ग्रामों के कितने किसानों की कितनी जमीन का अधिग्रहण किया गया है। किसानवार, रकबावार, बतावें? **(ख)** अधिग्रहित की गई जमीनों के एवज में कितने किसानों को, कितने रकबा का मुआवजा प्रदान किया जा चुका है एवं कितना शेष है, ग्रामवार, किसानवार, रकबावार राशि सहित बतावें? मुआवजा प्रदान किये जाने के संबंध में शासन द्वारा आज दिनांक तक क्या कार्यवाही की गई तथा वर्तमान में प्रकरण किस स्तर पर लंबित है? संबंधित किसानों को मुआवजा की राशि कब तक प्रदान की जावेगी, समयावधि बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' एवं 'ब'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ' एवं 'ब'** अनुसार है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मुंगेली से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में 123 हितग्राहियों के मुआवजा प्रकरण में बैंक खाता विवरण, पेनकार्ड, आधार कार्ड के अभाव में सक्षम भू-अर्जन अधिकारी (राजस्व) मुंगेली के स्तर पर लंबित है। हितग्राहियों से उक्त जानकारी का संकलन किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। अतः शेष मुआवजा राशि के भुगतान की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

शहरीय क्षेत्रों में सिटी बस सुविधायें

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

23. (क्र. 141) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ के शहरीय क्षेत्र अंतर्गत सिटी बस सुविधा हेतु कौन-कौन सी यातायात सोसायटियां गठित की गयी हैं? उसके अंतर्गत कितनी बसों का संचालन किन-किन शहरों में किया जाना था और वर्तमान में कितनी बसों का संचालन किन-किन शहरों में किया जा रहा है? **(ख)** उक्त संचालित सोसायटियों का वित्तीय ढांचा क्या है और वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुयी है तथा कितनी राशि व्यय की गयी एवं कितनी नवीन बसें क्रय की गयी? **(ग)** रायपुर शहरी सार्वजनिक यातायात सोसायटी (सिटी बस योजना) या रायपुर अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी अंतर्गत कितनी बसों को, किन नियम-शर्तों के आधार पर, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, श्री धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स योजना एवं अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल हेतु स्थानांतरित किया गया?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रश्नांश 'क' अंतर्गत सोसायटियों, सिटी बसों की संख्या एवं संचालन से संबंधित **जानकारी संलग्न प्रपत्र - 'अ' अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश 'ख' की **जानकारी संलग्न प्रपत्र - 'ब' एवं 'स' अनुसार है। (ग)** रायपुर अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी अंतर्गत किसी भी बसों का हस्तातंरण मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना एवं श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना तथा अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल हेतु नहीं किया गया है। सिटी बस योजना एवं मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना पृथक-पृथक योजना है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

कोल डिपो, कोल वाशरी, कोल रेलवे साईडिंग तथा कोल प्रोसेसिंग इकाईयों को जारी एन.ओ.सी.

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

24. (क्र. 144) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या नगरीय क्षेत्रों में संचालित कोल डिपो, कोल वाशरी, कोल रेलवे साईडिंग तथा कोल प्रोसेसिंग इकाईयों से होने वाले वायु प्रदूषण की जांच कराई जाती है? यदि हां, तो 2023 एवं 2024 में कब-कब जांच हुई तथा क्या-क्या परिणाम आया? **(ख)** क्या स्थापित तथा स्थापना हेतु प्रक्रियाधीन इकाईयों के लिए उक्त अवधि में नगरीय निकायों द्वारा एन.ओ.सी. या अनुमतियां जारी की गई हैं? यदि हां, तो क्या एन.ओ.सी. या अनुमति जारी करने के लिए प्रक्रिया पूर्ण की गई थी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हां। नगरीय क्षेत्रों में संचालित कोल डिपो, कोल वाशरी, कोल रेलवे साईडिंग तथा कोल प्रोसेसिंग इकाईयों से होने वाले वायु प्रदूषण की जांच कराई जाती है। 2023 एवं 2024 में कराई गई जांच की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख)** प्रश्नांक अवधि में स्थापित तथा स्थापना हेतु प्रक्रियाधीन इकाईयों के लिए नगरीय निकायों द्वारा एन.ओ.सी. या अनुमतियां जारी नहीं किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के सड़कों के बी.टी. पेंच रिपेयर तथा नवीनीकरण हेतु स्वीकृत राशि

[लोक निर्माण]

25. (क्र. 154) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनांक 27 जून, 2024 तक संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के किन-किन सड़कों के बी.टी. पेंच रिपेयर तथा नवीनीकरण हेतु कितनी राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है? पेंच रिपेयर तथा नवीनीकरण का वर्षवार विवरण पृथक-पृथक बतावें. **(ख)** कंडिका 'क' में स्वीकृत कार्यों का निर्माण किन-किन व्यक्तियों/फर्मों/एजेंसियों से करायी गयी है? क्या 01-02 फर्मो से ही अधिकांश कार्य कराये गये हैं? यदि हां, तो उन्हें एक साथ बहुत सारे कार्यों का टेंडर किस आधार पर दिया गया? जानकारी देवें. **(ग)** क्या कंडिका 'क' की अवधि में स्वीकृत कार्यों का बी.टी. नवीनीकरण की निविदा लगे होने के बाद भी उसी कार्यों के बी.टी. पेंच रिपेयर की निविदा जारी कर पेंचवर्क कराया गया है? यदि हां, तो किन-किन कार्यों का?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ'' एवं ''ब''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ'' एवं ''ब''** अनुसार है। खुली निविदा प्रतिस्पर्धा में न्यूनतम दर प्राप्त एजेंसियों को कार्य आबंटित किया गया है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ'' एवं ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के महादेव तालाब का निर्माण कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

26. (क्र. 155) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- बीजापुर विधान सभा क्षेत्र में महादेव तालाब का निर्माण कब हुआ था? क्या महादेव तालाब निर्माण कार्य में किसी व्यक्ति की निजी जमीन भी डूबान मे ली गई थी? अगर हां, तो उसे कितना मुआवजा मिला? मुआवजा मिलने के बाद उस भूमि में किसका अधिपत्य होगा? वर्तमान में उक्त भूमि किसके स्वामित्व में है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : नगर पालिका परिषद बीजापुर में महादेव तालाब का निर्माण वर्ष 1982 में हुआ था। जी हाँ। महादेव तालाब निर्माण कार्य में व्यक्तियों की निजी जमीन भी डूबान में ली गई है। जिसके एवज में उन्हे रू. 8808.62 रूपये मुआवजा मिला है। मुआवजा मिलने के बाद उस भूमि में जल संसाधन विभाग का अधिपत्य है। वर्तमान में उक्त भूमि पर जल संसाधन विभाग का स्वामित्व है।

बेलतरा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत नगरीय निकायों के कार्यों की अद्यतन स्थिति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

27. (क्र. 169) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत नगरीय निकायों को वर्ष 2020-21 से जून, 2024 तक विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं से कितनी राशि कितने कार्यों हेतु प्राप्त हुई? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** प्रश्नांश "क" के स्वीकृत कार्यों मे से कितने कार्य पूर्ण तथा कितने कार्य किन कारणों से अपूर्ण एवं अप्रारम्भ हैं? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे? वर्षवार / कार्यवार जानकारी उपलब्ध करावें ।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।**

अकलतरा नगर पालिका अंतर्गत जल आवर्धन योजना में अनियमितता

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

28. (क्र. 177) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अकलतरा नगर पालिका द्वारा जल आवर्धन योजना के लिए निविदा किस वर्ष में आमंत्रित की गई? किन-किन फर्मों ने निविदा में भाग लिया? किस फर्म को कार्य आदेश जारी किया गया? निविदा की राशि कितनी थी? अनुबंध की राशि कितनी थी? कार्य पूर्णतः की अवधि तिथि कब थी? क्या कार्य पूर्णता हेतु समयावृद्धि की गई है? सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करें? **(ख)** वर्तमान में कार्य की क्या स्थिति है? क्या ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण कर दिया गया है? यदि नहीं तो कौन-कौन से कार्य कराए जा चुके हैं व कौन-कौन से कार्य शेष हैं? किस तिथि से कार्य बंद हैं ? क्या कार्ययोजना में कार्य प्राथमिकता निर्धारित की गई थी ? यदि हां, तो अभी तक जो कार्य कराए गए हैं, क्या वे निर्धारित प्राथमिकतानुसार हैं? डी.पी.आर./स्टीमेट सहित कार्ययोजना की पूरी जानकारी उपलब्ध करावें ? ठेकेदार को कितनी राशि कब-कब भुगतान की गयी है, मद में ब्याज सहित कितनी राशि शेष है? **(ग)**क्या किए गए भुगतान/कार्य के संबंध में किसी प्रकार की ऑडिट आपत्ति लगाई गई थी? यदि हां तो विवरण देवें? निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा नही होने पर एजेंसी के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है व जल आवर्धन योजना कब तक पूर्ण कर ली जाएगी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगर पालिका अकलतरा में जल आवर्धन योजना के लिए वर्ष 2018-19 में निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा में मेसर्स मल्टीअर्बन इन्फ्रास्टक्चर सर्विस प्राईवेट लिमिटेड नागपुर एवं मेसर्स पी.जी. कंस्ट्रक्शन देवास, कुल 02 फर्मो ने भाग लिया था। मेसर्स मल्टीअर्बन इन्फ्रा सर्विस प्राईवेट लिमिटेड नागपुर को कार्यादेश जारी किया गया। निविदा की राशि 2226.53 लाख रू. थी। अनुबंध की राशि 2759.00 लाख रू. थी। कार्य पूर्णता की तिथि 13.06.2021 तक निर्धारित थी। कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु परिषद की बैठक दिनांक 10/06/2022 के संकल्प क्रमांक 27 अनुसार दिनांक 31/03/2023 तक समय वृद्धि प्रदान की गई है। **(ख)** वर्तमान में जल आवर्धन योजना का कार्य बंद है। ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। ठेकेदार द्वारा किये गये कार्य एवं शेष कार्य का विवरण निम्नानसुार है:-

क्र.	कार्य/भाग का नाम	अनुबंध के अनुसार कार्य की वित्तीय (%)	पूर्ण कार्य (%)	शेष कार्य (%)	टिप्पणी
1	रॉ वाटर सम्प वेल	0.63%	0.00%	0.63%	शेष
2	पम्प हाउस	0.34%	0.00%	0.34%	शेष
3	रॉ वॉटर पम्प	1.01%	0.00%	1.01%	शेष
4	रॉ वॉटर राईजिंग मेन	23.54%	16.33%	7.21%	शेष
5	वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट	7.97%	5.19%	2.78%	शेष
6	क्लीयर वॉटर पम्प	1.68%	0.00%	1.68%	शेष
7	कम्पाउण्ड वॉल (वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट)	0.77%	0.00%	0.77%	शेष
8	क्लीयर वॉटर राईजिंग मेन	12.19%	4.02%	8.17%	शेष
9	इलीवेटेड सर्विस रिजर्वायर	4.86%	0.00%	4.86%	शेष
10	डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क	47.01%	22.57%	17.44%	शेष

अद्यतन 55 प्रतिशत का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। दिनांक 02/09/2022 से कार्य बंद है। कार्ययोजना में सम्मिलित सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने के लिए प्राथमिकता निर्धारित थी। ठेकेदार को भुगतान की गई राशि का विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र.	दिनांक	भुगतान की गई राशि
1	11/03/2020	1,16,83,575.00
2	28/05/2020	1,21,53,718.00
3	11/08/2020	1,41,69,570.00
4	27/10/2020	1,35,36,641.00
5	08/02/2021	2,46,20,756.00
6	29/06/2021	55,76,877.00
7	17/08/2021	37,18,786.00
8	24/02/2022	1,21,08,549.00
9	02/06/2022	61,70,573.73
10	06/09/2022	38,92,306.00
11	27/03/2023	15,27,495.00
	कुल योग राशि	10,91,58,846.73

कार्य के अनुसार कुल राशि रू. 1091.59 लाख का भुगतान किया गया है। निकाय में योजना के लिए ब्याज सहित राशि रू. 375.41 लाख शेष है एवं राशि रू. 1292.00 लाख आबंटित होना शेष है। **(ग)** किए गए भुगतान/कार्य के संबंध में किसी प्रकार की ऑडिट आपत्ति नहीं लगाई गई है। निर्धारित समयावधि में ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यालयीन पत्र क्र. 280 दिनांक 05/07/2024 के अनुसार अनुबंध की कंडिका 13 के Condition of Contract पृष्ठ क्रमांक 35 के अनुसार अमानत राशि का राजसात करते हुए निविदा निरस्त की कार्यवाही, एवं जलआवर्धन योजना के शेष बचे हुए कार्य का 10 प्रतिशत राशि ठेकेदार मेसर्स मल्टी अर्बन इन्फ्रा प्राईवेट लिमिटेड नागपुर से वसूल किए जाने साथ ही अनुबंध की कंडिका क्र. 2 Annexure H Special Conditions of NIT पृष्ठ क्रमांक 224 के अनुसार विभाग से जारी होने वाले निविदा में 2 वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया गया है। बचे हुए कार्य की निविदा उपरांत कार्य पूर्ण किया जावेगा।

जिला जांजगीर-चांपा में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य करने वाले ठेकेदार

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

29. (क्र. 184) श्री ब्यास कश्यप : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जांजगीर-चांपा में जल जीवन मिशन अंतर्गत कितने फर्म/ठेकेदारों को कार्य प्रदाय किया गया है ? फर्म के नाम , पते सहित प्रदान करें ? **(ख)** जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यरत ऐसे कितने ठेकेदार हैं, जिन्होने कार्य पूर्ण कर लिया है? कितने ठेकेदारों के कार्य अपूर्ण हैं? तय सीमा के कार्य पूर्ण नहीं करने वाले, त्रुटिपूर्ण तथा कार्य अधूरा छोड़कर भाग जाने वाले कितने ठेकेदारों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं तो क्यों नही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला जांजगीर चांपा में जल जीवन मिशन अंतर्गत 84 फर्म/ठेकेदारों को कार्य प्रदाय किया गया है। फर्म के नाम, पते सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जिला जांजगीर चांपा में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यरत 21 ठेकेदारों द्वारा कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 63 ठेकेदारों के कार्य अपूर्ण है। तय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नही करने वाले 63 ठेकेदारों के विरूद्ध निविदा में निहित शर्त के अनुरूप अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। त्रुटिपूर्ण कार्य के लिए 07 ठेकेदारो को स्वयं के व्यय पर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप कार्य में सुधार कराया गया। जिले का कोई भी ठेकेदार कार्य अधूरा छोड़कर नही भागा है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यों की अद्यतन जानकारी

[लोक निर्माण]

30. (क्र. 194) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 से जून,2024 तक कौन कौन से कार्य किस किस

मद से स्वीकृत किये गये है? विस्तृत विवरण देवें। **(ख)** स्वीकृत सड़क मार्ग भद्री चैक फगुरम से सपोस एवं सपोस से व्याहा डभरा होते हुये फगुरम तक के कार्यो की अद्यतन स्थिति क्या है? **(ग)** क्या उक्त सड़क मार्ग का निर्माण गुणवत्ता का परीक्षण कराया गया ? यदि हां, तो क्या पाया गया ? क्या ग्राम पुटीडीह के पास पुल निर्माण नही कराया गया है? यदि हां, तो क्यों ? **(घ)** गुणवत्ता विहीन सड़कों को कब तक सुधारा जाएगा? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(ग)** जी हॉ। गुणवत्तायुक्त पाया गया है। जी हॉ। पुटीडीह के पास पुल निर्मित है लेकिन उसका पहुंच मार्ग का कार्य लंबित है। **(घ)** निरंक
[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

जिला-महासमुंद में जलजीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण अपूर्ण कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

31. (क्र. 196) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जलजीवन मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी के ढलाई के समय कर्मचारी की उपस्थिति अनिवार्य है ? यदि हां, तो विगत 03 वर्षों में महासमुंद जिले में पानी टंकी की ढलाई दिनांक, तत्समय उपस्थित कर्मचारी का नाम की विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** महासमुंद जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी एवं नल जल हेतु स्वीकृत राशि एवम संख्या विकासखंडवार बतायें? **(ग)** प्रश्न ''ख '' में स्वीकृत में से पूर्ण एवम अपूर्ण कार्य की संख्या, विकासखंडवार बतायें? **(घ)** अपूर्णता का क्या कारण हैं, जिम्मेदार पर क्या कार्यवाही की जा रही है? उक्त अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जायेंगे?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हां। विगत 03 वर्षो में महासमुंद जिले अंतर्गत पानी टंकी की ढलाई दिनांक एवं तत्समय उपस्थित कर्मचारी के नाम की विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** महासमुंद जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना जिसमें पानी टंकी का कार्य भी सम्मिलित है, हेतु स्वीकृत राशि एवं संख्या की विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** प्रश्न ''ख'' अनुसार स्वीकृत में से पूर्ण एवं अपूर्ण कार्य की संख्या की विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(घ)** कोविड-19 के संक्रमण के प्रभाव, स्थल चयन में विवाद तथा कुछ ठेकेदारों द्वारा कार्य में विलंब के कारण कार्यो की पूर्णता प्रभावित हुई है। इस हेतु जिम्मेदार ठेकेदारों पर कार्यो में किये गये विलंब के कारण अनुबंध अनुसार समयावृद्धि शास्ति अधिरोपण की कार्यवाही की गई। उक्त अपूर्ण कार्य दिसंबर 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल की समस्या का निराकरण

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

32. (क्र. 207) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत वि.खं. भाटापारा एवं सिमगा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जल जीवन मिशन एवं अमृत मिशन योजना अंतर्गत कितने ग्रामों में कार्य स्वीकृत किये गये हैं ? इन ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में क्या स्वीकृत कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं तथा कितने ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों में कार्य अपूर्ण हैं ? कुल व्यय राशि, कार्य अपूर्ण होने का कारण सहित की जानकारी देवें ? **(ख)** कौन-कौन से ग्रामों एवं नगरीय निकायों में जल जीवन मिशन एवं अमृत मिशन योजना में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है ? शिकायत की जांच में क्या पाया गया और क्या कार्रवाई की गई है ? **(ग)** क्या ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल जीवन मिशन एवं अमृत मिशन अंतर्गत नल कनेक्शन एवं पाईप लाईन विस्तार के कार्य पूर्ण हो चुके है ? यदि नहीं तो, कितने अपूर्ण है विकासखण्डवार जानकारी दें ? **(घ)** विधानसभा क्षेत्रांतर्गत विकासखण्ड-भाटापारा एवं विकासखण्ड-सिमगा के कितने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या की कितने शिकायत प्राप्त हुई?

शिकायत के निराकरण हेतु विभाग द्वारा कितने स्थानों पर बोर खनन एवं समस्या निराकरण हेतु क्या कार्रवाई की गई ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) भाटापारा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में विकासखण्ड भाटापारा के 108 ग्रामो में व विकासखण्ड सिमगा के 61 ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य स्वीकृत किये गए है। नगरीय क्षेत्र में अमृत मिशन के अंतर्गत कोई भी कार्य स्वीकृत नहीं है। जल जीवन मिशन अंतर्गत 39 ग्रामो में कार्य पूर्ण कर लिए गए है।130 ग्रामों में कार्य अपूर्ण है। जल जीवन मिशन अंतर्गत कुल व्यय राशि रू. 6626.28 लाख हैं। कार्य अपूर्ण होने का कारण विश्वव्यापी महामारी कोविड-19 का संक्रमण होने के कारण कार्य की गति प्रभावित होना, कुछ ग्रामो में जल टंकी निर्माण हेतु स्थल चयन में विवाद होना तथा कुछ ठेकेदारों द्वारा कार्य में विलंब इत्यादि है। **(ख)** जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामो में अनियमितता की कोई भी शिकायत प्राप्त नही हुई है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कनेक्शन एवं पाईप लाईन विस्तार के कार्यो पूर्ण व अपूर्ण करने की विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(घ)** विधानसभा क्षेत्रातंर्गत विकासखण्ड भाटापारा के एक नगर में 08 एवं 09 ग्रामों में तथा विकाखण्ड सिमगा के 03 ग्रामों में पेयजल की समस्या की शिकायतें प्राप्त हुई है। शिकायत के निराकरण हेतु विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में 03 स्थानों पर बोर खनन किया गया है। नगरीय क्षेत्र भाटापारा में 4 स्थानों पर नलकूप की आवश्यकता होने के कारण आवेदन स्वीकृत किया गया है। स्वीकृति उपरांत आबंटन उपलब्ध होने पर नलकूप खनन की कार्यवाही की जावेगी। 13 स्थानों पर नलकूप की आवश्यकता का परीक्षण कर शिकायत/मांग अस्वीकृत की गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

भाटापारा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

33. (क्र. 209) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा भाटापारा क्षेत्रांतर्गत बजट सत्र 2023-24 में लोक निर्माण विभाग द्वारा कितने लागत के कितने कार्य स्वीकृत किये गये थे ? उनमें से कितने कार्य प्रारंभ हुए कितने पूर्ण एवं अपूर्ण हैं, जानकारी बताएं? अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा, समय अवधि बताएं? **(ख)** क्या पूर्व में स्वीकृत निर्माण कार्यों के संबंध में विभाग को किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो निर्माण एजेंसी/ठेकेदार के ऊपर क्या कार्रवाई की गई है? **(ग)** बजट वर्ष 2024-25 में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कितने निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं व कब तक इनकी प्रशासकीय स्वीकृति एवं निविदा जारी कर कार्य प्रारंभ हो जायेगा, समय सीमा बताएं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बजट सत्र 2023-24 में स्वीकृत कार्य- 03, लागत रु. 446.72 लाख, प्रारंभ कार्य - 03 नग, पूर्ण कार्य - 02 नग, अपूर्ण कार्य - 01 नग, पूर्ण होने की संभावित समयावधि 31.03.2025, **(ख)** कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। **(ग)** बजट वर्ष 2024-25 के बजट में प्रावधानित कार्य -15, प्रशासकीय स्वीकृत कार्य - निरंक, निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को योजनाओं का लाभ

[श्रम]

34. (क्र. 216) श्री अनुज शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर जिले में वर्ष 2022 से जून, 2024 तक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में कितना-कितना बजट का आबंटन किया गया ?आबंटित बजट से संपादित कार्यो की जानकारी वर्ष एवं मदवार प्रदान करें? **(ख)**प्रश्नांक "क" की अवधि में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को किन-किन योजनाओं का लाभ विभाग द्वारा प्रदान किया गया? लाभान्वितों को प्राप्त सुविधा/सहायता की जानकारी विकासखण्डवार प्रदान करें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) रायपुर जिले में वर्ष 2022 से जून, 2024 तक छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छ0ग0 असंगठित राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं हेतु आबंटित बजट एवं आबंटित बजट से संपादित कार्यों की मंडलवार, वर्षवार एवं योजनावार/मदवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र- 'अ' एवं 'ब'** अनुसार है।छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल में जिलों को बजट आबंटित करने का प्रावधान नहीं है, अपितु मंडल अंतर्गत राज्य स्तर में संचालित योजनाओं हेतु बजट प्रावधान किया जाता है। प्रश्नांकित अवधि में मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं में रायपुर जिले के लाभान्वित श्रमिकों पर व्यय की वर्षवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र- 'स'** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांकित अवधि में छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं में लाभान्वित श्रमिक संख्या एवं उनको योजनावार प्रदत सुविधा/सहायता की मंडलवार, विकासखंडवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'द', 'य', 'र'** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

जिला बलौदा बाजार के थरगांव-सराईपाली मार्ग हेतु भू-अर्जन

[लोक निर्माण]

35. (क्र. 224) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वर्ष 2015-16 के बजट में जिला बलौदा बाजार मे थरगांव-सराईपाली मार्ग लम्बाई 5.70 कि.मी. का मार्ग निर्माण शामिल था ? यदि हां तो उक्त मार्ग की प्रशासकीय स्वीकृति कब दी गई तथा इसकी लागत राशि क्या थी ? उक्त मार्ग निर्माण कार्य प्रारंभ होकर कब पूर्ण हुआ तथा व्यय राशि बतावें। **(ख)** क्या प्रश्नांश (क) के कार्य हेतु दी गई प्रशासकीय स्वीकृति में भू-अर्जन हेतु राशि प्रावधानित की गई थी ? **(ग)** क्या निर्माण कार्य के दौरान एलाईमेंट में परिवर्तन किया गया? यदि हां तो किसके आदेश/निर्देश पर एलाईमंट पर परिवर्तन किन कारणों से किया गया ? **(घ)** क्या उक्त मार्ग के एलाईमेंट में परिवर्तन से निजी खातेदारों की भूमि प्रभावित हुई? यदि हां तो खातेदारों के प्रभावित भूमि का रकबा भू-अर्जन हेतु देय व भुगतान की गई राशि का विवरण देवें ? यदि नहीं किया गया तो कब भुगतान किया जावेगा ? **(ड.)** क्या भू-अर्जन के कारण राशि में वृद्धि हुई तो कितनी तथा त्रुटिपूर्ण प्राक्कलन बनाने के लिये कौन-कौन अधिकारी उत्तरदायी हैं ? उत्तरदायी अधिकारियों के विरूद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गई विवरण देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ, प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 25.08.2015, लागत राशि रु. 946.17 लाख, निर्माण कार्य प्रारंभ दिनांक 08.01.2016 कार्य पूर्णता दिनांक 18.03.2017, व्यय राशि रु. 586.93 लाख। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** जी नहीं। **(घ)** जी नहीं। **(ड.)** जी हां। रु. 3,94,66719.00, त्रुटि पूर्ण प्राक्कलन बनाने के लिए प्रथम दृष्टया तत्कालीन उपअभियंता श्री आर.के. बंसोर, अनुविभागीय अधिकारी श्री आर.के. मेश्राम, कार्यपालन अभियंता श्री डी.के. महेश्वरी उत्तरदायी है। अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रचलन में है।

नवा रायपुर में निर्माणाधीन भवनों में फर्नीचर की निविदा

[लोक निर्माण]

36. (क्र. 231) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नवा रायपुर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री आवास एवं, मंत्रीगण आवास में फर्नीचर प्रदाय कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति राशि, निविदा में अनुबंधित मात्रा एवं दर के अनुसार फर्नीचर प्रदाय किया गया है अथवा आयटम परिवर्तन कर कार्य संपादित किया गया है ? अनुबंधानुसार जानकारी देवें ? **(ख)** यदि आयटम परिवर्तन किया गया है तो क्या कारण थे एवं इसकी सक्षम अनुमति किनसे ली गयी जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी नहीं। आयटम परिवर्तन कर कार्य संपादित नहीं किया गया है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

मुख्यमंत्री मितान योजना में व्यय राशि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

37. (क्र. 234) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रश्न क्रमांक 965 दिनांक 14.02.2024 भाग (ग) में लागू वर्ष 2022 से ''मुख्यमंत्री मितान योजना'' में राशि रूपये 16.81 करोड़ व्यय होना बताया गया, उक्त व्ययित राशि किन-किन वित्तीय वर्ष में प्रावधानित की गयी थी, विवरण देवें। **(ख)** उपरोक्त व्ययित राशि के लिए शासन की क्या गाईडलाईन थी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रश्नांश अंतर्गत ''मुख्यमंत्री मितान योजना'' हेतु बजट में प्रतिवर्ष राशि रू.10.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है। प्रावधानित राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

(व्यय राशि रू.में)

क्र	वित्तीय वर्ष	बजट प्रावधान	व्यय राशि रू.में
1	2021-22	10,00,00,000.00	1,13,72,568.00
2	2022-23	10,00,00,000.00	9,28,09,381.00
3	2023-24	10,00,00,000.00	6,39,35,823.00
कुल-			**16,81,17,772.00**

(ख) ''मुख्यमंत्री मितान योजना'' की विस्तृत गाईड लाईन **संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नल जल योजना का क्रियान्वयन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

38. (क्र. 239) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नल जल योजना के तहत कुल कितने गाँव में कनेक्शन का प्रावधान रखा गया है? किस-किस गाँव में कुल कितने कनेक्शन की स्वीकृति प्राप्त है एवं उनमें से अब तक कितने गाँव में कनेक्शन दिए जा चुके हैं और कितने गाँव में कनेक्शन दिया जाना लम्बित है एवं कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा? **(ख)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में नल जल योजना के अंतर्गत दिनाँक 01 अप्रैल 2022 से जून, 2024 तक कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? कितनों का निराकरण किया जा चुका है एवं कितनी लम्बित हैं? विकासखण्डवार एवं वर्षवार जानकारी देवें । **(ग)** क्या नल जल योजना अंतर्गत जून, 2024 तक किये गये कार्यो की गुणवत्ता की जाँच हेतु किसी भी प्रकार का ऑडिट राज्य सरकार या सम्बन्धित विभाग द्वारा करवाया गया है? यदि हाँ तो किसके द्वारा और कब करवाया गया था? रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराएं? यदि नहीं तो कब तक गुणवत्ता की जाँच हेतू ऑडिट करवाया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नल जल योजना के तहत समस्त 433 गांव में कनेक्शन का प्रावधान रखा गया है। 433 गांव में कुल 83744 कनेक्शन की स्वीकृति प्राप्त है, उनमें से अब तक 417 गांव में 70874 कनेक्शन दिये जा चुके है और 16 गांवों में कनेक्शन दिये जाने का कार्य प्रगतिरत है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। वर्ष 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। **(ख)** प्राप्त शिकायत की जानकारी निरंक है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** जी नहीं। अपितु कार्यो की गुणवत्ता की जाँच कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं उप अभियंता द्वारा नियमित रूप से की जाती है। साथ ही कार्यो की सतत् निगरानी एवं गुणवत्ता हेतु तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी नियुक्त है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदाई-गंडई अंतर्गत निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

39. (क्र. 247) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा कौन-कौन से निर्माण किये गये हैं? किये गये निर्माण कार्य का नाम, कार्य प्रारंभ होने की तिथी, निविदा में चयनित एजेंसी का नाम, कार्य पूर्ण/अपूर्ण होने का दिनांक आदि की जानकारी विकासखंडवार, जिलावार देवें? क्या निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिये अधिकारी/कर्मचारी नियुक्त किये गये हैं? यदि हां तो गुणवत्ता जांच अधिकारी/कर्मचारी का नाम, गुणवत्ता जांच का दिनांक, जांच के बाद की गई कार्यवाही का विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्ति पृथक से नहीं किये गये हैं। वर्तमान में पदस्थ विभागीय अभियंताओं द्वारा निरीक्षण किया जाता है एवं पदस्थ उप अभियंता तथा सहायक अभियंता द्वारा गुणवत्ता जांच की जाती है। ए.डी.बी. प्रोजेक्ट छ.ग. सड़क विकास परियोजना लो.नि.वि. रायपुर से संबंधित जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।

सडकों के पेंच रिपेयरिंग मरम्मत कार्य की जानकारी

[लोक निर्माण]

40. (क्र. 255) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या वित्तीय वर्ष 2022-23 से जून, 2024 तक लोक निर्माण विभाग के संभाग राजनांदगांव में सड़कों के पेंच रिपेयरिंग मरम्मत कार्य हेतु जोनल टेंडर के माध्यम से स्वीकृति जारी की गयी है? यदि हॉ तो कितने कि.मी. का जोनल टेंडर के माध्यम से किन-किन सड़कों के लिए कार्यादेश जारी किये गये हैं? किन-किन सड़कों के वार्षिक संधारण एवं नवीनीकरण के लिए कितनी राशि स्वीकृत की गयी है? उक्त कार्यो की जानकारी वर्षवार, सड़कवार, स्वीकृत, राशिवार, (WMM) एवं (BMMSS)] कि.मी.वार एवं कार्यवार सत्यापन सहित देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हॉ। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र 'अ' एवं 'ब'** अनुसार है।

नगर पंचायत डोंगरगांव में उद्यान निर्माण हेतु स्वीकृत राशि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

41. (क्र. 256) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या वित्तीय वर्ष 2019-20 में जिला राजनांदगांव के नगर पंचायत डोंगरगांव में उद्यान निर्माण हेतु राज्य परिवर्तित योजना एवं अन्य मदों के तहत राशि की स्वीकृत प्रदान की गयी है? यदि हाँ तो स्वीकृत राशि से कौन कौन से कार्य किये गये हैं? बिलो राशि से किन किन कार्यो के प्रस्ताव अनुमति हेतु शासन को भेजे गये एवं अनुमति कब प्रदान की गयी? उपरोक्त कार्य की एजेंसीवार, संरचनावार, व्यय राशि, मूल्यांकन सत्यापनकर्ता अधिकारी एवं दिनांक व एजेंसी को किये गये भुगतान की जानकारी कार्यवार, दिनांकवार राशिवार देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हॉ। वित्तीय वर्ष 2019-20 में जिला राजनांदगॉव के नगर पंचायत डोंगरगॉव में उद्यान निर्माण हेतु राज्य प्रवर्तित मद से पुष्प वाटिका योजना अंतर्गत राज्य शहरी विकास अभिकरण, छ.ग. नवा रायपुर के पत्र क्र. 4175 दिनांक 24.10.2019 द्वारा राशि 200.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। अन्य मदों के तहत् उद्यान निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। अतः शेष जानकारी निरंक है। उक्त उद्यान निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत राशि रू.200.00 लाख के अंतर्गत किये गये कार्य का विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र.	किये गये कार्य का विवरण
1	बाउण्ड्रीवॉल
2	सेल्टर
3	पाथवे
4	फिलिंग,
5	कारपेट ग्रास
6	बाह्य विद्युतीकरण,
7	पम्पहाऊस
8	शौचालय
9	प्रवेशद्वार
10	प्लांटेशन
11	डस्टबीन
12	सिटींग चेयर
13	बोर खन्न व पाईपलाईन विस्तार

उक्त उद्यान निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत राशि रू.200.00 लाख में से राशि रू.179.86 लाख पी.डब्लू.डी. एसओआर अंतर्गत् होने के कारण टेण्डर क्रमांक 1895, दिनांक 15.11.2019 द्वारा निविदा आहूत कर नियमानुसार राज्य शासन के पत्र क्रमांक 4401 दिनांक 26.08.2022 द्वारा 22.51 प्रतिशत कम एसओआर दर इस प्रकार लागत राशि रू.139.37 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिसके अंतर्गत राशि रू.40.49 लाख बिलो की राशि से निम्नानुसार कार्यो की स्वीकृति हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत डोंगरगांव द्वारा पत्र क्रमांक 462 दिनांक 08.06.2023 द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गयाः-

क्र.	कार्य का नाम	लागत राशि रू. लाख में
01	एलीफेंट स्टैचू 01 नग	7.00
02	डाईनासार स्टैचू 01 नग	7.00
03	मैजीकल वाटर फाऊंटेन सह ग्रील कार्य 01 नग	5.00
योग		19.00

प्रस्ताव राज्य प्रवर्तित पुष्पवाटिका उद्यान योजना के दिशानिर्देशों से भिन्न होने के कारण स्वीकृति नहीं की गई है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

खुज्जी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना में स्वीकृत राशि

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

42. (क्र. 263) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 से 26 जून, 2024 तक जल जीवन मिशन के अंतर्गत किन-किन ग्रामों में पानी टंकी निर्माण एवं पाइपलाइन विस्तार हेतु कितनी -कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है ? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका"क" के कार्यो को किन-किन फर्म एजेंसी को दिया गया है तथा कार्य पूर्ण/अपूर्ण एवं अप्रारंभ की भौतिक स्थिति क्या है ? कितनी-कितनी राशि भुगतान की जा चुकी है ? विकासखंडवार, कार्यवार पूर्ण विवरण देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जल जीवन मिशन अंतर्गत राशि की स्वीकृति अवयववार प्राप्त नहीं होती है, अपितु योजनावार प्राप्त होती है। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 से 26 जून 2024 तक जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में स्वीकृत योजना अंतर्गत पानी टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन विस्तार हेतु प्रावधानित राशि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** कंडिका ''क'' के कार्यो को आबंटित फर्म एजेंसी का नाम तथा कार्य पूर्ण/अपूर्ण एवं अप्रारंभ की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

भुगतान की गयी राशि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। विकासखंडवार एवं कार्यवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

कटघोरा, बिलासपुर एवं डोंगरगढ़ रेलवे लाईन परियोजना की उद्यतन स्थिति

[वाणिज्य एवं उद्योग]

43. (क्र. 287) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि कटघोरा, बिलासपुर से डोंगरगढ़ नई रेलवे लाईन बिछाने के संबंध में राज्य शासन एवं रेलवे के मध्य एग्रीमेंट हुआ है ? यदि हां, तो कब और क्या विवरण देवें? **(ख)** क्या कंडिका "क" के रेलवे लाईन बिछाने के लिए भूमि अधिग्रहण क्षेत्र के सर्वे का कार्य चालू किया गया हैं ? यदि हां तो प्रभावित शहर एवं गांव का विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** कंडिका "क" की नई रेलवे लाईन की योजना कब तक पूरी की जाना है विवरण देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कटघोरा-डोंगरगढ़ नई रेलवे लाईन परियोजना हेतु राज्य शासन तथा रेल मंत्रालय की संयुक्त उपक्रम कंपनी छ.ग. रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड के एस.पी.वी. छ.ग. रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड के एस.पी.वी. छ.ग. कटघोरा -डोंगरगढ़ रेलवे लिमिटेड के माध्यम से उक्त परियोजना के क्रियान्वयन हेतु स्वीकृति दिनांक 01.10.2018 को भारत सरकार रेल मंत्रालय से प्राप्त हुई। **(ख)** प्रश्नांश 'क' की प्रस्तावित रेल लाईन हेतु भूमि अधिग्रहण हेतु सर्वे किया जा चुका है, उक्त रेल लाईन में 6 जिले कोरबा, बिलासपुर, मुंगेली, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं राजनांदगांव सम्मिलित है तथा कुल 195 ग्राम प्रभावित हो रहें है। **(ग)** उक्त परियोजना की पूर्णता अवधि कंशेसन एग्रीमेंट हस्ताक्षरित होने के पश्चात् 4.5 वर्ष की है।

जिला बालोद के बजट में सम्मिलित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

44. (क्र. 299) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बालोद अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा विगत दो वर्ष में बजट में सम्मिलित कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई? नाम सहित जानकारी देवें? **(ख)** कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति होना शेष है? विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी देवें? **(ग)** कब तक प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी जावेगी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(ग)** निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (सेतु निर्माण) के बजट में शामिल कार्य

[लोक निर्माण]

45. (क्र. 300) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 15 जून, 2024 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कितने सेतु निर्माण कार्यों को बजट में शामिल किया गया है, जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका "क" के कितने कार्य की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं उनकी भौतिक स्थिति क्या है? जानकारी देवें? **(ग)** कंडिका "क" के बजट में शामिल कितने कार्य अभी तक स्वीकृत नहीं हुए हैं? उन्हें कब तक स्वीकृति दी जावेगी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) 07 नग सेतु। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार हैं। **(ख)** निरंक, प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। **(ग)** 07 कार्यों के प्रशासकीय स्वीकृति अप्राप्त। स्वीकृति की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।**[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]**

नगर निगम धमतरी अंतर्गत नाली निर्माण कार्यों की स्वीकृति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

46. (क्र. 307) श्री ओंकार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- नगर निगम धमतरी अंतर्गत वर्ष 2022 से 2024 तक कितने नाली निर्माण के कितने -कितने कार्य कितनी लागत से स्वीकृत हुए हैं ? नाली निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? उक्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई है ? नाली निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन किसके द्वारा किया गया है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : नगर निगम धमतरी अंतर्गत वर्ष 2022 से 2024 तक शासन द्वारा अधोसंरचना मद, 14 वें वित्त आयोग एवं 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत नाली निर्माण के स्वीकृत कार्यों की संख्या एवं उसकी लागत की जानकारी निम्नानुसार हैः-

क्र.	वर्ष	कार्यों की संख्या	लागत राशि (लाख में)
01	2022	26	308.79
02	2023	24	253.19
03	2024	06	813.96
योग		**56**	**1375.94**

नाली निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की एक शिकायत निकाय को प्राप्त हुई है । उक्त शिकायत के संबंध में नगर निगम द्वारा 4 सदस्यीय जांच समिति का गठन कर, संबंधित नाली निर्माण कार्य की जांच करायी गई । जांच प्रतिवेदन में नाली निर्माण कार्य के संबंध में की गई शिकायत प्रमाणित नहीं पायी गई। उक्त कार्य का भौतिक सत्यापन नगर निगम के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं उप अभियंता द्वारा किया गया है।

कांकेर जिलान्तर्गत नल जल जीवन मिशन के कार्यो की अघतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

47. (क्र. 315) श्री आशा राम नेताम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कांकेर जिले में वर्तमान में जल जीवन मिशन अंतर्गत कौन-कौन से ग्राम पंचायतों में शत् प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन स्थापित कर जल की अपूर्ति की जा रही है? किन-किन ग्राम पंचायतों में शत् प्रतिशत कार्य पूर्ण कर पंचायत को हस्तांतरित किया गया है? सूची प्रदान करें। **(ख)** विगत तीन वर्षो में क्या जल जीवन मिशन अंतर्गत कोई शिकायतें प्राप्त हुई है? अगर प्राप्त हुई हैं तो उन पर क्या कार्यवाही की गई है? वर्तमान में कौन-कौन से ग्राम पंचायतों में अनुबंध अनुसार ठेकेदार को कार्य पूर्ण कर लेना था, लेकिन आज दिनांक तक कार्य अपूर्ण है? अपूर्ण होने का क्या कारण है? इस पर क्या कार्यवाही की गई है। जानकारी प्रदान करें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) कांकेर जिले में वर्तमान में जल जीवन मिशन अन्तर्गत 19 ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन स्थापित कर जल आपूर्ति की जा रही है। पंचायतवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। 09 ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर पंचायत को हस्तांतरित किया गया पंचायतवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** मिशन संचालक कार्यालय जल जीवन मिशन रायपुर को कांकेर जिले के तत्कालीन कार्यपालन अभियंता के विरूद्ध सिविल सेवा आचरण का उल्लघन कर अपने पुत्र को उपकृत करने की शिकायत प्राप्त हुई है। तत्संबंध में तत्कालीन कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव कांकेर के विरूद्ध शासन द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) 1966 के अंतर्गत विभागीय जॉच संस्थित करने का निर्णय लेकर आरोप पत्र जारी किया गया है। वर्तमान में जिन ग्राम पंचायतों में अनुबंध अनुसार ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण न करने, अपूर्ण होने का कारण एवं की गई कार्यवाही की ग्राम पंचायतवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है।

कोरबा जिला के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत घटिया पानी टंकी निर्माण

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

48. (क्र. 324) श्री फूलसिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला कोरबा मे अभी तक कितने ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कितने हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है? कब तक प्रत्येक ग्राम पंचायतों में इसका लाभ मिलना शुरू होगा? विवरण दें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जिला कोरबा में अभी तक कुल 264 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 52,572 हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में इसका लाभ वर्ष 2024 तक मिलना लक्षित है। विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत बजट स्वीकृति

[लोक निर्माण]

49. (क्र. 327) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिल्हा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में किन-किन कार्यों के लिये कितना बजट प्रावधान किया गया था तथा उनमें किन-किन कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति कब-कब जारी की गई है तथा शेष की कब तक जारी की जावेगी? **(ख)** प्रशासकीय स्वीकृति के उपरांत किन-किन कार्यों के लिये, कितना-कितना बजट स्वीकृत किया गया व कितनी राशि कब-कब जारी की गई व कितनी राशि जारी किया जाना शेष है? कार्यवार जानकारी देवें। **(ग)** प्रश्नांश 'क' अवधि में विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यो की अद्यतन स्थिति क्या है व कौन-कौन से कार्य समयावधि में पूर्ण नहीं हुये व इसके क्या कारण हैं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

चांपा बाईपास मार्ग का मजबूतीकरण

[लोक निर्माण]

50. (क्र. 338) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जिला जांजगीर चांपा अंतर्गत चांपा बाईपास मार्ग मजबूतीकरण कार्य की लंबाई 5.15 किलोमीटर, जिसकी लागत 778.5 लाख रुपए है, उसके निर्माण कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति हुई थी? यदि हां तो कब, विवरण दें। **(ख)** क्या प्रश्नांक "क" अनुसार उल्लेखित कार्य में गुणवत्ताहीन निर्माण होने की शिकायत विभाग को प्राप्त हुई थी? यदि हां तो शिकायत पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई? कृपया अवगत करावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

जिला जांजगीर चांपा व जिला सक्ति में जल जीवन मिशन योजना का क्रियान्वयन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

51. (क्र. 339) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य शासन द्वारा क्रियान्वित जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत जिला जांजगीर चांपा व सक्ति में कितने हितग्राहियों को पेयजल के लाभ मिल रहा है, कृपया जिलेवार व ग्राम पंचायतवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार योजना के क्रियान्वयन में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पाईप लाइन विस्तार व पानी टंकी निर्माण में अनियमितता की कितनी शिकायत प्राप्त हुई हैं? कितने की जांच कर क्या

कार्यवाही की गई, कृपया जानकारी प्रदान करें? **(ग)** प्रश्नांक "क" एवं "ख" के अनुसार क्रियान्वयन में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत निर्मित पानी टंकी में संचालित कितने विद्युत पंप की परमिशन ली गयी है, इसके संचालन की व्यवस्था कैसे की गई है? कृपया जिलेवार व ग्राम पंचायतवार जानकारी प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत जिला जांजगीर चांपा में 84739 व जिला सक्ती में 50052 इस प्रकार कुल 134791 हितग्राहियों को पेयजल का लाभ मिल रहा है। जिलेवार व ग्राम पंचायतवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अनुसार योजना के क्रियान्वयन में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पाईप लाईन विस्तार व पानी टंकी निर्माण में अनियमितता की जिला जांजगीर-चांपा में 08 शिकायत एवं जिला सक्ती में 10 शिकायत प्राप्त हुई है। प्राप्त सभी 18 शिकायतों की जांच कर कार्यवाही की गई है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश (क) एवं (ख) अनुसार क्रियान्वयन में जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित पानी टंकी में संचालित विद्युत पंपों हेतु 712 विद्युत कनेक्शन की अनुमति प्राप्त है। इसके संचालन हेतु संचालन एवं संधारण नीति बनाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिलेवार एवं ग्रामवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रांतर्गत नल-जल योजना का क्रियान्वयन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

52. (क्र. 346) श्री ललित चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतगर्त वर्ष 2021 से दिसम्बर, 2023 तक नल-जल योजना के तहत कहां-कहां पर कितनी लागत के, कितनी क्षमता के पानी टंकी का निर्माण कराया गया है? विकासखण्डवार ग्राम के नाम सहित जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांश (क) के निर्मित पानी टंकी की वर्तमान में बंद/चालू स्थिति एवं लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या की जानकारी बतावें? **(ग)** क्या निर्मित पानी टंकियों के निर्माण में गुणवत्ताहीन सामग्री उपयोग अथवा अन्य किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई? यादि हां, तो क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2021 से दिसम्बर 2023 तक नल जल योजना के तहत कराये गये पानी टंकी निर्माण की विकासखण्डवार ग्राम के नाम सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश (क) के निर्मित पानी टंकी की वर्तमान में बंद/चालू स्थिति एवं लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रांतर्गत नल-जल योजना में आवंटित कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

53. (क्र. 347) श्री ललित चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किन-किन फर्मो को किस-किस दर पर क्या-क्या कार्य दिये गए हैं तथा उक्त कार्य कब तक पूर्ण करने थे तथा वर्तमान स्थिति क्या है, तथा इस हेतु कितना भुगतान किया गया व कितना भुगतान शेष है? फर्मवार व कार्यवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या इस वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए अधिकारियों के जांच/मूल्यांकन दल का गठन किया गया है? यदि हां तो किन-किन अधिकारियों को शामिल कर कब आदेश जारी किया गया है, तथा इनके द्वारा कब प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है व क्या-क्या कमियां पाई गई है? **(ग)** इस वित्तीय वर्ष जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर की गई शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत फर्मो को, दिये गये कार्य की जानकारी, आबंटित कार्य पूर्ण करने की तिथि, कार्य की वर्तमान

स्थिति तथा किये गये भुगतान एवं भुगतान शेष की फर्मवार व कार्यवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** इस वित्तीय वर्ष में जल जीवन मिशन के कार्यो को लेकर कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्रांतर्गत स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

54. (क्र. 357) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्रांतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में किन-किन कार्यो के लिये कितना बजट प्रावधान किया गया था तथा उनमें किन-किन कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है तथा शेष की कब तक जारी की जाएगी ? **(ख)** प्रशासकीय स्वीकृति के उपरांत भी किन-किन कार्यो के लिये, कितना-कितना बजट स्वीकृत किया गया व कितनी राशि कब-कब जारी की गई व कितनी राशि जारी किया जाना शेष है? कार्यवार जानकारी देवें। **(ग)** प्रश्नांश "क" अवधि में विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यो की अद्यतन स्थिति क्या है व कौन-कौन से कार्य समयावधि में पूर्ण नहीं हुये व इसके क्या कारण हैं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

रतनपुर केन्दा मार्ग निर्माण में निजी भूमि का अधिग्रहण व प्रदत्त मुआवजा

[लोक निर्माण]

55. (क्र. 360) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बिलासपुर के रतनपुर-केन्दा मार्ग निर्माण का मद, वेंडर एवं स्वीकृत राशि क्या है? सड़क निर्माण की समयावधि कब से कब तक निर्धारित है? **(ख)** रतनपुर-केन्दा मार्ग निर्माण में कितने ग्रामीणों के मकान एवं भूमि का भू-अर्जन किया गया है? कितने प्रभावितों को मुआवजा प्रदान किया जा चुका है एवं कितने प्रभावितों का मुआवजा किस कारण से लंबित है? **(ग)** रतनपुर-केंदा मार्ग में ग्राम खैरा मझवानी दारसागर सहित अन्य स्थानों में रोड रिएलाईमेंट करने कितने निजी भूमि का भू-अर्जन किया गया है? रिएलाईमेंट करने कितने मीटर भूमि की आवश्कता थी? रिएलाइमेंट करने शासकीय भूमि की उपलब्धता है कि नही? अगर शासकीय भूमि उपल्ब्ध थी तो किन कारणों से निजी भूमि का अधिग्रहण किया गया है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

छ.ग. श्रम कल्याण निधि के काम की अद्यतन स्थिति

[श्रम]

56. (क्र. 362) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण निधि अधिनियम के अन्तर्गत 30 जून, 2024 की स्थिति में उपलब्ध कुल राशि तथा जिलेवार उपलब्ध राशि बताएं? इस निधि के लिए देय अभिदाय राशि की दरें एवं नियम क्या हैं? **(ख)** इस निधि की राशि किन-किन मदों में खर्च किए जाने का प्रावधान है? वित्तीय वर्ष 2023-2024 से 30 जून, 2024 तक व्यय की गई कुल राशि का विवरण तथा जिलावार विवरण बताएं? हितग्राहियों की संख्या भी बताएं? **(ग)** इस निधि से खर्च की अनुशंसा किस पदाधिकारी द्वारा की जाती है तथा स्वीकृतकर्ता पदाधिकारी कौन है? मदवार खर्च की जाने वाली राशि की सीमा क्या है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल की निधि में 30 जून

2024 की स्थिति में राशि रूपये 42,68,72,238 उपलब्ध है। मंडल द्वारा जिला स्तर पर अभिदाय जमा करने एवं आबंटन का प्रावधान नहीं है।छ0ग0 श्रम कल्याण निधि अधिनियम 1982 के प्रावधान अनुसार 10 या 10 से अधिक कर्मचारी नियोजित करने वाले संस्थानों को प्रति छःमाही (जनवरी से जून एवं जुलाई से दिसम्बर) नियोजित प्रत्येक कर्मचारी हेतु नियोजक का अभिदाय रूपये 45/- व कर्मचारी द्वारा देय अभिदाय रूपये 15/- है। परन्तु नियोजक का अभिदाय न्यूनतम रूपये 1500/- से कम नहीं होगा। राज्य शासन द्वारा नियोजक से प्राप्त अभिदाय राशि के बराबर अनुदान राशि मंडल को दिया जाना प्रावधानित है।**(ख)** इस निधि का उपयोग पंजीकृत संगठित श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक, सामुदायिक आवश्यकताएं, खेल-कूद, मनोरंजन, स्वास्थ्य, आजीविका हेतु राज्य शासन के अनुमोदन से संचालित योजनाओं में किये जाने का प्रावधान है। इसकेअतिरिक्त मंडल के कर्मचारियों एवं सदस्यों के वेतन भत्ते तथा अन्य प्रशासनिक व्यय किया जाना प्रावधानित है।वित्तीय वर्ष 2023-2024 से 30 जून, 2024 तक व्यय तथा लाभांवित हितग्राहियों की जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** इस निधि से खर्च की अनुशंसा संचालक मंडल द्वारा किया जाता है तथा स्वीकृत कर्ता राज्य शासन है।कल्याण आयुक्त छ.ग. श्रम कल्याण मंडल द्वारा अनुमोदित बजट के आधार पर मदवार खर्च किया जाता है, अन्य प्रशासनिक व्यय की सीमा वार्षिक आय के 50 प्रतिशत है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

स्पेशल ब्लास्ट्स लिमिटेड, बेमेतरा में हुई दुर्घटना में जनहानि एवं कृत कार्यवाहियां

[श्रम]

57. (क्र. 363) डॉ. चरण दास महंत : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** स्पेशल ब्लास्ट्स लिमिटेड के जिला बेमेतरा में स्थित कारखाना में माह मई, 2024 में हुई गंभीर दुर्घटना का कारण क्या है तथा इसके लिए कौन-कौन उत्तरदायी है? इस दुर्घटना में मृतकों एवं घायलों की संख्या, नाम, पता, आयु, पद, वेतन आदि क्या-क्या थे? मृतकों एवं घायलों के लिए कितनी-कितनी मुआवजा राशि, तथा अन्य क्या-क्या सहायताएं किनको-किनको दी गई? जांच किसके द्वारा की गई? जांच प्रतिवेदन की प्रति उपलब्ध कराएं? **(ख)** स्पेशल बलास्ट्स लिमिटेड के पदाधिकारी, आक्यूपायर और मैनेजर कौन-कौन है? इस कंपनी की राज्य में कितनी इकाईयां और कारखाने हैं तथा उनमें क्या-क्या कार्य एवं उत्पादन होता है, क्षमता सहित बताएं? इनका सेफ्टी आडिट, इन्स्पेक्शन, जांच आदि 2023-24 में कब-कब, किसने-किसने किया था और क्या कमियां पाई गई थीं ? क्या कमियों को दूर कर लिया गया था? **(ग)** स्पेशल ब्लास्ट्स लिमिटेड के पास क्या सभी आवश्यक लाइसेंस तथा अनुमतियां हैं, उनके विवरण सहित बताएं? क्या ऐसी दुर्घटना न हो इस हेतु सभी आवश्यक उपाय किये गये थे? यदि हां, तो फिर दुर्घटना क्यों हुई? आक्यूपायर तथा प्रबंधक के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाहियां की गई हैं तथा की जाएंगी?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) स्पेशल ब्लास्टस् लिमिटेड ग्राम-पिरदा, तह.-बेरला जिला- बेमेतरा में दिनांक 25.05.2024 को समय प्रातः लगभग 08:00 बजे कारखाना परिसर के अंतर्गत स्थापित पी.ई.टी.एन. एक्सप्लोसिव विनिर्माण प्लांट बिल्डिंग में पी.ई.टी.एन. एक्सप्लोसिव के उठाव-धराव के दौरान घर्षण जनित स्थैतिक विद्युत के अचानक उत्पन्न हो जाने के कारण गंभीर विस्फोटक दुर्घटना घटी थी जिसके कारण पी.ई.टी.एन. एक्सप्लोसिव निर्माण प्लांट बिल्डिंग पूरी तरह ध्वस्त हो गई तथा कारखाना परिसर के अंदर स्थापित अन्य निर्माण प्लांट भी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गये। उक्त दुर्घटना के लिए कारखाना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के अंतर्गत कारखाने के अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक उत्तरदायी है। इस दुर्घटना में 09 श्रमिको की मृत्यु हुई तथा 07 श्रमिक घायल हुए है। दुर्घटना में मृत एवं घायल श्रमिक के नाम, पता, आयु, पद, वेतन तथा मृतकों एवं घायलों के लिए मुआवजा राशि एवं अन्य सहायता से संबंधित जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है।दुर्घटना की जांच कारखाना अधिनियम, 1948 एवं छ.ग. कारखाना नियमावली, 1962 के अंतर्गत उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, जिला-दुर्ग द्वारा संयुक्त रुप से की गई। दुर्घटना के संबंध में जांच प्रतिवेदन की प्रति **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- 'ब'** अनुसार है।**(ख)** स्पेशल ब्लास्टस् लिमिटेड के राज्य में 02 इकाईयां और कारखाने हैं जिनके पदाधिकारी, आक्यूपायर और मैनेजर, कार्य एवं उत्पाद विवरण एवं क्षमता की

जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- 'स'** अनुसार है।स्पेशल ब्लास्टस् लिमिटेड की दोनो इकाईयों में वर्ष 2023-24 में सेफ्टी ऑडिट, इन्स्पेक्शन जांच आदि से संबंधित जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'द'**अनुसार है।**(ग)** जी हॉ, स्पेशल ब्लास्टस् लिमिटेड, ग्राम-पिरदा, तह.-बेरला, जिला-बेमेतरा के पास कारखाना अधिनियम, 1948 एवं छ.ग. कारखाना नियमावली 1962, विस्फोटक नियम- 2008, पर्यावरण संरक्षण अधिनिमय, 1986, इंडियन बॉयलर एक्ट 1923 तथा संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के अंतर्गत आवश्यक लायसेंस तथा अनुमतियॉ है। उक्त लायसेंस एवं अनुमतियों से संबंधित विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ई** अनुसार है। ऐसी दुर्घटना न हो इस हेतु आवश्यक उपाय नहीं किये गये थे।कारखाना प्रबंधन को कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 40(2) के तहत कारखाना परिसर के अंतर्गत संचालित समस्त प्रकार की विनिर्माण प्रक्रिया से संबंधित गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से रोकने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य सुरक्षा, दुर्ग द्वारा जारी किया गया है। कारखाने के अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक के विरुद्ध कारखाना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के उल्लंघन हेतु प्रकरण दिनांक 10.06.2024 को माननीय श्रम न्यायालय, दुर्ग में दायर किया गया है।उक्त घटना घटित होने के पश्चात पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन, भारत सरकार द्वारा संबंधित कारखाना स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड को जारी सभी अनुज्ञप्तियॉ निरस्त कर दी गई है।उक्त कारखाने के विरूद्ध पुलिस चौकी कंडरका, थाना-बेरला द्वारा कारखाना स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड के पदाधिकारी श्री अवधेश जैन एवं अन्य के विरूद्ध एफ.आई.आर. क्रमांक 0178, भा.द.स. 1860, धारा 286, 337, 304-ए एवं विस्फोट अधिनियम 1984 9बी व 9सी के तहत दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

विधान सभा क्षेत्र मोहला मानपुर में स्वीकृत उच्च स्तरीय पुल पुलिया

[लोक निर्माण]

58. (क्र. 372) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- माह मई, 2024 की स्थिति में विधानसभा क्षेत्र मोहला मानपुर अंतर्गत बजट में शामिल उच्च स्तरीय पुल पुलिया की स्वीकृति एवं प्रारंभ कितनी हुई है? स्वीकृत एवं प्रारंभ नहीं हुई हो तो कब तक स्वीकृति एवं प्रारंभ करने की कार्यवाही की जाएगी, कृपया समय सीमा बताने का कष्ट करें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : बजट में शामिल कार्यों की संख्या-31, प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों की संख्या-24, प्रारंभ कार्यों की संख्या-20, अप्रारंभ कार्यों की संख्या-04, प्रशासकीय स्वीकृत अप्राप्त कार्यों की संख्या-07, प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने एवं कार्य प्रारंभ करने की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

कटघोरा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत इमली छापर चौक से सर्वमंगला चौक तक रोड निर्माण

[लोक निर्माण]

59. (क्र. 373) श्री प्रेमचंद पटेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- कटघोरा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत इमली छापर चौक से सर्वमंगला चौक तक रोड कब से निर्माणाधीन है तथा कब तक पूर्ण होगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : दिनांक 12.11.2020 से निर्माणाधीन है। पूर्णता की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा के अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[लोक निर्माण]

60. (क्र. 395) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत मिलूपारा से कुंजारा मार्ग का निर्माण कार्य बजट में शामिल है ? यदि हाँ, तो इसकी कब तक प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जावेगा, जानकारी

देवें? **(ख)** विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा अंतर्गत विभाग द्वारा कितने पुल पुलिया एवं निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं ? उनमें कितने स्वीकृत हैं तथा उनकी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ कब तक किया जावेगा, जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** प्रस्तावित कार्य- 13 सेतु तथा 31 सड़क = कुल 44 कार्य। स्वीकृति प्राप्त - 02 सेतु तथा 09 सड़क = कुल 11 कार्य। स्वीकृत कार्यों की स्थिति - 02 कार्य पूर्ण, 04 कार्य प्रगति पर, 04 कार्य निविदा स्तर पर, 01 कार्य भू-अर्जन प्रक्रियाधीन, शेष 33 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं।

<u>जिला गरियाबंद में संचालित नल-जल योजना की पूर्णता</u>

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

61. (क्र. 400) श्री रोहित साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** गरियाबंद जिला में संचालित नल-जल योजना के धीमी गति एवं अपूर्ण होने के क्या कारण हैं? **(ख)** क्या इस योजना की प्रगति एवं गुणवत्ता की मॉनिटरिंग नियमित रूप से की जा रही है? योजना कब तक पूर्ण कर ली जायेगी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) गरियाबंद जिला में संचालित जल जीवन मिशन अन्तर्गत नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन किये जाने के दौरान विश्वव्यापी महामारी कोविड-19 के संक्रमण के कारण कार्य की प्रगति धीमी रही, कुछ ग्रामों में जल टंकी निर्माण कार्य स्थल चयन में विवाद तथा कुछ ठेकेदारों द्वारा कार्य में विलम्ब किया गया, जिसके कारण कार्य की प्रगति धीमी रही तथा कार्य की पूर्णता प्रभावित हुई। **(ख)** जी हां। योजना वर्ष 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।

<u>जिला गरियाबंद के ग्राम सुरसाबांधा में प्रस्तावित नवीन फूड पार्क की स्थापना</u>

[वाणिज्य एवं उद्योग]

62. (क्र. 401) श्री रोहित साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला गरियाबंद के वि.ख. फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम सुरसाबांधा में नवीन फूड पार्क स्थापित किये जाने हेतु दिनांक 23.11.2022 को निविदा जारी होने के बाद भी अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है? विलम्ब के क्या कारण हैं? **(ख)** इसे कब प्रारंभ किया जावेगा और कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला गरियाबंद के विकासखण्ड फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम सुरसाबांधा में नवीन फूडपार्क स्थापित किये जाने हेतु दिनांक 23.11.2022 को निविदा जारी की गई थी। निविदा जारी होने के पश्चात छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमि. (सीएसआईडीसी) द्वारा सीमांकन का कार्य प्रारंभ किया गया।सीमांकन के दौरान श्री भूपेन्द्र साहू एवं अन्य द्वारा प्रश्नाधीन भूमि के राजस्व अभिलेखों में उनका नाम भूमि स्वामी के रूप में दर्ज होने के आधार पर प्रश्नाधीन भूमि पर फूडपार्क स्थापित किये जाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए अवगत कराया कि माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर के द्वारा प्रश्नाधीन भूमि के संदर्भ में प्रस्तुत की गई याचिका क्रमांक WPC No. 1867 of 2020 एवं WPC No. 2630 of 2020 में जारी स्थगन आदेश दिनांक 20.08.2020 के द्वारा आगामी कार्यो पर रोक लगाई गई है। इन प्रकरणों के संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी उपरोक्त आदेश के उपरांत कोई सुनवाई नहीं हुई है। तदनुसार उपरोक्त फूडपार्क की स्थापना का कार्य अवरूद्ध है। **(ख)** याचिका क्रमांक WPC No. 1867 of 2020 एवं WPC No. 2630 of 2020 में माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा जारी स्थगन आदेश के निराकरण के उपरांत माननीय न्यायालय द्वारा दिये जाने वाले आदेशानुसार आगामी कार्यवाही की जा सकेगी। अतः समय-सीमा में बताया जाना सभंव नहीं है।

मरवाही विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत सड़क, पुल-पुलिया निर्माण

[लोक निर्माण]

63. (क्र. 403) श्री प्रणव कुमार मरपची : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विधान सभा क्षेत्र मरवाही में कितनी सड़क, पुल- पुलिया का निर्माण स्वीकृत है कितना निर्माणाधीन है एवं कितनी और आवश्यकता है? क्षेत्र के विकास के लिए क्या कार्य योजना है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : सड़क कार्य:- स्वीकृत कार्य - 05 नग, निर्माणाधीन कार्य - 02 नग, अप्रारंभ कार्य - 03 नग। पुल कार्य:- स्वीकृत कार्य - 09 नग, निर्माणाधीन कार्य - 02 नग, पूर्ण कार्य - 05 नग, निविदा स्तर पर - 02 नग। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 23 सड़क एवं 03 पुल के कार्यों का प्रावधान है।

जिला सरगुजा में नालंदा परिसर लायब्रेरी का निर्माण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

64. (क्र. 407) श्री राजेश अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या शासन द्वारा सरगुजा जिलान्तर्गत, नांलदा परिसर लाइब्रेरी निर्माण प्रस्तावित है अथवा कोई पहल की जा रही है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : शासन द्वारा सरगुजा जिला अंतर्गत नगर निगम अम्बिकापुर में 500 सीटर क्षमता के सर्वसुविधा युक्त सेन्ट्रल लाइब्रेरी सहरीडिंग जोन निर्माण कार्य हेतु बजट में राशि रू. 12.00 करोड़ का प्रावधान किया है। इसके लिए निगम द्वारा वार्ड क्र. 12 माता राजमोहनी वार्ड में खसरा क्र. 243/1 रकबा 1 एकड़ में लाइब्रेरी प्रस्तावित किया गया है। जिले के अन्य निकाय नगर पंचायत लखनपुर एवं नगर पंचायत सीतापुर की जानकारी निरंक है।

अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जल-जीवन मिशन के कार्यो की पूर्णता

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

65. (क्र. 411) श्री राजेश अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- अंबिकापुर विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के कार्य काफी धीमी गति से चल रहे है व गुणवत्ता का अभाव है। अम्बिकापुर विधान सभा में लगभग सभी जगह कार्य अपूर्ण है। कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए शासन द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : अम्बिकापुर विधान सभा क्षेत्र के 165 ग्रामों में से 5 ग्रामों में कार्य पूर्ण एवं संचालित है। शेष 160 ग्रामों की योजनाएं अंतर्गत शेष 16,712 घरेलू नल कनेक्शन का कार्य वर्ष 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। जल जीवन मिशन के दिशा-निर्देश अनुसार गुणवत्तापूर्वक कार्य किये जा रहे है। पाईप गुणवत्ता की जाँच केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (सीपेट) एवं कार्य की गुणवत्ता निर्धारण हेतु तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी नियुक्त है, जिनके द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। कार्यो को लक्षित अवधि में पूर्ण करने हेतु शासन द्वारा हर स्तर पर अनुश्रवण की कार्यवाही की जा रही है।

अंबिकापुर में ए.आर. मद अंतर्गत कार्यों की जांच/परीक्षण

[लोक निर्माण]

66. (क्र. 412) श्री राजेश अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- लोक निर्माण विभाग, अम्बिकापुर अंतर्गत ए.आर. मद से विगत तीन वर्षों में कितनी-कितनी राशि के क्या-क्या कार्य कराए गए है ? क्या उनमें निविदा प्रक्रिया एवं शर्तों का पूरी तरह पालन किया गया है ? क्या

उक्त कार्यो का निरीक्षण व कार्यों में हुई अनियमितता की दृष्टि से पुर्नपरीक्षण एवं जांच करायी जाएगी ? यदि हां तो कब तक ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

ग्राम बिरनपुर से सम्बलपुर मार्ग के अपूर्ण कार्य को पूर्ण किया जाना

[लोक निर्माण]

67. (क्र. 415) श्री ईश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वर्ष 2022-2023 मे प्रारंभ ग्राम-बिरनपुर से ग्राम-संबलपुर 4.20 किलोमीटर पहुंच मार्ग में लगभग 300 मीटर अधूरे कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

बस्तर संभाग में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

68. (क्र. 848) श्री कवासी लखमा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- 1 दिसंबर, 2023 से 30 जून, 2024 तक बस्तर संभाग में कितने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए? विकासखंडवार, जिलावार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी नहीं। 1 दिसंबर, 2023 से 30 जून, 2024 तक प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत बस्तर संभाग के नगरीय निकायों में कोई भी आवास स्वीकृत नहीं किये गए है।

दंतेवाडा जिला में फ़ूड पार्क की स्थापना

[वाणिज्य एवं उद्योग]

69. (क्र. 956) श्री चैतराम अटामी : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला दंतेवाड़ा में फूड पार्क स्थापित करने की योजना है? यदि हां, तो कब तक फूडपार्क की स्थापना की जायेगी? यदि नहीं तो क्यों?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : जी हां, जिला-दंतेवाड़ा में फूडपार्क स्थापित करने की योजना है। दंतेवाड़ा जिले के ग्राम गढ़मिरी, विकासखंड कुआकोण्डा में कुल रकबा 8.900 हेक्टे. तथा ग्राम-गाटम, विकासखंड कटेकल्याण में कुल रकबा 19.060 हेक्टे. शासकीय भूमि का चिन्हांकन किया जाकर इसका आधिपत्य वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को हस्तांतरित किया गया है। उपरोक्त दोनों स्थानों पर पार्क की स्थापना हेतु परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जाकर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु कार्यवाही प्रचलन में है। स्वीकृति प्रक्रियाधीन होने के कारण स्थापना की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

जल जीवन मिशन व पेयजल आपूर्ति की समस्या का निराकरण

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

1. (क्र. 13) श्रीमती गोमती साय : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत कौन-कौन से ग्रामों में नल-जल व पेयजल की समस्या है? ग्रामवार जानकारी देवें। **(ख)** कंडिका ''क'' में वर्णित कितने पारा व मोहल्ला नलकूप विहीन हैं? पारा मोहल्ला के नाम सहित पंचायत वार जानकारी देवें? इन स्थानों पर नलकूप व नल जल योजना का लाभ कब तक मिलेगा? समस्या से निपटने हेतु विभाग के द्वारा क्या कदम उठाये गये है? **(ग)** नल-जल कनेक्शन दिए जाने हेतु कृत निर्माण कार्य में सी.सी.रोड को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, उसके जिम्मेदार कौन-कौन हैं? क्षतिग्रस्त सी.सी.रोड को कब तक बनाया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधान सभा क्षेत्र पत्थलगांव अन्तर्गत जिन ग्रामों में नलजल व पेयजल की समस्या है, की ग्रामवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** कंडिका 'क' में वर्णित 01 पारा मोहल्ला कारामाटी, ग्राम एवं पंचायत छातासराई नलकूप विहीन है। ग्राम छातासराई के मोहल्ला घुईगोंड़ा के नलकूप स्त्रोत से नल जल योजना का लाभ शीघ्र मिलना संभावित है। समस्या से निपटने हेतु ग्राम/बसाहट में नलजल योजना का कार्य प्रगति पर है। **(ग)** नलजल कनेक्शन दिये जाने हेतु कृत निर्माण कार्य में पाईप लाईन बिछाने के दौरान आवश्यकतानुसार सी.सी. रोड का क्षतिग्रस्त होना सामान्य प्रक्रिया है। पाईप लाईन एवं नल कनेक्शन हेतु रोड की खुदाई आवश्यक है, इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। क्षतिग्रस्त सी.सी. रोड को पाईप लाईन के परीक्षण उपरांत कांक्रीटीकरण सुधार किया जाता है, जिसकी निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

औद्योगिक क्षेत्रो में अधोसंरचनात्मक उन्नयन कार्य योजना में स्वीकृत कार्य की अद्यतन स्थिति

[वाणिज्य एवं उद्योग]

2. (क्र. 32) श्री दिलीप लहरिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रो में अधोसंरचनात्मक उन्नयन कार्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021 से जून, 2024 तक क्या-क्या कार्य स्वीकृत किए गए हैं? स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है? जिलावार, विकासखंडवार, कार्यवार विस्तृत विवरण देवें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों में अधोसंरचनात्मक उन्नयन कार्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021 से जून, 2024 में स्वीकृत किए गए कार्य, स्वीकृत कार्यो की अद्यतन स्थिति की जानकारी जिलावार, विकासखंडवार, कार्यवार विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के क्रियान्वयन के संबंध में

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

3. (क्र. 54) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभागान्तर्गत नगरीय निकायों में विगत 03 वर्षों में कितने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजनान्तर्गत

आवास हेतु आवेदन प्राप्त हुये, में से कितने स्वीकृत व कितने अस्वीकृत हुये ? नगरीय निकायवार, वर्षवार जानकारी देंवे ? **(ख)** स्वीकृत आवासों में से कितने पूर्ण, अपूर्ण, अप्रारंभ तथा अपूर्ण स्थिति में बंद हैं ? निकायवार, वर्षवार जानकारी देंवे ? **(ग)** अद्यतन स्थिति में कितने आवेदन लंबित हैं तथा कितना लक्ष्य प्राप्त हुआ है? इस हेतु प्राप्त आबंटन की स्थिति भी बतावें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) बस्तर संभाग अन्तर्गत नगरीय निकायों में विगत् 03 वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में आवास हेतु 5361 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 4572 आवेदन स्वीकृत व 789 आवेदनों में स्वीकृति प्रदान किया जाना शेष है। नगरीय निकायवार, वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-''अ'' अनुसार है। (ख)** योजना अन्तर्गत स्वीकृत 4572 आवासों में से 2006 आवास पूर्ण, 1697 आवास अपूर्ण एवं 869 आवास अप्रारंभ हैं। अपूर्ण की स्थिति में कोई भी आवास बंद नहीं है। नगरीय निकायवार, वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-''ब'' अनुसार है।(ग)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्वीकृति हेतु कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं हैं एवं वर्षवार आबंटन प्रदान करने का प्रावधान नहीं है। योजना अन्तर्गत अद्यतन 789 आवेदन स्वीकृति हेतु शेष है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

रायपुर राजधानी के तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण, खारून रिवर फ्रंट तथा तेलीबांधा फ्लाई ओवर

[लोक निर्माण]

4. (क्र. 61) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या रायपुर राजधानी में तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण खारून रिवर फ्रंट तथा तेलीबांधा फ्लाई ओवर निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है? यदि हां, तो किस-किस तिथि को कितनी-कितनी राशि की? क्या इस हेतु डी.पी.आर. तैयार किया गया है, निविदा आमंत्रित की गई है? यदि हां, तो किस तिथि को? **(ख)** क्या इन सभी कार्यो के भूमिपूजन हो चुके हैं? यदि हां, तो कब किसके द्वारा? क्या बिना निविदा आमंत्रित किये, बिना कार्य एजेंसी तय हुए, बिना कार्यादेश जारी किये, भूमि पूजन नियमानुसार है? यदि हां, तो किस नियम के तहत यदि नियम के विरूद्ध है तो भूमिपूजन कराने वाले एवं भुमिपूजन करने वाले के विरूद्ध क्या कार्यवाही प्रस्तावित है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हॉ। प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत भूमि पूजन हुआ है। भूमि पूजन के संबंध में कोई स्पेशिफिक नियम उपलब्ध नहीं है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

सड़क विकास निगम द्वारा बनाये जा रहें मार्गो तथा वार्षिक संधारण मद से स्वीकृत कार्य

[लोक निर्माण]

5. (क्र. 62) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला - रायपुर अंतर्गत वर्ष 2023-24 में वार्षिक संधारण मद से कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किये गये, कार्य का नाम, स्वीकृति राशि, विधानसभा क्षेत्र का नाम सहित पूर्ण जानकारी देवें? **(ख)** क्या सड़क विकास निगम लोक निर्माण विभाग के बजट में शामिल मार्गो का निर्माण कर रहा है? यदि हां तो क्यों एवं कौन से मार्ग हैं? इन सड़कों को सड़क विकास निगम से निर्माण कराने का निर्णय किसका था तथा मार्गो का चयन/चिन्हांकन किसके आदेश अनुसार किया गया?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जी हॉ। सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल द्वारा लिये जाने वाले ऋण से स्वीकृत किये जाने वाले कार्यों के लिये बजट में शामिल मार्गों का निर्माण कर रहा है। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। इन सड़कों को छत्तीसगढ़ सड़क तथा अधोसंरचना विकास निगम लिमिटेड से निर्माण कराने का निर्णय छ.ग. शासन का है। मार्गों का चयन/चिन्हांकन तद्नुसार किया गया है।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलान्तर्गत पंजीकृत श्रमिक

[श्रम]

6. (क्र. 74) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़-चौकी क्षेत्र अंतर्गत नवीन जिला बनने के बाद मई, 2024 की स्थिति में कितने श्रमिकों का पंजीयन हुआ है एवं कितने को श्रमिक कार्ड जारी हुआ है? क्या श्रमिक पंजीयन की कार्यवाही नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में की जाती है? यदि नहीं, तो ये सुविधा कब से चालू होगी, कृपया समय-सीमा बताने का कष्ट करें। **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार पंजीकृत श्रमिकों को क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं एवं कितने लोग इस योजना से लाभान्वित हुये हैं, जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़-चौकी क्षेत्र अंतर्गत नवीन जिला बनने के बाद मई, 2024 की स्थिति में छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 5607 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन/श्रमिक कार्ड बनाये गये है। छ0ग0 असगंठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 990 असंगठित श्रमिकों का पंजीयन/श्रमिक कार्ड बनाये गये है।जी हाँ। उक्त मंडलों अंतर्गत श्रमिक पंजीयन हेतु विभागीय पोर्टल में श्रमिकों द्वारा च्वाईस सेंटर, मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किये जाने की प्रक्रिया है। ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर श्रमिकों का पंजीयन किया जाता है, जिसका पंजीयन कार्ड श्रमिक ऑनलाईन प्राप्त कर सकता है। छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत संगठित श्रमिकों के पंजीयन की जानकारी निरंक है। उक्त मंडल में श्रमिक कार्ड बनाये जाने का प्रावधान नहीं है। उक्त मंडल अंतर्गत नियोजक द्वारा उनके संस्थान में कार्यरत श्रमिकों की जानकारी ऑनलाइन इंद्राज किये जाने पर उनका स्वमेव पंजीयन हो जाता है।**(ख)** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़-चौकी में प्रश्नांकित अवधि में पंजीकृत श्रमिकों अथवा उनके आश्रितों को योजनांतर्गत लाभांवित एवं देय हितलाभ की मंडलवार, योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'अ'** एवं **'ब'**अनुसार है।छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत लाभांवितों की जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत अवैध प्लाटिंग पर कृत कार्यवाही

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

7. (क्र. 75) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** नगर पालिक निगम राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत दिसम्बर, 2023 से मई, 2024 तक कितना अवैध प्लाटिंग कार्य हुआ है, कितने को नगर पालिक निगम अधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा नोटिस जारी किया गया है एवं जारी नोटिस के विरूद्ध कितने के उपर क्या-क्या कार्यवाही प्रस्तावित की गयी है, सूची सहित विस्तृत जानकारी देवें ? **(ख)** यदि नगर पालिक निगम अधिकारी एवं तहसीलदार स्तर से किसी भी प्रकार से कार्यवाही नही की गयी है तो इसके लिए जिम्मेदार कौन-कौन हैं तथा जिम्मेदार के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है, अगर कार्यवाही नहीं की गई है, तो कब तक संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी, कृपया समय सीमा बताने का कष्ट करें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगर पालिक निगम राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत दिसम्बर, 2023 से मई, 2024 तक विभिन्न निवेश क्षेत्र ग्राम- बजरंगपुर नवागांव, चिखली, मोतीपुर, लखोली में 06 भूस्वामियों द्वारा मुरूम रोड बनाकर अवैध प्लाटिंग किया जा रहा था, जिस पर कार्यवाही करते हुए छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292 (ग) के तहत नोटिस जारी कर टुकड़ो में खरीदी-ब्रिकी प्रतिबंधित करने भूमि पर अवैध प्लाटिंग का बोर्ड लगाया गया है तथा अवैध प्लाटिंग के खसरों पर क्रय-विक्रय प्रतिबंधित किये जाने हेतु उप पंजीयक राजनांदगांव को पत्र दिनांक 12.06.2024 जारी किया गया है। जिसकी जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** नगर पालिक निगम के अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292 (ग) के तहत कार्यवाही की गई। प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

छत्तीसगढ़ के उद्योगों द्वारा कल-पुर्जे क्रय के नियम

[वाणिज्य एवं उद्योग]

8. (क्र. 95) श्री कवासी लखमा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में मशीनरी एवं कल-पुर्जे खरीदी करने के क्या नियम हैं? **(ख)** क्या स्थानीय निजी लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों से क्रय करने का नियम है? यदि हां, तो राज्य में स्थित उक्त उपक्रमों में वर्ष 2022 से जून, 2024 तक किन-किन उद्योगों ने कितनी-कितनी राशि का कल-पुर्जा क्रय किया? वर्षवार-संस्थावार जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) प्रदेश में राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में मशीनरी एवं कल-पुर्जे खरीदी करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन, भण्डार क्रय नियम, 2002 (यथा संशोधित 2024) के अंतर्गत नियमावली की कंडिका 5 के अंतर्गत डीजीएस एंड डी, जेम वेबसाइट (Gem Website) से सीधे क्रय करने का प्रावधान है। **(ख)** उत्तरांश ''क'' में वर्णित अनुसार स्थानीय निजी लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों से सार्वजनिक उपक्रमों में मशीनरी एवं कल-पुर्जे खरीदी करने का कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं है। तदानुसार प्रश्नांश की शेष जानकारी निरंक है।

खरसिया से धरमजयगढ़ सड़क मार्ग की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

9. (क्र. 104) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-लोक निर्माण विभाग अंतर्गत चंद्रपुर-खरसिया-धरमजयगढ़-पत्थलगांव मार्ग सड़क निर्माण हेतु कब और कितनी राशि स्वीकृत की गई है? सड़क निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है? सड़क निर्माण कार्य में विलंब होने के क्या कारण हैं? यदि उक्त सड़क मार्ग में घटिया सामग्री निर्माण कार्य में उपयोग में लाया जावें की शिकायत प्राप्त हुई हो तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ? कब तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : दिनांक 17.03.2021 को राशि रु. 19092.19 लाख एवं दिनांक 14.12.2022 को पुनरीक्षित सहित राशि रु. 19214.85 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। नया रा.रा. मार्ग क्र. 153 के कि.मी. 30/8 में स्थित महानदी चन्द्रपुर सेतु का वियरिंग गेप स्लैब एवं एक्सपान्सन ज्वाईंट इत्यादि कार्यों का सुधार हेतु पुल पर भारी वाहनों का आवागमन कलेक्टर जांजगीर द्वारा दिनांक 15.12.2021 से प्रतिबंधित किया गया था। दिनांक 04.07.2022 से उक्त सेतु पर भारी वाहनों का आवागमन प्रारंभ हुआ। रायगढ़ जिले में अधिकांश गिट्टी की सप्लाई चंद्रपुर में स्थित क्रेशर से होता है। गिट्टी के आभाव में भी कार्य की प्रगति प्रभावित हुई। ठेकेदार द्वारा धीमी गति से कार्य करने के कारण भी कार्य में विलंब हुआ। कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

जिला सुकमा में स्वीकृत सड़क कार्य

[लोक निर्माण]

10. (क्र. 118) श्री कवासी लखमा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला सुकमा में वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक कौन-कौन से सड़क निर्माण कार्य को बजट में शामिल किया गया? लागत सहित कार्यवार-वर्षवार जानकारी देवें ? निविदा किन-किन ठेकेदारों को मिली ? नाम, पता सहित जानकारी देवें? **(ख)** इनकी निविदा कब-कब लगायी गयी ? **(ग)** क्या जिन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिली है, उनको पुनः शामिल कर स्वीकृति प्रदान की जायेगी ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर घोड़ारी से लभराखुर्द तक बायपास रोड निर्माण की स्वीकृति

[लोक निर्माण]

11. (क्र. 125) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या महासमुन्द विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर घोड़ारी से लभराखुर्द तक बायपास रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित/विचाराधीन है? **(ख)** यदि हाँ, तो इसकी स्वीकृति, बजट आबंटन, भूअर्जन की स्थिति की जानकारी देवे? **(ग)** प्रस्तावित निर्माण कार्य कब तक प्रारंभ हो जाएगा, निर्माण कार्य के लिए कब तक की अवधि निर्धारित की गई है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। **(ख)** घोड़ारी-महासमुंद-बागबहरा-खरियार रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 353 के कि.मी. 0.000 से 65.900 के भाग को 4-लेन चौड़ीकरण करने हेतु भारत सरकार, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के वार्षिक योजना 2024-25 में डी.पी.आर. तैयार करने के लिए राशि रु. 2.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है। जिसमें महासमुंद बायपास के सर्वे का कार्य भी सम्मिलित है। **(ग)** कार्य प्रारंभ करने की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

जांजगीर चांपा जिला अंर्तगत सी.एस.आर मद से स्वीकृत कार्य

[वाणिज्य एवं उद्योग]

12. (क्र. 134) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जांजगीर चांपा जिला को सी.एस.आर मद अंतर्गत जनवरी, 2024 से जून, 2024 तक कितनी राशि प्राप्त हुई? प्राप्त राशि में कौन-कौन से कार्य, कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत हुए, जानकारी बतावें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : जांजगीर चांपा जिला को सी.एस.आर. मद अंतर्गत जनवरी 2024 से जून 2024 तक प्राप्त होने वाली राशि निरंक है। अतः शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

मुंगेली नगर पालिका एवं नगर पंचायत जरहागांव, बरेला अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

13. (क्र. 135) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राज्य शासन द्वारा नगर पालिका मुंगेली को वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक कुल कितनी राशि का आबंटन जारी किया गया ? उक्त अवधि में नगर पालिका द्वारा कितने महापुरूषों की मूर्ति की स्थापना, सी.सी.रोड, सामुदायिक भवन, नाली निर्माण किया गया है, कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कितने आपूर्ण है? वर्षवार जानकारी देवें? क्या स्थानीय शासन द्वारा नगर पालिका मुंगेली के माध्यम से शहर में विभिन्न नये निर्माण कार्य, सौदर्यीकरण चौक चौराहों में महापुरूषों की मूर्ति की स्थापना एवं अन्य विकास कार्य हेतु कोई कार्य योजना बनायी जाकर राज्य शासन को प्रेषित की गई है ? यदि हां तो स्वीकृति प्रदान किये जाने को लेकर आज दिनांक तक राज्य शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं तो कब तक स्वीकृति प्रदान की जावेंगी? **(ख)** क्या स्थानीय शासन द्वारा नवगठित नगर पंचायत जरहागांव एवं बरेला में मूलभूत निर्माण कार्य के कितनी राशि के, कितने प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किये गये हैं? जिसमें कितनी राशि के कितने कार्य स्वीकृत किये गये हैं तथा कितने कार्य स्वीकृति हेतु लंबित है तथा कब तक स्वीकृति प्रदान की जावेगी, समयावधि बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख) जी हाँ, स्थानीय शासन द्वारा नवगठित नगर पंचायत जरहागांव एवं बरेला में मूलभुत निर्माण कार्यों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किये गये हैं, जो निम्नानुसार हैं:-

क्र.	निकाय का नाम	मद का नाम	प्राप्त प्रस्ताव में कार्यों की संख्या	अनुमानित लागत राशि
1	न.पं. जरहागांव	अधोसंरचना	12	680.00
		रा.प्र.यो.	निरंक	निरंक
		15 वां वित्त	निरंक	निरंक

2	न.पं. बरेला	अधोसंरचना	74	1633.94
		रा.प्र.यो.	निरंक	निरंक
		15 वां वित्त	निरंक	निरंक

अधोसंरचना में प्राप्त प्रस्तावों की वर्तमान में स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है। वर्तमान में प्राप्त उपरोक्त प्रस्ताव लंबित है। कार्यों का अनुमोदन राज्य के समस्त निकायों से प्राप्त प्रस्तावों तथा राज्य बजट से अधोसंरचना मद में उपलब्ध करायी गयी राशि के संपूर्ण परीक्षण उपरांत किया जाता है। अतः इन दोनों निकायों से प्राप्त प्रस्तावों में से कौन से प्रस्ताव स्वीकृत होंगे तथा कब तक स्वीकृत होंगे यह जानकारी दिया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में हुए पेयजल संबधी स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

14. (क्र. 136) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक कितने नलजल, स्थल जल, समूह जल एवं हैण्डपंप खनन हेतु एवं अन्य माध्यम से मुंगेली शहर को पेय जल उपलब्ध कराने हेतु कहां कहां कार्य स्वीकृत किये गये हैं ? कितने कार्य पूर्ण हुए कितने अपूर्ण हैं, वर्षवार, विकासखण्डवार कारण सहित जानकारी देवें? **(ख)** क्या उक्त कार्य हेतु निविदा जारी की गयी थी? यदि हां तो किस किस कार्य के लिए कौन कौन से ठेकेदार, एजेन्सी/फर्म को कार्य मिला? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण किये जावेंगे समयावधि बतावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में वर्ष 2021-22 से दिनांक 05.07.2024 तक 264 नलजल योजना, 308 हैण्डपम्प खनन एवं मुंगेली शहर में 20 नलकूप खनन स्वीकृत किये गये है। मुंगेली विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र में स्थल जल प्रदाय योजना व समूह जल प्रदाय योजना के कार्य स्वीकृत नहीं हुए है। ग्रामीण क्षेत्र में स्वीकृत किये गये कार्य पूर्ण एवं अपूर्ण की वर्षवार एवं विकासखंडवार कारण सहित जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं प्रपत्र-ब** अनुसार है। मुंगेली शहर में पेयजल की उपलब्धता हेतु नलकूप खनन कार्य की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र–स** अनुसार है। **(ख)** नलजल योजना के कार्य की निविदा, हैण्डपम्प खनन कार्य की निविदा एवं विभागीय माध्यम तथा सोलर आधारित योजना के कार्य, क्रेडा एवं निविदा के माध्यम से कराया जा रहा है। जिन कार्यो के लिये जिन ठेकेदार, एजेन्सी/फर्मो को कार्य मिला है, की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र–ब एवं प्रपत्र–स** अनुसार है। अपूर्ण कार्यो को पूर्ण करने की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र–ब** अनुसार है।

महासमुंद नगर पालिका परिषद् को नगर पालिका निगम बनाने विषयक

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

15. (क्र. 138) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या महासमुन्द नगर पालिका को नगर निगम बनाए जाने के संबंध में कोई प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन है? **(ख)** यदि हां, तो महासमुन्द को कब तक नगर निगम बनाया जाएगा? **(ग)** यदि नहीं तो नगर निगम बनाए जाने के लिए आवश्यक प्रावधान की विस्तृत जानकारी देंगे?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हां, पूर्ववर्ती माननीय मुख्यमंत्रीजी के दिनांक 20.08.2023 को महासमुंद जिले में प्रवास के दौरान नगर पालिका महासमुंद को नगर पालिक निगम में उन्नयन की घोषणा की गई थी, जिसके संबंध में कलेक्टर महासमुंद से उनके पत्र दिनांक 15.09.2023 के साथ प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। **(ख)** संचालनालय के पत्र दिनांक 14.02.2024 द्वारा कलेक्टर महासमुंद से स्पष्ट जानकारी अभिमत सहित प्रस्ताव चाहा गया है, जो अप्राप्त है। नगर निगम बनाने के संबंध में समय-सीमा

बताया जाना संभव नहीं है । **(ग)** छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 7 (2) अनुसार उस क्षेत्र की जनसंख्या, उसमें जनसंख्या की सघनता, स्थानीय प्रशासन के लिए उत्पन्न राजस्व, कृषि से भिन्न क्रिया-कलापो में नियोजन की प्रतिशतता, आर्थिक महत्व के साथ-साथ एक लाख या इससे अधिक की आबादी का मापदण्ड निर्धारित है ।

नगर निगम रायपुर अंतर्गत व्ययसायिक भवनों का संपत्तिकर

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

16. (क्र. 142) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विगत पांच वर्षो में नगर निगम रायपुर, अंतर्गत कौन-कौन से व्यवसायिक भवनों का कितनी-कितनी राशि का संपत्तिकर बकाया है? उनके मालिक व संस्था का नाम तथा पता सहित वर्षवार बतायें? **(ख)** उक्त किन-किन बकायादारों को किस नियम-निर्देश या शर्तो पर कितनी-कितनी राशि की छूट प्रदाय की गयी है तथा इससे कितनी राशि की राजस्व क्षति सरकार को हुयी है? **(ग)** उक्त कितने बकायादारों को विभाग द्वारा नोटिस दीया गया है तथा कितने के खिलाफ अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गयी है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विगत पांच वर्षो में नगर निगम रायपुर अंतर्गत व्यवसायिक भवनों की संपत्तिकर की बकाया राशि निम्नानुसार हैं:- विगत 05 वर्षो की व्यवसायिक भवनों की संपत्तिकर की जानकारी:-

वर्ष	कुल व्यवसायिक भवनों की संख्या	बकायादार भवनों की संख्या	बकाया संपत्तिकर की राशि
2019-20	22312	253	2500977
2020-21	24832	922	9237260
2021-22	28475	1120	20970787
2022-23	34345	2208	43999336
2023-24	39437	4986	112741140

बकाया व्यवसायिक भवनों के मालिक/संस्था के नाम व पता की वर्षवार सूची **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है ।(ख)** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश क्रमांक एफ. 8-1/2023/18 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 13.09.2023 अनुसार छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 163 तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 132 में संपत्तिकर में छूट के विधिक प्रावधान एवं मंत्रि-परिषद के आदेश दिनांक 02.09.2023 अनुसार नगरीय क्षेत्र में उद्योग विभाग/सीएसआईडीसी द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित औद्योगिक इकाईयों को संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने हेतु संपत्तिकर देयतों से पूर्ण छूट प्रदान की गई है। जिसकी **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-"ब" अनुसार है ।** उक्त आदेश अनुसार नगरीय निकायों को पूर्व में प्राप्त हो रही संपत्तिकर की प्रतिपूर्ति वर्ष 2022-23 की वार्षिक मांग को आधार मानकर 30 प्रतिशत राशि क्षतिपूर्ति के रूप में संबंधित निकाय को चुंगी क्षतिपूर्ति मद से देय होगी। उक्त आदेश के अनुक्रम में पूर्व के बकाया वसूली को अपास्त किया गया है। संपत्तिकर में छूट प्रदाय करने से राशि रू. 5381759/- की क्षति हुई है । **(ग)** उक्त सभी बकायादारों को निगम द्वारा नोटिस दिया गया है, 192 बकायादारों पर कार्यवाही करते हुए इनमें से 81 बकायादारों की संपत्ति पर सीलबन्द की कार्यवाही की गई है, जिसकी **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-"स"** में है । कार्यवाही के दौरान बकायादारों द्वारा बकाया राशि 16138150/- रू. प्राप्त हुआ, फलस्वरूप सील खोलने की कार्यवाही की गई ।

जिला धमतरी अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र जी-जामगांव एवं भेण्डरा की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति

[वाणिज्य एवं उद्योग]

17. (क्र. 143) श्री अजय चंद्राकर : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला धमतरी अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र जी-जामगांव एवं भेण्डरा कब स्वीकृत हुआ? उसकी वित्तीय एवं भौतिक स्थिति क्या है? प्रश्नांवधि में क्या-क्या कार्यवाही संपादित हो चुकी है तथा क्या-क्या कार्य संपादित होना शेष हैं? **(ख)** उक्त औद्योगिक क्षेत्र के स्थापना कार्य कब तक पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया था? और तय सीमा से कितना विलंब चल रहा है तथा विलंब होने का कारण क्या है और कब तक पूर्ण कर लिया जायेंगा?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) 1. औद्योगिक क्षेत्र जी-जामगांव:- जिला धमतरी अंतर्गत ग्राम जी-जामगांव में कुल 10.00 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु प्रशासकीय स्वीकृति क्रमांक एफ 18-25/2018/11/(6) नवा रायपुर, दिनांक 06.10.2018 द्वारा राशि रू. 643.60 लाख प्रदान की गई। प्रथम वित्तीय स्वीकृति क्रमांक एफ 18-25/2018/11/(6) नवा रायपुर दिनांक 27.10.2022 द्वारा राशि रू. 200.00 लाख जारी की गई। निविदा स्वीकृति उपरांत दिनांक 06.10.2023 को कार्यादेश जारी किया गया। ग्रामवासियों द्वारा कार्य प्रारंभ करने से रोका गया। वर्तमान में दिनांक 11.12.2023 से कार्य प्रारंभ किया गया है। भौतिक रूप से अद्यतन स्थिति में 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया है। भौतिक रूप से स्थल पर सड़क निर्माण- कुल 1135 मीटर लंबाई में सबग्रेड स्तर तक कार्य पूर्ण, आर.सी.सी. नाली निर्माण- कुल 1610 मीटर लंबाई में कार्य पूर्ण, शेष कार्य प्रगति पर, आर.सी.सी. स्लेब कलवर्ट निर्माण-02 नग- कार्य पूर्ण एवं 02 नग-कार्य प्रगति पर, प्रशासकीय भवन-छत स्तर तक कार्य पूर्ण, शॉपिंग काम्प्लेक्स-कुल 10 दुकान निर्माणाधीन- लिंटल लेवल तक कार्य पूर्ण, ओव्हर हेड टैंक-2.00 लाख लीटर, प्रथम स्टेजिंग तक कार्य पूर्ण, सम्पवेल-1.00 लाख लीटर, स्लेब लेवल तक कार्य पूर्ण। उपरोक्तानुसार उल्लेखित सभी कार्य प्रगति पर है। नाली निर्माण एवं सड़क के बी.टी. स्तर तक निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत स्ट्रीट लाईट एवं जलप्रदाय वाहिनी का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। 2.औद्योगिक क्षेत्र भेण्डरा:-औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु ग्राम भेण्डरा में कुल 15.23 हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु वित्तिय वर्ष 2018-19 तथा 2020-21 में प्रथम चरण प्रस्ताव प्रेषित किया गया था। प्रश्नाधीन भूमि में राजस्व रिकार्ड के आधार पर सीमांकन में विवाद होने के कारण सर्वेक्षण की कार्यवाही नहीं की जा सकी थी। राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 07.03.2024 को सीमांकन प्रतिवेदन जारी किया गया है, जिसमें उपरोक्त भूमि में खेल मैदान, तालाब एवं गौठान तथा सड़क इत्यादि के रूप में कब्जा होना प्रतिवेदित किया गया है। उक्त स्थिति के कारण औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु ग्राम भेण्डरा में 15.23 हेक्टेयर भूमि में से वर्तमान में लगभग 5.05 हेक्टेयर भूमि मौके पर रिक्त उपलब्ध है, जो कि औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के दृष्टिकोण से अत्यंत कम है। उपरोक्त स्थिति के कारण औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु उपलब्ध भूमि का पुनः स्थल सर्वेक्षण की कार्यवाही किया जाकर औद्योगिक क्षेत्र की उपयुक्तता का निर्धारण किया जायेगा। **(ख)** 1.औद्योगिक क्षेत्र जी-जामगांवः-दिनांक 06.10.2023 को कार्यादेश जारी किये जाने के उपरांत दिनांक 05.08.2024 तक कार्य पूर्ण किया जाना निर्धारित किया गया था। ग्रामवासियों द्वारा कार्य प्रारंभ करने से रोका गया। वर्तमान में दिनांक 11.12.2023 से कार्य प्रारंभ किया गया है एवं दिनांक 15.11.2024 तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। 2.औद्योगिक क्षेत्र ग्राम भेण्डरा:-सर्वेक्षण के उपरांत शेष उपलब्ध भूमि की औद्योगिक क्षेत्र स्थापना हेतु उपयुक्तता के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर प्रशासकीय विभाग को प्रेषित किया जायेगा। प्रशासकीय स्वीकृति के उपरांत 02 वर्ष की अवधि में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना का कार्य पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

एस.टी.पी. स्थापना एव संचालन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

18. (क्र. 145) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में किन-किन नगरीय क्षेत्रों में कहां-कहां, कितनी-कितनी क्षमता तथा लागत के एस.टी.पी. स्थापित किये जाने थे? इनमें से पूर्ण निर्मित एवं संचालित एस.टी.पी. का विवरण बताइए? **(ख)** एस.टी.पी. स्थापित करने की समयावधि क्या थी? समयसीमा में किन-किन के कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं तथा इसका कारण क्या है? **(ग)** किस-किस एस.टी.पी. से कितनी-कितनी मात्रा में उपचारित जल किन-किन नदियों/ नालों में प्रवाहित किया जा रहा है? प्रारंभ होने के पश्चात समस्याग्रस्त एस.टी.पी. तथा उसका

कारण बताइए? ठोस अपशिष्ट का निराकरण किस प्रकार से किया जा रहा है? **(घ)** एस.टी.पी. के अभाव में किन-किन नगरों का प्रदूषित जल किन-किन नदियों/नालों में कितनी-कितनी मात्रा में प्रवाहित किया जा रहा है? इनमें एस.टी.पी. की स्थापना की क्या योजना है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ग)** एस.टी.पी. से उपचारित जल की मात्रा संबंधित जानकारी **प्रपत्र** में समाहित है। नगरीय निकायों में स्थापित कोई भी एस.टी.पी. वर्तमान में समस्याग्रस्त नहीं है। एस.टी.पी. के ठोस अपशिष्ट का निराकरण निर्धारित मानक अनुसार किया जा रहा है। **(घ)** स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत 1 लाख से कम जनसंख्या वाले 160 नगरीय निकायों तथा मिशन अमृत 2.0 अंतर्गत 1 लाख से अधिक जनसंख्या वाले 5 नगरीय निकायों में एस.टी.पी. निर्माण हेतु डी.पी.आर. तैयार किया जा रहा है। डी.पी.आर. तैयार किये जाने हेतु संबंधित नगरीय निकायों में अनुपचारित जल की वर्तमान मात्रा, उसका नदियों/नाला/ तालाबों इत्यादि में प्रवाह संबंधित सर्वे प्रगतिरत है। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत 1 लाख से कम जनसंख्या वाले 160 नगरीय निकायों में एस.टी.पी. निर्माण एवं अवरोधन तथा व्यपवर्तन हेतु नालियों के निर्माण की कार्य योजना राशि रू. 829.20 करोड़ स्वीकृत की गई है तथा मिशन अमृत 2.0 अंतर्गत 1 लाख से अधिक जनसंख्या वाले 5 नगरीय निकायों में एस.टी.पी. निर्माण हेतु राशि रू. 645.50 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। संबंधित नगरीय निकायों हेतु डी.पी.आर. तैयार किये जा रहे है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

पॉवर हाउस ब्रिज का सौन्दार्यीकरण कार्य

[लोक निर्माण]

19. (क्र. 148) श्री देवेन्द्र यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विधान सभा क्षेत्र भिलाई नगर के पॉवर हाउस ब्रिज का सौन्दर्यीकरण कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा? क्या कार्य पूर्णता की समयावधि निर्धारित है? यदि हां तो उक्त निर्माण कार्य समयावधि में पूर्ण न होने की स्थिति में कौन दोषी है एवं उस पर कार्यवाही की जाएगी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

बीजापुर विधानसभा क्षेत्र में लोकनिर्माण विभाग अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[लोक निर्माण]

20. (क्र. 150) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बीजापुर के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बीजापुर में वर्ष 2021-2022, 2022-2023 एवं 2023-2024 में कितने सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य को बजट में शामिल किया गया था? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अंतर्गत कितने कार्यो की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं उनकी भौतिक स्थिति क्या हैं? **(ग)** बजट में शामिल कितने कार्य अभी तक स्वीकृत नहीं हुए है? कब तक स्वीकृति दी जावेगी?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। स्वीकृति की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

जिला- बालोद अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं हेतु प्राप्त आवेदन

[श्रम]

21. (क्र. 153) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनांक 27 जून, 2024 तक श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं

का लाभ लेने के लिए श्रम पदाधिकारी कार्यालय, बालोद को कितने आवेदन प्राप्त हुए? इनमें से कितने आवेदकों को संबंधित योजनाओं का लाभ दिया गया है? कितने आवेदन किन कारणों से निरस्त किये गये हैं एवं कितने आवेदन किन कारणों से लंबित हैं? **(ख)** कंडिका 'क' की अवधि में संचालित किन-किन योजनाओं/मदों में शासन से आबंटन प्राप्त न होने के कारण बालोद जिले के कितने हितग्राहियों को पात्रता होते हुए भी उक्त योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है? जानकारी देवें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम पदाधिकारी कार्यालय, जिला-बालोद में वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनांक 27 जून 2024 तक छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं में प्राप्त आवेदन, लाभांवित, निरस्त, निरस्त के कारण, लंबित एवं लंबित के कारण की मंडलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांकित अवधि में छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत लंबित आवेदनों के सत्यापन संबंधी कार्यवाही निरंतरित है। अतः बजट के अभाव में लाभ नही मिलने की जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

बीजापुर के कुएनार से तोयनार तक स्वीकृत सड़क की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

22. (क्र. 157) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या बीजापुर जिले के अंतर्गत कुएनार (एरमनार) से तोयनार तक 11.5 किलोमीटर की सड़क कब स्वीकृत हुई थी, इसका कार्य कब तक पूर्ण होना था, कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है? कार्य अपूर्ण है तो इसके क्या कारण हैं? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : दिनांक 08.07.2021 को प्रशासकीय स्वीकृत हुई थी। अनुबंधानुसार कार्य पूर्णता तिथि 06.12.2022 थी। वर्तमान में कार्य अपूर्ण है। ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं करने पर अनुबंध निरस्त एवं शेष कार्य हेतु पुनः निविदा कर एजेंसी निर्धारण प्रक्रियाधीन।

बिलासपुर जिले में सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि के मुआवजा का भुगतान

[लोक निर्माण]

23. (क्र. 164) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रतनपुर से कोरबा एवं बिलासपुर से कटघोरा राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण हेतु किन-किन भूस्वामियों की कितनी- कितनी निजी भूमि अधिग्रहित की गई ? खसरा नम्बर एवं रकबा सहित जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांश "क" की अधिग्रहित भूमि के कितने भू स्वामियों को मुआवजा की कितनी राशि का भुगतान, किस दर से किया गया है ? भू स्वामियों के नाम , रकबा , मुआवजा की राशि की जानकारी प्रदान करें? **(ग)** प्रश्नांश "क" के कितने भूस्वामियों का मुआवजा लम्बित है ? भू स्वामियों के नाम , रकबा , मुआवजा राशि एवं भुगतान लम्बित होने के कारण सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? लम्बित मुआवजे का भुगतान कब तक कर दिया जावेगा ?
उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) रतनपुर से कोरबा कोई राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित नहीं है। बिलासपुर से कटघोरा राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 130 केन्द्र शासन के अधीन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से संबंधित है। अतः विषय एवं जानकारी राज्य शासन से संबंधित नहीं है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। **(ग)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

बेलतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत श्रमिक

[श्रम]

24. (क्र. 168) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों हेतु कितनी एवं कौन कौन सी योजनायें कब कब से संचालित हैं? विभाग में अब

तक कुल कितने श्रमिक पंजीकृत हैं? लाभार्थी श्रमिकों को किन किन योजनांतर्गत कितनी कितनी राशि / सामग्री प्रदान की जाती है? योजनावार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत कितने श्रमिक पंजीकृत हैं ? वर्ष 2021-22 से जून,2024 तक पंजीकृत श्रमिकों को किन किन योजनांतर्गत, कितनी कितनी राशि / सामग्री प्रदान की गई ? योजनावार लाभार्थी श्रमिकों की संख्या , प्रदाय की गई सामग्री / राशि की जानकारी प्रदान करें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग के अधीन छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 30 योजनाएं, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 27 योजनाएं तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत 13 योजनाएं वर्तमान में संचालित है। उक्त योजनाओं के संचालन प्रारंभ तिथि एवं देय हितलाभ की मंडलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र -'अ'** अनुसार है।**(ख)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 58,132 निर्माण श्रमिक, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 20,793 असंगठित कर्मकार तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 506 संगठित श्रमिक पंजीकृत है।वर्ष 2021-22 से जून 2024 तक पंजीकृत श्रमिकों को योजनांतर्गत लाभान्वित श्रमिकों की संख्या एवं उनको प्रदाय की गई सामग्री/राशि की मंडलवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'ब', 'स'** एवं **'द'**अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

जांजगीर-चाम्पा जिले में विभिन्न योजनाओं एवं मदों से प्राप्त राशि एवं व्यय राशि

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

25. (क्र. 178) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जांजगीर-चाम्पा अंतर्गत विभाग को 01/04/2021 से प्रश्न तिथि तक किन-किन कार्यों के लिए, कितनी राशि, कब-कब प्राप्त हुई? इसमे से कितनी राशि व्यय की गई? कितनी राशि शेष है? आय-व्यय की जानकारी कार्यवार, मदवार एवं राशिवार प्रदान करं? **(ख)** प्रश्न (क) में पूछे गए अवधि में कराए गए कार्यों में अनियमितता/भ्रष्टाचार संबंधित कितनी शिकायतें प्राप्त हुईंअथवा संज्ञान में आई? इस पर क्या कार्यवाही की गई? शिकायतवार जानकारी प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जल जीवन मिशन अंतर्गत आहरण सीमा प्राप्त हुई, तिथिवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। प्राप्त राशि में से रू. 77090.73 लाख व्यय की गयी। राशि रू. 1011.166 लाख शेष है। राज्य मद अंतर्गत आय-व्यय की कार्यवार, मदवार, राशिवार एवं आबंटन प्राप्त होने की तिथि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है।**(ख)** प्रश्न (क) में पूछे गए अवधि में कराए गए कार्यो में अनियमितता/भ्रष्टाचार संबंधित 08 शिकायतें प्राप्त हुई अथवा संज्ञान में आयी। शिकायतवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है।

सी.एस.आर. मद से प्राप्त राशि एवं व्यय

[वाणिज्य एवं उद्योग]

26. (क्र. 185) श्री ब्यास कश्यप : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-22 से जून,2024 तक जिला जांजगीर-चांपा में संचालित किन-किन उद्योगों द्वारा कितनी-कितनी राशि सी.एस.आर. मद में दी गई? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** सी.एस.आर. मद में राशि देने हेतु उद्योगों हेतु तथा प्राप्त राशि को व्यय करने के क्या-क्या नियम/मापदंड निर्धारित हैं? इस मद से प्राप्त राशि किसके अनुमोदन से, किसकी निगरानी में किन-किन कार्यो में व्यय की जा सकती है? प्रश्नांकित अवधि में प्राप्त राशि, किन-किन कार्यो में कहां-कहां व्यय की गई? वर्षवार जानकारी कार्यो की अद्यतन स्थिति सहित उपलब्ध करावें? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'क' की प्राप्त राशि प्रभावित ग्रामों में खर्च नहीं करने एवं किये गये कार्यो में अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई? यदि हां तो क्या-क्या शिकायतें, कहां-कहां से प्राप्त हुई एवं प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) वर्ष 2021-22 से जून 2024 तक जिला जांजगीर-चांपा में संचालित उद्योगों द्वारा सी.एस.आर. मद में व्यय की गई राशि की वर्षवार विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-"अ"** में दर्शित है। **(ख)** सी.एस.आर. मद में कंपनियों द्वारा राशि व्यय करने के नियम/मापदंड भारत सरकार द्वारा जारी कंपनी अधिनियम-2013 तथा कंपनी (कार्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम 2014 का यथा संशोधित के द्वारा प्रशासित होती है। कंपनी अधिनियम की धारा 135 सहपठित कंपनी (सी.एस.आर. पॉलिसी) नियम 2014 के प्रावधानों के तहत् सीएसआर राशि के व्यय का निर्णय कंपनी बोर्ड द्वारा किया जाता है। इस मद की राशि व्यय करने की निगरानी का अधिकार/दायित्व कंपनी अधिनियम-2013 के अंतर्गत कंपनी रजिस्ट्रार को है। प्रश्नांकित अवधि में प्रश्नाधीन क्षेत्र में विभिन्न कंपनियों द्वारा सीएसआर मद में व्यय की गई राशि की वर्षवारविस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-"ब"** में दर्शित है। **(ग)** कलेक्टर जांजगीर-चांपा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रश्नांश 'क' में सीएसआर मद की राशि एवं इससे किये गये कार्यों में अनियमितता की 02 शिकायतें प्राप्त हुई। उक्त दोनों शिकायतें श्री नीलम कुमार सोनी, ''मिडिया'' हाउस नं. ए. 01, दीप्ति विहार कालोनी कलेक्टर बंगला के सामने, जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा के द्वारा प्राप्त हुए है। दोनों शिकायतें एक ही विषयवस्तु से संबंधित है तथा दो अलग-अलग पत्रों के माध्यम से प्रस्तुत की गई है। कलेक्टर जांजगीर-चांपा द्वारा उक्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर जांच कराई गई। प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार गंभीर अनियमितता नहीं पायी गई है। जांच प्रतिवेदन की प्रति विस्तृत विवरण जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-"स"** में दर्शित है।

जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन की जानकारी

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

27. (क्र. 186) श्री ब्यास कश्यप : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्रअंतर्गत विगत 03 वर्षो में कौन-कौन से ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य स्वीकृत किये गये हैं? वर्षवार विस्तृत विवरण प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांश ''क' के कितने कार्य पूर्ण हैं एवं कितने कार्य अपूर्ण हैं? विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' के अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे? यदि नहीं तो क्यों? कार्य अपूर्ण होने की स्थिति में संबंधित ठेकेदारों पर क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं तो क्यों?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत 03 वर्षों में ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत कार्य **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। वर्षवार विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश ''क' के 46 ग्रामों में कार्य पूर्ण हैं एवं 25 ग्रामों में कार्य अपूर्ण हैं। विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' के अपूर्ण कार्यों को वर्ष 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। कार्य अपूर्ण होने की स्थिति में संबंधित ठेकेदारों पर की गई कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

सड़कों पर क्षमता से अधिक वजनी वाहन चलने से हो रहा नुकसान

[लोक निर्माण]

28. (क्र. 191) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला सक्ती के अन्तर्गत सड़क मार्ग ग्राम ओड़ेकेरा-धुरकोट-पेण्डरवा-मिरौनी मोड़ तक मार्ग निर्माण का स्वीकृत वर्ष, कार्य पूर्णता, लागत राशि का विवरण देवें। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार उक्त सड़क मार्ग में कितने वजन वाले वाहन चलाये जा सकते हैं ? **(ग)** उक्त सड़क मार्ग में क्या ग्रामीणों द्वारा क्षमता से अधिक वजन वाले वाहन, ट्रक के परिवहन की शिकायत की गई है ? यदि हॉ, तोउस पर क्या कार्यवाही की गई है ? **(घ)** क्षमता से अधिक वजन वालें ट्रकों एवं अन्य वाहनों से हो रहे सड़क मार्ग में नुकसान की प्रतिपूर्ति हेतु शासन/विभाग द्वारा क्या कदम उठायें गये हैं ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(घ)** निरंक
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

जिला सक्ती के अंतर्गत ग्राम टुण्डरी से सक्ती सड़क मार्ग के अपूर्ण कार्य की अद्यतन स्थिति

[लोक निर्माण]

29. (क्र. 193) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला सक्ती के अंतर्गत ग्राम टुण्डरी से सक्ती सड़क मार्ग का निर्माण किस योजना से किया जा रहा है ? योजना एवं स्वीकृत राशि का विवरण देंवे। **(ख)** क्या यह सही है कि उक्त सड़क मार्ग का निर्माण अभी भी पूर्ण नहीं हुआ है? यिद हां, तो क्यों? **(ग)** क्या प्रश्नांक 'क' के अनुसार उक्त सड़क मार्ग के अपूर्ण होने एवं लापरवाही पूर्वक कार्य करने की शिकायत एवं कार्यवाही हेतु क्या उच्च अधिकारियों को भेजी गई है? यदि हां, तो उस पर कब एवं क्या कार्यवाही की गई है? विवरण देवें। **(घ)** प्रश्नांक 'क' के अनुसार क्या उक्त सड़क मार्ग के निर्माण हेतु किसानों से ली गई जमीनों का मुआवजा नहीं दिया गया है? यदि हां, तो क्यों? विस्तृत विवरण देंवे।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) ए.डी.बी. लोन-3 सहायित योजना अंतर्गत किया जा रहा है। स्वीकृत राशि रु. 13,740.00 लाख है। **(ख)** जी हॉ। भू-अर्जन प्रकरण में विलंब के कारण। **(ग)** जी हॉ। भू-अर्जन से संबंधित कार्यवाही में लापरवाही की शिकायत प्राप्त हुई थी। कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(घ)** जी नहीं। पात्र व प्रभावित किसानों से ली गई जमीनों के मुआवजा भुगतान हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

महासमुंद जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत एवं कार्य प्रगति की जानकारी

[लोक निर्माण]

30. (क्र. 200) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** महासमुंद जिले में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में विभाग द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यो की जानकारी, कार्यवार राशिवार बतायें ? **(ख)** प्रश्नांश के स्वीकृत कार्यो में से पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यो की निविदा दिनांक, कार्यवार, स्थानवार, चयनित एजेंसी/फर्म का नाम भुगतान की जानकारी विकासखंडवार बतायें ? उक्त कार्यो में अपूर्णता का क्या कारण है? **(ग)** क्या चयनित एजेंसी/फर्म द्वारा समय-सीमा में कार्य पूर्ण कर लिया गया ? यदि नहीं, तो निविदा शर्तों के अनुसार क्या क्या कार्यवाही कब कब की गई ? अपूर्णता हेतु जिम्मेदार कार्य एजेंसी पर क्या कार्यवाही की गई ? कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

महासमुंद जिले के नगरीय निकायों में स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

31. (क्र. 202) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** महासमुंद जिले के नगरीय निकायों में वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 में निर्माण कार्यो हेतु स्वीकृत राशि मदवार, निकायवार बतायें ? **(ख)** प्रश्नांश "क" के स्वीकृत कार्यो में से 27-06-2024 की स्थिति में अपूर्ण कार्य की जानकारी निकायवार बताये ? **(ग)** अपूर्णता कारणवश एवं की गई कार्यवाही की जानकारी देवें? कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क), (ख) एवं **(ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।**

गुणवत्ता विहीन पानी टंकी के निर्माण में अनियमितता की जांच

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

32. (क्र. 208) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम-दतरेंगी, वि.खं.-भाटापारा में पानी टंकी का निर्माण कब और कितनी लागत तथा कितने क्षमता का बनाया गया था ? निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार का नाम बतावें ? **(ख)** क्या इस पानी टंकी से वर्तमान में ग्राम के विभिन्न घरों में पानी सप्लाई का कार्य किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? **(ग)** क्या ग्राम-दतरेंगी मे निर्मित पानी टंकी के गुणवत्ता विहीन निर्माण संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो विभाग द्वारा जांच करा कर क्या कार्रवाई की गई है।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा भाटापारा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दतरेंगी, विकासखंड भाटापारा में पानी टंकी का निर्माण माह अक्टूबर 2022 में हुआ है। पानी टंकी की लागत रु. 15.44 लाख तथा क्षमता 140 कि.ली. है। पानी टंकी की लागत रु. 15.44 लाख तथा क्षमता 140 कि.ली. है। निर्माण एजेंसी मेसर्स विमल एजेंसी कटगी एवं ठेकेदार का नाम अभिषेक देवांगन है। **(ख)** जी नहीं। ग्राम के विभिन्न घरों में घरेलू नल कनेक्शन का कार्य प्रगतिरत होने के कारण पानी टंकी से पानी सप्लाई का कार्य नहीं किया जा रहा है। **(ग)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

भाटापारा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत संचालित उद्योगों के विरूद्ध शिकायतों पर कृत कार्यवाही

[वाणिज्य एवं उद्योग]

33. (क्र. 210) श्री इंद्र साव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा भाटापारा क्षेत्रांतर्गत पंजीकृत कुल कितने छोटे एवं बड़े उद्योग स्थापित हैं, नाम एवं उद्योग के प्रकार बताएं ? इन उद्योगों के द्वारा वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक कुल कितना टैक्स प्रतिवर्ष शासन को भुगतान किया जा रहा है ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अवधि में इन उद्योगों के संबंध में पर्यावरण प्रदूषण एवं उद्योगों में कार्यरत मजदूरों की सुरक्षा के संबंध में कितने शिकायतें प्राप्त हुई हैं एवं क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में विधानसभा भाटापारा क्षेत्रांतर्गत कुल 511 उद्योग स्थापित है:-

क्र	उद्योग का स्तर	स्थापित उद्योग की संख्या
1	सूक्ष्म	160
2	लघु	343
3	मध्यम	04
4	वृहद	03
5	अतिवृहद	01
	योग	511

उद्योगो की **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ''** पर दर्शित है।उपरोक्त 511 उद्योगों में से 118 उद्योग जीएसटी विभाग में पंजीकृत हैं, जिनके द्वारा वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक निम्नांकित अनुसार टैक्स (जीएसटी) की राशि का भुगतान किया गया है

वर्ष	भुगतान किए गए टैक्स (जीएसटी) की राशि
2021-22	3827437
2022-23	8360036
2023-24	13951056
2024-25 (दिनांक 30.06.2024 की स्थिति)	7618372
योग	3,37,56,901 (शब्दों मंे राशि रू. तीन करोड़ सैतीस लाख छप्पन हजार नौ सौ एक रूपये मात्र)

(ख) वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक इन उद्योगों संदर्भ में क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर को पर्यावरण प्रदूषण के संबंध में 02 शिकायतें प्राप्त हुई है। पर्यावरण विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही की **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब''** पर दर्शित है। वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक प्रश्नांश ''क'' में दर्शित उद्योगों के संदर्भ में कार्यरत मजदूरों की सुरक्षा के संबंध में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग, बलौदाबाजार से प्राप्त जानकारी अनुसार कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत उद्योगों को प्रदत्त अनुदान

[वाणिज्य एवं उद्योग]

34. (क्र. 217) श्री अनुज शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर जिले में संचालित उद्योगों को वर्ष 2021 से जून, 2024 तक विभाग द्वारा संचालित किन-किन योजनाओं के तहत कितना-कितना अनुदान प्रदान किया गया ? **(ख)**क्या विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले अनुदानों के सही उपयोग की मांनिटरिंग हेतु किसी प्रकार की व्यवस्था है? प्राप्त अनुदान के सही उपयोग नहीं किये जाने की शिकायतों पर विभाग द्वारा किस प्रकार कार्यवाही की जाती है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) :(क) रायपुर जिले में संचालित उद्योगों को वर्ष 2021 से जून 2024 तक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान की राशि प्रदान किया गया है। प्रदान किये गये अनुदान की योजनावार विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है। **(ख)** विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले अनुदानों के सही उपयोग की मॉनिटरिंग हेतु क्षेत्राधिकारियों द्वारा निरीक्षण/ मॉनिटरिंग की व्यवस्था है। प्राप्त अनुदान का सही उपयोग नहीं किये जाने पर औद्योगिक नीति के प्रावधानों के अनुसार अनुदान की राशि नियमानुसार वसूली की कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

कारखाना अधिनियम,1948 एवं अन्य विभिन्न श्रम अधिनियमों के तहत उद्योगो में जांच

[श्रम]

35. (क्र. 218) श्री अनुज शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिलतरा फेस-1 एवं फेस-2 में संचालित उद्योगों में वर्ष 2022 से जून, 2024 तक श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा कारखाना अधिनियम,1948 एवं अन्य विभिन्न श्रम अधिनियमों के तहत कौन-कौन से उद्योगों में जांच की गई? वर्षवार बतायें। **(ख)** क्या विभाग को जांच में किसी प्रकार की अनियमितता मिली? यदि हां तो विभाग द्वारा उक्त उद्योगों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई? उद्योगवार जानकारी प्रदान करें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) धरसींवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिलतरा फेस-1 एवं फेस-2 में संचालित उद्योगों में वर्ष 2022 से जून, 2024 तक कारखाना अधिनियम, 1948 तथा विभिन्न श्रम अधिनियमों के अंतर्गत किये गये निरीक्षण, पाई गई अनियमितता तथा की गई कार्यवाही की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ एवं ब** अनुसार है।**(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ एवं ब** अनुसार है।

विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ में सड़क विहीन ग्रामों में सड़क निर्माण

[लोक निर्माण]

36. (क्र. 225) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ में कौन कौन से ग्रामों में मुख्य मार्ग से गाँव तक पहुँच मार्ग नहीं बना है? किन किन ग्रामों में पहुँच मार्ग डामरीकृत या पक्की नही बनी है? सड़क का नाम सहित ग्रामवार जानकारी देवें । **(ख)** क्या सड़क विहीन ग्रामों को मुख्य मार्ग से जोडकर सड़क निर्माण की कोई कार्य योजना बनाई गई है? यदि नहीं तो क्यों ? यदि हां, तो जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रमुख अभियंता छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ़ में 21 ग्रामों में मुख्य मार्ग से गांव तक पहुंच मार्ग नहीं बनी है। 21 ग्रामों में पहुच मार्ग या डामरीकृत या पक्की नहीं बनी है। सड़क का नाम सहित ग्रामवार सूची जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार हैं। **(ख)** प्रमुख अभियंता छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार सड़क विहीन ग्रामों को मुख्य मार्ग जोड़कर सड़क निर्माण की कोई कार्य योजना नहीं है। क्योंकि सड़क विहीन 21 ग्रामों में से 07 ग्राम पूर्व में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कोरनेट में शामिल था, परंतु अभ्यारण्य क्षेत्र होने के कारण वन विभाग द्वारा अनुमति प्रदान नहीं की गई थी। जिसके कारण निर्माण कार्य नहीं कराया जा सका एवं शेष 14 सड़क विहीन ग्राम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कोरनेट में शामिल नहीं होने के कारण निर्माण कार्य नहीं कराया जा सकता।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

लोक निर्माण विभाग से वार्षिक मरम्मत हेतु आबंटित राशि

[लोक निर्माण]

37. (क्र. 226) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ में वित्तीय वर्ष 2020-21 से जून, 2024 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा वार्षिक मरम्मत एवं विशेष मरम्मत (A.R./S.R.) हेतु कितनी राशि आबंटित की गयी है ? **(ख)** प्रश्न 'क' के अनुसार वित्तीय वर्ष में (A.R./S.R.) मद से संभागों में कितने व क्या-क्या कार्य किए गए ? क्या समस्त कार्य माप पुस्तिका में दर्ज किये गये हैं ? कार्य का नाम, स्थान, स्वीकृत राशि, व्यय राशि सहित व कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी देवें। **(ग)** विभागीय मद व अन्य मद से उपरोक्त अवधि में कौन-कौन से कार्य किए गए हैं ? कार्य का नाम, स्थान, स्वीकृत राशि, व्यय राशि सहित व कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी देवें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ में वित्तीय वर्ष 2020-21 से जून 2024 में वार्षिक मरम्मत एवं विशेष मरम्मत (A.R./S.R.) हेतु कुल रु. 11645.25 लाख राशि आबंटित की गयी है। **(ख)** वित्तीय वर्ष में (A.R./S.R.) मद से कुल 774 कार्य किये गए। जी हॉ। जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।

बजट वर्ष 2024-25 में प्रावधानित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

38. (क्र. 232) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट प्रावधान अंतर्गत सड़क एवं भवन निर्माण की किन-किन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की गई है एवं शेष कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति हेतु क्या कार्यवाही की गई है तथा प्रशासकीय स्वीकृति कब प्रदान कर दी जायेगी ? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में प्रावधानित राशि का कार्य प्रारंभ नहीं होने के कारण जिन कार्यों को निरस्त किया गया है। उन निरस्त कार्यों की सूची प्रदान करें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में प्रावधान अंतर्गत सड़क एवं भवन निर्माण हेतु कोई भी कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। बजट में सम्मिलित नवीन कार्यों हेतु प्रशासकीय स्वीकृति हेतु आवश्यक प्रक्रिया प्रचलन में है। प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** कोई भी कार्य निरस्त नहीं किया गया है। जानकारी निरंक है।

बीरगांव नगर पालिक निगम में निजी कॉलोनाइजर द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

39. (क्र. 233) श्री मोतीलाल साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बीरगांव नगर पालिक निगम में वर्ष 2021 से जून, 2024 तक निजी कॉलोनाईजर का सीमांकन कब-कब किया गया है? सीमांकन में कितने कॉलोनाइजर द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण कर कॉलोनी निर्माण होना पाया गया, संबंधित के ऊपर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? **(ख)** उक्त कॉलोनियों में क्या ई0डब्ल्यू0एस0 के लिए प्रावधानित जमीन छोड़ी गई है? यदि हां तो कितनी खसरा नंबर, रकबा सहित जानकारी देवें। यदि नहीं तो क्यों कारण बताएं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी नहीं। बीरगांव नगर पालिक निगम में वर्ष 2021 से जून, 2024 तक निजी कॉलोनाईजर का सीमांकन नहीं किया गया है। **(ख)** जी नहीं। नगर पालिक निगम बीरगांव में वर्ष 2021 से जून 2024 तक किसी भी कॉलोनाईजर को लायसेंस जारी नहीं किया गया है।

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में श्रमिकों हेतु संचालित विभागीय योजनाओं से लाभांवित हितग्राही

[श्रम]

40. (क्र. 241) श्रीमती भावना बोहरा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में श्रमिकों हेतु कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं? **(ख)** वर्ष 2022–23 से जून, 2024 तक प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित योजनाओं से कितने श्रमिक लाभान्वित हुए है? वर्षवार एवं विकासखण्डवार ब्यौरा देवें ।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग के अधीन छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत वर्तमान में संचालित योजनाओं की मंडलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'अ'**अनुसार है।**(ख)** वर्ष 2022-23 से जून 2024 तक मंडल अंतर्गत योजनावार लाभांवितों की मंडलवार, वर्षवार एवं विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'ब'**अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

नगर पालिका पंडरिया को विभिन्न मद एवं योजनाओं से प्राप्त राशि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

41. (क्र. 242) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** नगर निगम पंडरिया को नगरीय प्रशासन विभाग, छत्तीसगढ़ से विभिन्न योजनाओं/ परियोजनाओं (केंद्रीय एवं राज्य सरकार) से जनवरी, 2024 से जून, 2024 तक कितनी राशि किन-किन कार्यों हेतु प्राप्त हुई? **(ख)** प्रश्नांश "क" की अवधि में नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान में ऐसे कितने कार्य हैं, जिनका निर्माण कार्य हेतु कार्यादेश जारी होने के पश्चात भी समयावधि में कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं ? इन अप्रारम्भ कार्यों का नाम, स्वीकृत राशि सहित जानकारी देवें? अब तक कार्य प्रारंभ नहीं होने के लिए जिम्मेदार कौन है एवं उन पर क्या कार्यवाही की गई ? **(ग)** वर्तमान में नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे कितने निर्माण कार्य हैं, जो निश्चित समयावधि में पूर्ण नहीं हो पाए हैं एवं कितने निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन हैं ? कार्य का नाम, स्वीकृत राशि, व्यय राशि, कार्यादेश में उल्लेखित समयावधि सहित अद्यतन स्थिति की जानकारी देवें?
उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) नगर पालिका पंडरिया को नगरीय प्रशासन विभाग, से विभिन्न योजनाओं/ परियोजनाओं (केन्द्रीय एवं राज्य सरकार) से जनवरी, 2024 से जून 2024 तक कोई भी राशि स्वीकृत नहीं की गई है। **(ख)** एवं **(ग)** प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत निर्माण एवं खरीदी से संबंधित जानकारी

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

42. (क्र. 249) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक विधानसभा डोंगरगढ़ अंतर्गत विभाग द्वारा कौन-कौन सी सामग्री क्रय की गई हैं? क्या सामग्रियों को क्रय करने के लिये निविदा आमंत्रित की गई या अन्य किसी माध्यम से क्रय किया गया, सामग्री का नाम, मात्रा, सामग्री का मूल्य, सामग्री प्रदायकर्ता एजेंसी/फर्म/दुकान का नाम, जीएसटी क्रमांक/प्रतिशत/राशि की जानकारी विकासखंड देवें? **(ख)** कुल कितने निर्माण कार्य किये गये? कार्य का नाम, निर्माणाधीन एजेंसी/फर्म का नाम, कार्य की लागत, पूर्ण/अपूर्ण की जानकारी दिनांकवार, विकासखंडवार जानकारी देवें? क्या निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिये अधिकारी/कर्मचारी नियुक्त किये गये हैं? यदि हां तो गुणवत्ता जांच अधिकारी/कर्मचारी का नाम, गुणवत्ता जांच का दिनांक, जांच के बाद की गई कार्यवाही का विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक विधानसभा डोंगरगढ़ अंतर्गत नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ द्वारा सामग्री क्रय के संबंध में चाही गई **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ'' अनुसार है।(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब'' अनुसार है।**

जिला-राजनांदगांव व खैरागढ़-छुईखदान-गंडई-अंतर्गत मल्टी लेवल स्कीम प्रोजेक्ट

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

43. (क्र. 250) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-जिला राजनांदगांव एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंतर्गत मल्टी लेवल स्कीम अंतर्गत कुल कितने प्रोजेक्ट तैयार किय गये हैं? उक्त स्कीम अंतर्गत कितने ग्राम आते हैं? क्या तैयार किये गये प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन प्रारंभ किया जा चुका हैं? यदि हां, तो तैयार प्रोजेक्ट की जानकारी, कार्य प्रारंभ होने का दिनांक, निविदा में चयनित एजेंसी का नाम, कार्य समाप्त होने का दिनांक, कार्य पर खर्च होने वाली राशि का पूर्ण विवरण देवें? प्रोजेक्ट से होने वाले लाभ को कितने वर्षों के लिये तैयार किया गया हैं?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जिला राजनांदगांव एवं जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंतर्गत मल्टी लेवल स्कीम नहीं अपितु मल्टी विलेज स्कीम अंतर्गत प्रोजेक्ट तैयार किये गये हैं। जिला राजनांदगांव अंतर्गत 02 मल्टी विलेज स्कीम व जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अंतर्गत 01 मल्टी विलेज स्कीम एवं जिला राजनांदगांव, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं जिला मोहला-मानपुर- अं.चौकी के अंतर्गत संयुक्त रूप से 01 मल्टी विलेज स्कीम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस प्रकार से जिला राजनांदगांव व जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में कुल 04 मल्टी विलेज स्कीम क्रियान्वित की जा रही है। उक्त स्कीमों में राजनांदगांव जिले के 196 ग्राम व खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के 95 ग्राम इस प्रकार कुल 291 ग्राम आते है, जो **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। जी हां। तैयार प्रोजेक्ट की जानकारी, कार्य प्रारंभ होने का दिनांक, निविदा में चयनित एजेंसी का नाम, कार्य समाप्त होने का दिनांक, कार्य पर खर्च होने वाली राशि का पूर्ण विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। प्रोजेक्ट आगामी 30 वर्षों के लिये तैयार किया गया है ।
[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव अंतर्गत नवीन सड़क निर्माण की स्वीकृति

[लोक निर्माण]

44. (क्र. 257) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या वित्तीय वर्ष 2022-23 से जून, 2024 तक विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव में नवीन सडक निर्माण के लिए तकनीकी स्वीकृति (प्राक्कलन) आधार पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर राशि जारी की गयी है? यदि हां, तो कौन-कौन सी सड़कों का निर्माण प्राक्कलन आधारित है तथा किन किन सडकों में प्राक्कलन के अतिरिक्त

कार्य किया गया है? सड़कवार, अतिरिक्त कार्य व अनुमति, राशिवार, दिनांकवार, मूल्यांकन सत्यापन की जानकारी सहित देवें ।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

जिला-राजनांदगांव में जल हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में नलकूप खनन

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

45. (क्र. 258) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-राजनांदगांव जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23 से जून, 2024 तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (मेकेनिकल) को पेयजल हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में नलकूप खनन एवं जल जीवन मिशन योजना को सफल बनाने हेतु कितना लक्ष्य प्राप्त है एवं लक्ष्य के विरूद्ध विभागीय मशीनों एवं अन्य एजेंसियों के द्वारा कितने नलकूपों का खनन किया गया है? विधानसभा क्षेत्र डोगरगांव में बोर खनन की संख्या, गहराई, चौडाई, केसिंग की लंबाई, चबूतरा का निर्माण, हैण्डपंप की स्थापना, ग्रामवार स्थलवार एवं सफल, असफल नलकूपों की जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : अविभाजित राजनांदगांव जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23 से जून 2024 तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (मेकेनिकल) एवं सिविल संकाय (अन्य एजेंसी) एवं जल जीवन मिशन (अन्य एजेंसी) को प्राप्त लक्ष्य एवं नलकूपों का खनन निम्नानुसार हैः-

क्रं.	वर्ष	प्राप्त लक्ष्य				खनित नलकूपों की संख्या			
		मेकेनिकल	सिविल (अन्य एजेंसी)	जल जीवन मिशन (अन्य एजेंसी)	कुल	मेकेनिकल	सिविल (अन्य एजेंसी)	जल जीवन मिशन (अन्य एजेंसी)	कुल
1	2022-23	237	-	-	**237**	193	-	-	**193**
2	2023-24	232	60	166	**458**	120	44	112	**276**
3	2024-25 (जून 2024 तक)	135	-	-	**135**	40	-	-	**40**

विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव में नलकूप खनन की संख्या, गहराई, चौड़ाई/व्यास, केसिंग की लंबाई, चबूतरा का निर्माण, हैण्डपम्प की स्थापना एवं सफल, असफल नलकूपों की ग्रामवार, स्थलवार एवं सफल, असफल की मेकेनिकल संकाय जानकारी **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र-अ**, सिविल संकाय (अन्य एजेंसी) की जानकारी **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र-ब** एवं जल जीवन मिशन (अन्य एजेंसी) की जानकारी **पुस्तकालय में रखें प्रपत्र- स** अनुसार है।

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भवन ,पुल-पुलिया सड़क निर्माण

[लोक निर्माण]

46. (क्र. 265) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 26 जून 2024 तक विभाग द्वारा किन-किन सड़कों, पुल-पुलिया व भवन निर्माण की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है? वर्तमान में कौन-कौन से कार्य पूर्ण/अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं? वर्षवार, विकास खंड वार जानकारी देवें ? **(ख)** 2022-23 से 26 जून 2024 तक स्वीकृत किन-किन कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जाना शेष है और कब तक प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जावेगी ? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायतों में निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

47. (क्र. 266) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 से 26 जून ,2024 तक की स्थिति में नगर पंचायत छुरिया एवं अ.चौकी के अंतर्गत किन-किन मद से, कौन-कौन से कार्यों की, कितने-कितने लागत की स्वीकृति प्राप्त हुई? वर्ष वार, नगर पंचायत वार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका"क" के अनुसार कौन-कौन कार्य पूर्ण/अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं और कितनी राशि शेष है ? यदि कार्य अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं तो कारण सहित नगर पंचायत वार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : **(क)** एवं **(ख)** वर्षवार, नगर पंचायत वार, जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

48. (क्र. 271) श्री किरण देव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्ष 2021-2022 से जून, 2024 तक कितनी-कितनी राशि के, कितने-कितने कार्य, कहां-कहां स्वीकृत किये गये ? योजना अंतर्गत कितने घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्य किन-किन फर्मो/ठेकेदारों को प्रदाय किये गये ? कार्यो को पूर्ण करने की समय-सीमा क्या निर्धारित थी ? कितने कार्य पूर्ण एवं कितने, किन कारणों से अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं ? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे ? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यो में अनियमितता/गुणवत्ताहीन सामग्री उपयोग/ भ्रष्टाचार की शिकायतें प्राप्त हुई ? यदि हां तो प्राप्त शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? कार्यवार जानकारी उपलब्ध करावें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्ष 2021-2022 से जून, 2024 तक स्वीकृत किये गये कार्यों की ग्रामवार, स्वीकृत लागत राशि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। योजना अंतर्गत 29,155 घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्य प्रदाय किये गये फर्मों/ठेकेदारों का विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। कार्यों की पूर्ण करने की समयावधि की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। कार्य पूर्ण एवं अपूर्ण के कारण सहित जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। अप्रारंभ कार्यों की जानकारी निरंक है। अपूर्ण कार्य को वर्ष 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। **(ग)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

श्रम विभाग में कार्यरत श्रमिकों हेतु संचालित योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही

[श्रम]

49. (क्र. 272) श्री किरण देव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** श्रम विभाग द्वारा प्रदेश में कार्यरत श्रमिकों हेतु कितनी एवं कौन-कौन सी योजना कब-कब से संचालित हैं ? अब तक कुल कितने श्रमिक पंजीबद्ध हैं ? किन-किन योजनाओं अंतर्गत कितनी कितनी राशि अथवा सामग्री लाभार्थियों को प्रदान की जाती है ? योजनावार विवरण देवें। **(ख)** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल कितने श्रमिक पंजीबद्ध हैं ? कितने श्रमिकों को वर्ष 2021-2022 से जून,2024 तक किन-किन योजनाओं अंतर्गत क्या लाभ प्रदान किया गया ? योजनावार लाभार्थियों की संख्या बतावें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग के अधीन छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 30 योजनाएं, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 27 योजनाएं तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत 13 योजनाएं वर्तमान में संचालित है।प्रदेश में दिनांक 30.06.2024 की स्थिति में छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 25,31,438 निर्माण श्रमिक, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 17,95,597 असंगठित कर्मकार तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 2,13,630 संगठित श्रमिक पंजीकृत है।उक्त मंडलों अंतर्गत वर्तमान में संचालित योजनाओं के संचालन प्रारंभ तिथि एवं देय हितलाभ की मंडलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'अ'**अनुसार है।**(ख)** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 30.06.2024 की स्थिति में छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 12,034 निर्माण श्रमिक, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 2477 असंगठित कर्मकार तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 2058 संगठित श्रमिक पंजीकृत है।जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में मंडलों अंतर्गत संचालित योजनाओं से वर्ष 2021-22 से जून 2024 तक लाभान्वित श्रमिकों एवं उनको देय हितलाभ की मंडलवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'ब', 'स'** एवं **'द'**अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

बस्तर संभागान्तर्गत संचालित वृहद एवं मध्यम उद्योग हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

[वाणिज्य एवं उद्योग]

50. (क्र. 274) श्री किरण देव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभाग अंतर्गत कितने वृहद एवं मध्यम उद्योग कब-कब से संचालित हैं ? संचालित उद्योगों हेतु कितनी - कितनी शासकीय एवं निजी भूमि किन-किन ग्रामों के, कितने किसानों की अधिग्रहित की गई है ? उद्योगवार/ग्रामवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के स्थापित उद्योगों द्वारा नियमानुसार प्रभावित परिवारों के कुल कितने लोगों को नौकरी एवं कितना-कितना मुआवजा प्रति एकड़ के हिसाब से दिया जाना था ? कितनी राशि का भुगतान किया गया ? कितने प्रकरण मुआवजा एवं नौकरी हेतु लंबित हैं ? ग्रामवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ग)** प्रश्नांश 'ख' के लंबित प्रकरणों का निराकरण कब तक कर दिया जावेगा ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** की **जानकारी एकत्रित की जा रही है।**

पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में श्रम कार्ड का नवीनीकरण एवं नवीन पंजीयन

[श्रम]

51. (क्र. 280) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्रांतर्गत श्रम विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से जून, 2024 तक कुल कितने श्रम कार्डों का नवीनीकरण किया गया है? कितने नवीन श्रम कार्ड बनाये गये हैं? विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या नवीन श्रम कार्ड पंजीयन हेतु श्रम विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया था? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हां, तो वर्षवार आयोजन संख्या की जानकारी देवें? **(ग)** पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कितने हितग्राहियों को कौन-कौन सी सामग्री का वितरण किया गया है? क्या पंजीकृत सभी श्रमिकों को सामग्री वितरण हेतु विभाग द्वारा कोई मापदंड निर्धारित है? यिद हां, तो क्या ? शेष बचे पंजीकृत श्रमिकों को कब तक सामग्री वितरित कर दी जायेगी? **(घ)** पंजीकृत श्रमिकों को शासन के द्वारा कौन-कौन सी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्रांतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 से 30 जून, 2024 तक की स्थिति में श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा श्रम कार्ड के नवीनीकरण तथा नवीन श्रम कार्ड बनाने की मंडलवार एवं विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'अ'** अनुसार है।छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल में श्रम कार्ड बनाये जाने का प्रावधान नहीं है अपतु मंडल में

संगठित क्षेत्र के नियोक्ता द्वारा श्रम विभागीय ऑनलाईन पोर्टल में नियोजित श्रमिकों के नामों की प्रविष्टि की जाती है जिससे श्रमिक स्वतः पंजीकृत हो जाते है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से 30 जून, 2024 तक विकासखण्ड पाली में 118 तथा पोड़ी उपरोड़ा में निरंक श्रमिक पंजीकृत हुए।**(ख)** जी हां। श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन एवं योजना से लाभांवित किये जाने हेतु पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2022-23 में 191 शिविर एवं वर्ष 2023-24 में 98 शिविर आयोजित किये गये तथा वर्ष 2024-25 में कोई शिविर आयोजित नहीं किये गये। इस प्रकार कुल 289 शिविर आयोजित किया गया है। **(ग)** पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्रांतर्गत प्रश्नांकित अवधि में छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा मुख्यमंत्री श्रमिक औजार, सहायता योजना के तहत् पूर्व के वर्ष में क्रय की गई सामग्री में से शेष सामग्री से 17 हितग्राहियों को राजमिस्त्री टूल किट वितरण किया गया तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत सामग्री मूलक योजनाओं में सामग्री वितरण की जानकारी निरंक है। उक्त मंडलों अंतर्गत सामग्री मूलक योजनाओं में सामग्री के स्थान पर राशि से हितग्राहियों को लाभांवित करने की जानकारी निरंक है।पंजीकृत समस्त श्रमिकों को सामग्री वितरण हेतु योजनायें संचालित नहीं है, अपितु भिन्न-भिन्न प्रवर्ग के श्रमिकों को सामग्री हितलाभ अथवा सामग्री के स्थान पर राशि प्रदान किये जाने हेतु मंडलों द्वारा सामग्री मूलक योजनाएं संचालित कर पृथक-पृथक मापदंड निर्धारित किया गया है। मापदंड की मंडलवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'ब'**अनुसार है।उक्त मंडलों में हितग्राहियों के लिए संचालित सामग्री मूलक योजनाओं में निर्धारित पात्रता वाले पंजीकृत श्रमिकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर पात्र श्रमिक को सामग्री अथवा सामग्री हेतु निर्धारित राशि से लाभांवित किया जाता है।**(घ)** विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत श्रमिकों हेतु वर्तमान में संचालित योजनाओं की जानकारी **संलग्न प्रपत्र -'स'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

पाली-तानाखार वि.स. क्षेत्र में फ्लोराइड/आयरन की अधिकता वाले गावों में पेयजल की व्यवस्था

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

52. (क्र. 281) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में कितने ग्रामों के पानी में फ्लोराइड और आयरन की मात्रा की अधिकता है? ग्रामवार/विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार संबंधित ग्रामों में पेयजल की क्या व्यवस्था की गई है? फ्लोराइड और आयरन की अधिकता वाले ग्रामों में जल उपचार की व्यवस्था क्या सभी ग्रामों में है? यदि नहीं तो क्यों नहीं की गई है? जल उपचार उपलब्ध ग्रामों एवं उपलब्ध नहीं ग्रामों की जानकारी ग्रामवार/विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध करावें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के 44 ग्रामों के पानी में फ्लोराईड और 06 ग्रामों के पानी में आयरन की मात्रा की अधिकता है। ग्रामवार/विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश - 'क' अनुसार संबंधित ग्रामों में विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई पेयजल व्यवस्था की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। फ्लोराईड की अधिकता वाले सभी ग्रामों में जल उपचार संयंत्र स्थापित किये गये है। आयरन से प्रभावित ग्रामों के स्त्रोतों में जल उपचार संयंत्र नहीं लगाए गए है, तथापि इन ग्रामों में पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था अन्य स्त्रोतों से उपलब्ध है। जल उपचार उपलब्ध ग्रामों की ग्रामवार/विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है एवं जल उपचार उपलब्ध नहीं ग्रामों की संख्या निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

नगर पालिका परिषद तखतपुर में अग्निशमन वाहन की जानकारी

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

53. (क्र. 286) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि नगर पालिका परिषद तखतपुर, जिला -बिलासपुर में अग्निशमन वाहन (फायर ब्रिगेड) की गाड़ी उपलब्ध है ? यदि हां तो विवरण देवें, नहीं तो क्यों नहीं एवं कब तक उपलब्ध हो जाएगी, विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" के लिए वाहन संचालन के लिए तकनीकी पदों में कितने कर्मचारी नियुक्त हैं, विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** कंडिका "क" के वाहन पर विगत 02 वर्ष में कितना खर्च किए गए हैं, मदवार विस्तृत विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी नहीं। नगर पालिका परिषद तखतपुर, जिला बिलासपुर में अग्निशमन वाहन (फायर ब्रिगेड) की गाड़ी उपलब्ध नहीं है। निकाय द्वारा अनुदान राशि हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। शासन स्तर पर विचाराधीन है। स्वीकृति उपरांत नियमानुसार क्रय की कार्यवाही की जावेगी।**(ख)** एवं **(ग)** जी नहीं। प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना कार्य की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

54. (क्र. 288) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जल जीवन मिशन योजना के तहत तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल कितने एवं कौन-कौन से गांव को शामिल किया गया है, ग्रामवार स्वीकृत राशि सहित विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" के कितने गांवों में पाइपलाईन बिछाकर, टंकी निर्माण कराकर, जल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, विवरण देवें? कौन-कौन से कार्य पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं, विवरण देवें? **(ग)** क्या यह सत्य है कि पाइपलाईन बिछाने के लिए खुदाई किए गए ,क्षत्रिग्रस्त, स्पाट(रोड) का कांक्रीटीकरण, समतलीकरण किए जाने का प्रावधान है ? यदि हां, तो क्या इसका पालन सुनिश्चित किया गया है, नहीं तो क्यों नहीं, इसके लिए कौन जिम्मेदार है एवं कब तक समतलीकरण ,कांक्रीटीकरण कराया जाएगा, विस्तृत विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जल जीवन मिशन योजना के तहत तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी 173 गांव को शामिल किया गया है। ग्रामवार स्वीकृत राशि सहित विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** कंडिका ''क'' के 23 गांवों में पाइप लाईन बिछाकर, टंकी निर्माण कराकर, जल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जिसका विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। 150 ग्रामों में कार्य अपूर्ण एवं जल आपूर्ति अप्रारंभ का विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** जी हाँ। जी हाँ। प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है। प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता है। समस्त ग्रामों में समतलीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पाइप लाइन परीक्षण उपरांत क्रांक्रीटीकरण का कार्य किया जा सकेगा।

[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

कसडोल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना में स्वीकृत कार्य व अनियमितता की जांच

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

55. (क्र. 293) श्री संदीप साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र कसडोल अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना में कितने ग्रामों में कार्य स्वीकृत किये गये हैं? स्वीकृत ग्रामों में कितने ग्रामों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा कितने ग्रामों में अपूर्ण है? कुल व्यय राशि, कार्य अपूर्ण होने का कारण सहित जानकारी देवें? **(ख)** कौन-कौन से ग्रामों में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है? कितने ग्रामों में पाईप लाइन कार्य करने के बाद कांक्रीटीकरण सही तरीके से नहीं किया गया है? क्या इसकी शिकायत विभाग को प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो शिकायत की जांच में क्या पाया गया और क्या ठेकेदारों पर कार्रवाई की गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र कसडोल अंतर्गत जल जीवन

मिशन योजना में 300 ग्रामों में कार्य स्वीकृत किये गये है। स्वीकृत ग्रामों में 73 ग्रामों का कार्य पूर्ण कर लिया गया हैतथा 227 ग्रामों में अपूर्ण है। कुल व्यय राशि रु. 20148.24 लाख है। कार्य अपूर्ण होने का कारण विश्वव्यापी महामारी कोविड-19 का संक्रमण के कारण कार्य की गति प्रभावित होना, कुछ ग्रामों में जल टंकी निर्माण हेतु स्थल चयन में विवाद होना तथा कुछ ठेकेदारों द्वारा कार्य में विलम्ब होना इत्यादि है। **(ख)** किसी भी ग्राम में अनियमितता की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। ग्रामों में पाईप लाइन कार्य पूर्ण करने के बाद कांक्रीटीकरण सही तरीके से नहीं किये जाने की जानकारी **निरंक** है। जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

कसडोल अनुविभाग अंतर्गत कसडोल-पिथौरा मार्ग (SH -14) पर बीटी पेंच मररम्मत कार्य

[लोक निर्माण]

56. (क्र. 295) श्री संदीप साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में कसडोल-पिथौरा मार्ग (SH -14) पर बीटी पेंच मररम्मत कार्य किस एजेंसी द्वारा कराया गया है, जानकारी देवें ? **(ख)** क्या बीटी पेंच मररम्मत कार्य की समयावधि समाप्त पूर्ण होने के बाद भी एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने अधिकांश जगहों पर बीटी पेंच मररम्मत कार्य छूटा हुआ होने की शिकायत विभाग को प्राप्त हुई ? यदि हो तो क्या ठेकेदार या एजेंसी के ऊपर कार्यवाही की गई है ? यदि नही तो क्यों नहीं की गई है ? जानकारी देवें ? **(ग)** अधूरे मरम्मत कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा ? जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) श्री लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन, बिलासपुर **(ख)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। **(ग)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हेण्डपम्प सुधार कार्य

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

57. (क्र. 301) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही अंतर्गत कितने हेण्डपम्प खराब हैं? **(ख)** खराब हेण्डपम्प की मरम्मत हेतु सामग्री विकासखंड स्तर पर कब तक उपलब्ध कराई जायेगी? **(ग)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में हेण्डपम्प मेकेनिक की संख्या बढ़ाने एवं विगत छः माह से जो हेण्डपम्प खराब हैं, उनके सुधार के लिए क्या-क्या कार्यवाही की जा रही है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही अंतर्गत वर्तमान में 88 हैण्डपम्प खराब है। **(ख)** खराब हैण्डपम्प की मरम्मत हेतु सामग्री विकासखण्ड स्तर पर उपलब्ध नहीं कराई जाती, अपितु जिले से उपखंड स्तर पर उपलब्ध कराई जाती है। **(ग)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में कुल 10 हैण्डपम्प तकनीशियन कार्यरत है, जो पर्याप्त है एवं क्षेत्र में ऐसा कोई हैण्डपम्प नहीं है जो विगत 06 माह से खराब हो, अत: उनके सुधार के लिए कार्यवाही का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

नगर पंचायत अर्जुन्दा में जल आवर्धन योजना की स्वीकृति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

58. (क्र. 302) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही अंतर्गत नगर पंचायत अर्जुन्दा में जल आवर्धन योजना को किस वर्ष के मुख्य बजट में शामिल किया गया है? **(ख)** प्रश्नांक "क" के उत्तर में इस कार्य/योजना की प्रशासकीय स्वीकृति कब प्रदान की गई? स्वीकृति दिनांक राशि सहित बतावें? **(ग)** वर्तमान में नगर पंचायत अर्जुन्दा की जल आवर्धन योजना की प्रगति क्या है एवं इसे कब तक पूर्ण किया जायेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही अंतर्गत नगर पंचायत

अर्जुन्दा में जल प्रदाय योजना को मिशन अमृत 2.0 के प्रथम स्टेट वॉटर एक्शन प्लान वर्ष 2022-23 में सम्मिलित किया गया है। **(ख)** जल प्रदाय योजना अर्जुन्दा की प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 26.05.2023 को प्रदान की गयी। योजना की लागत राशि रू. 3122.58 लाख (05 वर्षों के संचालन एवं संधारण सहित) है। **(ग)** नगर पंचायत अर्जुन्दा की जल प्रदाय योजना का कार्य प्रगति पर है। योजना नवंबर 2025 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है।

जिला-धमतरी अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया एवं कार्यो की प्रगति

[लोक निर्माण]

59. (क्र. 306) श्री ओंकार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-धमतरी अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में शामिल किए गए कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति एवं निविदा की क्या स्थिति है? जानकारी देवें ? उक्त कार्यो में कितने कामों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गयी है? **(ख)** धमतरी जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित शासकीय आवासीय परिसरों की मरम्मत एवं रंग रोगन हेतु कब-कब निविदा जारी की गई? उक्त मरम्मत एवं रंग रोगन कार्य की भैतिक एवं वित्तीय स्थिति से अवगत करावें ? निविदा किस अखबार के माध्यम से प्रकाशित की गई ? निविदा ऑनलाइन अथवा ऑफ़लाइन थी? **(ग)** क्या शासकीय आवासीय परिसरों की मरम्मत एवं रंग रोगन का भुगतान ठेकेदार को भौतिक सत्यापन के आधार पर किया जाता है ? भौतिक सत्यापन के आधार पर कितने ठेकेदारों को कितनी राशि भुगतान वर्ष 2023 से जून, 2024 तक किया गया है ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार हैं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार हैं **(ग)** जी हां। जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]

धमतरी जिला अंतर्गत बजट में शामिल किए गए कार्यों की स्वीकृति

[लोक निर्माण]

60. (क्र. 309) श्री ओंकार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला-धमतरी अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में शामिल कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है अथवा नहीं? तो क्यों प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत निविदा की प्रक्रिया कब तक पूर्ण की जाएगी एवं कार्य प्रारंभ कब तक किया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

कांकेर जिले में विभिन्न योजनाओं में गैर-सरकारी संगठनों को प्राप्त राशि

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

61. (क्र. 316) श्री आशा राम नेताम : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में कांकेर जिले में विभाग के द्वारा विभिन्न योजनाओं में गैर-सरकारी संगठनों को कार्य प्रदान किया गया है? यदि हो तो किन-किन योजनाओं में कार्य प्रदान किया गया है एवं क्या कार्य प्रदान किया गया है, उक्त अवधि में गैर-सरकारी संगठनों को कितनी राशि प्रदान की गई है, कार्यवार प्रदायित राशिवार व वर्षवार जानकारी प्रदान करें।

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : जी हाँ। कांकेर जिला में वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत गैर-सरकारी संगठन को क्रियान्वयन सहायता एजेंसी (आई.एस.ए.) से तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेन्सी (टी.पी.आई.ए.) का कार्य प्रदान किया गया है। प्रदत्त कार्यो की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। उक्त अवधि में गैर-सरकारी संगठन को कार्यवार प्रदाय की गई राशि की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

मजदूरों /कर्मचारियों के भविष्य निधि (पी.एफ.) का जमा किया जाना

[श्रम]

62. (क्र. 317) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र मे स्थित के.एस.के. महानदी कंपनी में कितने ठेका एवं उप ठेका कंपनी/एजेंसी कार्य कर रहे हैं? उक्त ठेका कंपनियों में कितने-कितने कर्मचारी कार्यरत हैं? ठेका कंपनी की जानकारी उपलब्ध करावें। कार्यरत कर्मचारियों के खातें में वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 की भविष्य निधि (पी.एफ.) जमा कराई गई है अथवा नही? इस संदर्भ में क्या विभाग के पास कोई शिकायत अथवा संज्ञान में बात आई है? यदि हां तो क्या कोई जांच की गई एवं कार्यवाही की गई? जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** मजदूरों /कर्मचारियों के वेतन से पी.एफ. की राशि कटने के बाद कितने दिनों में संबंधित के खाते में जमा करना होता है? निर्धारित समयावधि में पी.एफ. की राशि जमा नहीं की जाती है तो विभाग के द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है? क्या विलंब से पी.एफ. की राशि जमा करने के संबंध में विभाग के पास कोई शिकायत प्राप्त हुई अथवा संज्ञान में आई, जानकारी प्रदान करें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में स्थित के0एस0के0 महानदी पावर कंपनी नरियरा में 13 ठेकेदार कार्य कर रहें है। उक्त ठेकेदारों द्वारा नियोजित ठेका श्रमिकों की ठेकेदारवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।कर्मचारियों की भविष्य निधि (पी.एफ.) संबंधी कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 का प्रवर्तन कार्य श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, रायपुर के द्वारा किया जाता है। क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के दौरान किसी भी कर्मचारी का अंशदान प्राप्त नहीं हुआ है।भविष्य निधि (पी.एफ.) जमा नहीं करने के संबंध में श्रम विभाग के श्रम पदाधिकारी जांजगीर-चांपा को 02 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसके संबंध में कार्यवाही की जानकारी निम्नानुसार है -(1) कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला जांजगीर चांपा को महामंत्री, महानदी मजदूर, संघ के पत्र दिनांक 31.07.2023 द्वारा मेसर्स-के.एस.के. महानदी पावर कंपनी लि. नरियरा के अधीन कार्यरत ठेकेदार 'मेसर्स-ग्लोबस इंजीनियरिंग लिमिटेड' द्वारा अपने श्रमिकों के फरवरी, 2023 एवं मार्च, 2023 (02 माह) का पी.एफ. जमा नहीं करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु श्रम पदाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय आयुक्त, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, रायपुर को पत्र दिनांक 25.08.2023 एवं स्मरण पत्र दिनांक 05.07.2024 प्रेषित किया गया है। (2) अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पावर मजदूर संघ (एच.एम.एस.) नरियरा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के पत्र दिनांक 05.02.2024 द्वारा मेसर्स-के.एस.के. महानदी पावर कंपनी लि. नरियरा के अधीन कार्यरत ठेकेदार 'मेसर्स-ग्लोबस इंजीनियरिंग लिमिटेड'द्वारा अपने श्रमिकों के 02 माह का पी.एफ. जमा नहीं करने संबंधी शिकायत पत्र कलेक्टर, जिला- जांजगीर चांपा को संबोधित पत्र श्रम पदाधिकारी कार्यालय जिला-जांजगीर चांपा को प्राप्त हुआ। उक्त आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु श्रम पदाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय आयुक्त, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, रायपुर को पत्र दिनांक 13.02.2024 प्रेषित किया गया है।**(ख)** क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार सभी प्रकार के कर्मचारियों के संबंध में प्रत्येक माह के 15 तारीख तक अंशदान का भुगतान करना नियोजक का कर्तव्य है। अधिनियम और उसके तहत बनायी गयी योजनाओं के किसी भी प्रावधान का अनुपालन न करने पर नियोक्ता को कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई और फाईलिंग जैसी अन्य कार्रवाई के लिए उत्तरदायी बनाया जावेगा। अधिनियम के तहत अभियोजन, बकाया राशि के निर्धारण के लिए जांच और आईपीसी की धारा 406/409 के तहत एफआईआर दर्ज किया जावेगा, यदि अंशदान सदस्य के वेतन से काटा गया है लेकिन खाते में जमा नहीं किया गया है तो नियोक्ता के विरूद्ध कार्यवाही किया जावेगा।श्रम विभाग एवं क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, रायपुर में विलंब से पी0एफ0 की राशि जमा करने के संबंध में शिकायत प्राप्त नहीं हुआ है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]

बालोद जिला में संचालित उद्योग एवं नियोजित स्थानीय लोग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

63. (क्र. 318) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दिनांक 27 जून, 2024 की स्थिति में जिला बालोद के अंतर्गत किस-किस श्रेणी के कितने उद्योग कहाँ-कहाँ संचालित हैं? संचालकों के नाम सहित उद्योगों का श्रेणीवार, विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका 'क' के संचालित उद्योगों में कितने-कितने स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) :दिनांक 27 जून, 2024 की स्थिति में जिला बालोद के अंतर्गत सूक्ष्म श्रेणी-60, लघु श्रेणी-98, मध्यम श्रेणी-06 कुल 164 उद्योग, गुरूर, बालोद, गुण्डरदेही, डौण्डी, डौण्डीलोहारा में संचालित है जिसकी विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** पर दर्शित है। संचालकों के नाम सहित उद्योगों का श्रेणीवार, विकासखण्डवार विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** पर दर्शित है। **(ख)** कंडिका 'क' के संचालित उद्योगों में कुल 1893 स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है। विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** के कंडिका 6 पर दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों का आवंटित भूमि व उद्योग स्थापना

[वाणिज्य एवं उद्योग]

64. (क्र. 328) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर, रायपुर, कोरबा, रायगढ़, दुर्ग, बलौदाबाजार एवं बेमेतरा में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में विगत 05 वर्षों में किन-किन उद्योगों को, कब-कब, किस प्रकार का उद्योग स्थापित करने हेतु कितनी-कितनी भूमि आवंटित की गई है तथा उन उद्योगों को कब-कब उद्योग स्थापित करने थे? उक्तानुसार उद्योगों द्वारा कब-कब, कौन-कौन से उद्योग प्रारंभ किये गए तथा किन उद्योगों के द्वारा निर्धारित समय सीमा में उद्योग प्रारंभ नहीं किये गए हैं व क्यों? किन-किन उद्योगों को भूमि आंबटन के पश्चात् उद्योग स्थापित की समयसीमा में कितनी वृद्वि की गई है व क्यों? जिलेवार, औद्योगिक क्षेत्रवार, उद्योगवार जानकारी देवें। **(ख)** उपरोक्त आवंटित भूमि वाले उद्योगों में किन-किन उद्योगों ने अनुबंध का पालन नहीं किया है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) :(क) प्रश्नांश 'क' में वर्णित जिलों में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में विगत 05 वर्षों में उद्योग स्थापित करने हेतु कुल 382 उद्योगों (सूक्ष्म उद्योग-49, लघु उद्योग-320, मध्यम उद्योग-10 एवं वृहद उद्योग-3) को कुल रकबा 126.644 हेक्टे. भूमि आबंटित की गई है। आबंटन की गई भूमि का क्षेत्रफल, आबंटन की तिथि, उद्योग का प्रकार की **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** पर दर्शित है। औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के नियम तथा पट्टाभिलेख के शर्तो के अनुसार भूमि आबंटन प्राप्तकर्ता उद्योगों को प्रारंभ करने की समय सीमा **विस्तृत विवरण जाकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** के कॉलम नंबर 10 पर दर्शित है। जिन उद्योगो द्वारा उद्योग प्रारंभ किये गये है तथा जिनमें निर्धारित समय-सीमा में उत्पादन प्रारंभ नही हो सका है उनकी जानकारी उत्पादन प्रारंभ न हो पाने के कारण सहित प्रपत्र पर दर्शित है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा एक इकाई के प्रकरण में भूमि आबंटन के पश्चात् बैंक ऋण स्वीकृत नहीं होने के कारण समय-सीमा में 06 माह की वृद्धि प्रदान की गई है। उद्योगों को आबंटित भूमि की जिलेवार, औद्योगिक क्षेत्रवार, उद्योगवार **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** पर दर्शित है। **(ख)** उपरोक्त आबंटित भूमि वाले उद्योगों में 89 उद्योगों के द्वारा अनुबंध की भिन्न-भिन्न शर्तो का पालन नहीं किया गया है। विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** के कॉलम नंबर-16 पर दर्शित है।

अवैध प्लाटिंग पर कृत कार्यवाही

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

65. (क्र. 329) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** नगर पालिका निगम, बिलासपुर, बिल्हा व बोदरी नगर पंचायत तथा नगपुरा व धमनी ग्राम

पंचायत क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2021 से जून, 2024 तक कितना अवैध प्लांटिग का कार्य हुआ है एवं कितने को नगर पालिका निगम/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत के अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी/तहसीलदार द्वारा नोटिस जारी किया गया है? अवैध प्लाटिंगवार जानकारी देवें। **(ख)** कंडिका 'क' अनुसार जारी नोटिस के विरूद्ध किन-किन के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है? नोटिसवार जानकारी देवें। **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार नगर पालिका निगम/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत एवं राजस्व अधिकारी/तहसीलदार स्तर से किसी भी प्रकार से कार्यवाही नहीं की गई है तो इसके लिए दोषी कौन है एवं इनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की जावेगी एवं कब तक?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) नगर पालिका निगम, बिलासपुर, बिल्हा व बोदरी नगर पंचायत, धमनी व नगपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2021 से जून, 2024 तक 363 अवैध प्लांटिग हुआ है। जिसमें नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा 325, नगर पंचायत बिल्हा द्वारा 07, बोदरी द्वारा 01 तथा ग्राम पंचायत/राजस्व अधिकारी/तहसीलदार द्वारा 30 प्रकरणों में अवैध कालोनाईजरों को नोटिस जारी किया गया है। अवैध प्लाटिंगवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। (ख)** कंडिका ''क'' अनुसार जारी नोटिस के विरूद्ध कार्यवाही की नोटिसवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। (ग)** कार्यवाही किये जाने के कारण प्रश्न उद्भूत नही होता है।

अविभाजित जांजगीर एवं चांपा जिले में आर.ओ .मशीन की स्थापना

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

66. (क्र. 340) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अविभाजित जांजगीर एवं चांपा जिले के चुनिंदा जगहों पर आर.ओ. मशीन लगाने का टेंडर राइट वॉटर सॉल्यूशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 21 लाख की लागत में दिया गया था? यदि हां, तो क्या वर्तमान में सभी स्थान में मशीन चल रही हैं? यदि नहीं तो क्यों, कृपया अवगत करावें? क्या उन मशीनों का संधारण कर पुन: प्रारम्भ कराया जायेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अविभाजित जांजगीर एवं चांपा जिले के नगर पालिकाओं में 02 नग वॉटर ए.टी.एम. एवं आर.ओ. सहित स्थापित किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला में राशि रू. 21.20 लाख, चांपा में राशि रू. 20.10 लाख, अकलतरा राशि रू. 19.00 लाख, एवं सक्ती में राशि रू. 24.50 लाख का टेण्डर राइट वॉटर सॉल्यूशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया था। वर्तमान में सभी स्थानों में स्थापित मशीन चल रहीं है।

जांजगीर एवं सक्ति जिले में विभिन्न पेयजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

67. (क्र. 341) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर एवं सक्ति जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कुल कितने हैंडपंप नल जल योजना एवं स्पाट सोर्स के कार्य वर्ष 2022-23 में प्रश्नांकित अवधि तक स्वीकृत किए गए हैं? कितने कार्य पूर्ण एवं कितने कार्य अपूर्ण हैं? **(ख)** उपरोक्त कार्यो पर कुल कितनी कितनी राशि व्यय की गई है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जांजगीर एवं सक्ति जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हैंडपंप के 518 कार्य, नल जल योजना के 243 कार्य एवं स्पाट सोर्स के निरंक कार्य कुल 761 कार्य वर्ष 2022-23 से दिनांक 05.07.2024 तक स्वीकृत किए गए हैं। कुल 448 कार्य पूर्ण एवं 313 कार्य अपूर्ण है। **(ख)** उपरोक्त कार्यों पर कुल राशि रू. 16032.30 लाख व्यय की गई है।

जिला दुर्ग में नल-जल योजनांतर्गत पानी टंकी निर्माण

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

68. (क्र. 348) श्री ललित चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-दुर्ग में कितने ग्रामों में नल-जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया गया है? उक्त

निर्माण कार्य की कार्य एजेंसी का नाम एवं पता सहित जानकारी देवें? **(ख)** स्वीकृत नल-जल योजना कौन-कौन से ग्रामों में चालू है तथा कौन-कौन से ग्रामों में बंद पड़ी है, ग्रामवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) दुर्ग जिले के 385 ग्रामों में नलजल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। कार्य एजेंसी का नाम**पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** स्वीकृत नलजल योजना में ग्रामवार चालू, बंद की स्थिति **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

सड़क निर्माण एवं गुणवत्ता रिपोर्ट

[लोक निर्माण]

69. (क्र. 349) श्री ललित चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला - दुर्ग में 2021-22 से 23 जून 2024 तक कितने सड़कों की गुणवत्ता जांच कि गई है? जांच के लिए क्या मापदंड हैं, जानकारी देवें? **(ख)** क्या कार्यपालन अभियंता, अधिक्षण अभियंता, मुख्य अभियंता, प्रमुख अभियंता के द्वारा उक्त सड़कों की गुणवत्ता रिर्पोट प्रस्तुत की गई है? यदि हां, तो क्या उन सभी रिपोर्टों में एकरूपता है? यदि सभी के रिपोर्ट में अंतर है तो सभी सड़कों की गुणवत्ता रिपोर्ट जांच प्रतिवेदन की प्रति देवे, तथा क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) 80 सड़कों का गुणवत्ता जांच की गई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के सड़क एवं सेतु निर्माण हेतु निर्धारित मापदण्ड (संस्करण-5) अनुसार परीक्षण किया जाता है। **(ख)** निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किये गये। निरीक्षण विभागीय अभियंताओं द्वारा निर्माण के दौरान किया जाता है। गुणवत्ता रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती। अतः एकरुपता का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

अविभाजित जिला - राजनांदगांव अंतर्गत निर्माण एवं खरीदी से सबंधित जानकारी

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

70. (क्र. 351) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-22 से जून, 2024 तक अविभाजित जिला राजनांदगाँव, (मोहला मानपुर चौकी, खैरागढ़ छुईखदान गंडई सहित) अंतर्गत विभाग द्वारा कौन-कौन सी सामग्री क्रय की गई हैं? क्या सामग्रियों को क्रय करने के लिये निविदा आमंत्रित की गई या अन्य किसी माध्यम से क्रय किया गया, सामग्री का नाम, मात्रा, सामग्री का मूल्य, सामग्री क्रय की गई उस एजेंसी/फर्म/दुकान का नाम, जीएसटी नंबर /प्रतिशत/राशि की जानकारी विकासखंड व एजेंसीवार देवें? **(ख)** कुल कितने निर्माण कार्य किये गये? कार्य का नाम, निर्माणाधीन एजेंसी / फर्म का नाम, कार्य की लागत, पूर्ण/अपूर्ण की जानकारी दिनांकवार, विकासखंड व जिलावार जानकारी देवें? क्या निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिये अधिकारी/कर्मचारी नियुक्त किये गये हैं? यदि हां तो गुणवत्ता जांच अधिकारी/कर्मचारी का नाम, गुणवत्ता जांच का दिनांक,जांच के बाद की गई कार्यवाही का विस्तृत जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- अ अनुसार है। (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- ब अनुसार है।

दुर्ग संभाग अंतर्गत जिलों में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए निर्माण

[लोक निर्माण]

71. (क्र. 352) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खैरागढ़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत वर्ष 2022-23 से जून, 2024 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कहाँ-कहाँ, कौन-कौन से निर्माण कराए गए हैं? **(ख)** कंडिका **(क)** अनुसार किये गये निर्माण कार्य का नाम, कार्य प्रारंभ होने की तिथी, कार्य पूर्ण/अपूर्ण होने की जानकारी देवें? **(ग)** कितने निर्माण कार्यो में रिवाइज स्टीमेट दिया गया है जानकारी देवें? **(घ)** क्या विभाग द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच के

लिये अधिकारी/कर्मचारी नियुक्त किये गये हैं? यदि हाँ तो गुणवत्ता जांच के बाद की गई कार्यवाही की जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) (ख) (ग) एवं **(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ"]

चांटीडीह (बिलासपुर) में गरीबों के टूटे आवास के बदले आवास प्रदान किया जाना

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

72. (क्र. 358) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रश्नांक अवधि तक नगर निगम बिलासपुर के चांटीडीह मेला स्थल, पठान मोहल्ला, ईरानी मोहल्ला सहित अन्य कितने घर को नगर निगम बिलासपुर द्वारा तोड़ा गया है एवं कुल कितना तोड़ा जाना शेष है? **(ख)** कुल कितने प्रभावित परिवारों को किस-किस स्थान पर आवास आबंटन किया जाना है? कितने प्रभावितों कों आवास आबंटन किया जा चुका है और कितने को आवास आबंटन किया जाना शेष है? अगर आबंटन किया जाना शेष है तो किस स्थान पर और कब तक आबंटन किया जायेगा ? **(ग)** ऐसे कितने प्रभावित परिवार हैं, जिनका मकान तोड़ दिया गया है एवं आवास आबंटन भी नही किया गया है और नही किया जाना प्रस्तावित है? **(घ)** कितने क्षेत्रफल एवं रकबा में बसे मकानों को तोड़ा गया है? मकान तोड़ कर खाली किये गये स्थान का उपयोग किस प्रायोजन एवं योजना हेतु किया जाना है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) प्रश्नांक अवधि तक नगर निगम बिलासपुर के उक्त स्थल के 933 आवासों को व्यवस्थापन के तहत् हटाया गया है एवं 348 आवासों को हटाया जाना शेष है। **(ख)** प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत एएचपी के तहत् अशोक नगर में निर्मित आवासों में 1156 हितग्राहियों को व्यवस्थापन के तहत् आवास आबंटन किया गया है। आईएचएसडीपी आवास बहतराई में 100 हितग्राहियों को व्यवस्थापन के तहत् आवास आबंटन किया गया है। वाम्बे आवास ईमलीभाठा में 03 हितग्राहियों को व्यवस्थापन के तहत् आवास आबंटन किया गया है। आबंटन का कार्य पूर्ण हो चुका है, कोई भी आबंटन शेष नहीं है। **(ग)** सभी शत प्रतिशत प्रभावित परिवारों को आवास आबंटन एवं व्यवस्थापन किया जा चुका है। **(घ)** स्लम का कुल क्षेत्रफल 20.44 एकड है। स्लम क्षेत्र 20.44 एकड़ का प्रयोजन निम्नानुसार है- आवासीय 13.94 एकड़, व्यवसायिक - 0.93 एकड़, खुला एवं हरित क्षेत्र - 5.57 एकड़, योजना का निर्धारण किया जाना शेष है।

प्लेसमेंट/आउटसोर्सिंग एजेन्सियों के माध्यम से नियोजन

[वाणिज्य एवं उद्योग]

73. (क्र. 364) डॉ. चरण दास महंत : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्लेसमेंट/आऊटसोर्सिंग एजेन्सियों के माध्यम से नियोजित श्रमिकों एवं कर्मियों को विधियों के अन्तर्गत क्या-क्या सुविधाएं प्राप्त करने की पात्रता होती है? 30 जून, 2024 की स्थिति में शासकीय विभागों, निगमों, मंडलों तथा आयोगों में नियोजितों की संख्या कितनी-कितनी है? **(ख)** प्लेसमेंट/आऊटसोर्सिंग एजेन्सियों के माध्यम से शासकीय विभागों, निगमों, मंडलों तथा आयोगों में नियोजन हेतु लागू सेवा नियम का नाम क्या है, तथा यह कब से प्रवृत्त है? इन सेवायुक्तों के द्वारा नियोजन से संबंधित विवादों का निराकरण करने के लिए किस विधि के अन्तर्गत कौन पदाधिकारी सक्षम होता है? **(ग)** इन सेवायुक्तों को वेतन, भत्ता, सुविधाएं आदि का भुगतान करने के लिए कौन सा नियम लागू है तथा कब से?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क), (ख) एवं **(ग)** की **जानकारी एकत्रित की जा रही है।**

धरमजयगढ़ नगर पंचायत को प्राप्त आवंटन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

74. (क्र. 368) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** धरमजयगढ़ नगर पंचायत को विगत 03 वर्ष में कितना आवंटन प्राप्त हुआ है ? कितनी-कितनी राशि, किस-किस कार्य के स्वीकृत की गई है, वर्षवार जानकारी देवें ? **(ख)**कितने कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं, कितने पूर्ण हैं, कितने अपूर्ण हैं, कब पूर्ण कर लिए जाएंगे? **(ग)** क्या इन कार्यों में वित्तीय अनियमित्ता की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई, जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) धरमजयगढ़ नगर पंचायत को विगत 3 वर्षो में अंधोसंरचना मद, केन्द्र प्रवर्तित योजना (14वें वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग), राज्य प्रवर्तित योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत प्राप्त आबंटन एवं स्वीकृत कार्यो की राशि सहित वर्षवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। (ख)** एवं **(ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।**

जशपुर जिले के सन्ना से सरगुजा जिले के धौरपुर को सड़क कारीडोर से जोड़ा जाना

[लोक निर्माण]

75. (क्र. 391) श्री प्रबोध मिंज : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या जशपुर जिले के सन्ना से सरगुजा जिले के धौरपुर तक सड़क कारीडोर बनाकर जोड़ने की कोई योजना प्रस्तावित है? **(ख)** यदि है, तो कब तक इस सड़क का निर्माण एवं कितनी राशि से किया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी नहीं। **(ख)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

महासमुंद से तुमगांव रोड रेल्वे क्रासिंग पर ओवरब्रिज (ROB) निर्माण

[लोक निर्माण]

76. (क्र. 402) श्री रोहित साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या महासमुन्द से तुमगांव रोड रेल्वे क्रासिंग पर ओवरब्रिज (ROB) निर्माण कार्य पूर्ण कर लोकार्पण किया जा चुका है? यदि हां, तो इसकी निर्माण लागत कितनी है? **(ख)** क्या ओवरब्रिज निर्माण के लिए अधिग्रहित की भूमि का भूमिस्वामियों को भूअर्जन मुआवजा का भुगतान कर दिया गया है यदि नहीं तो हितग्राहियों के लंबित भुगतान कब तक पूर्ण कर दिया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी हॉ। निर्माण कार्य की लागत राशि रु. 9900.66 लाख। **(ख)** 89 हितग्राहियों का भूमि मुआवजा भुगतान किया गया है, शेष 07 हितग्राहियों का भूमि मुआवजा भुगतान शेष है। शेष राशि के भुगतान किये जाने की निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है।

अंबिकापुर नगर स्थित रिंग रोड का संधारण

[लोक निर्माण]

77. (क्र. 413) श्री राजेश अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-अंबिकापुर नगर में निर्मित 11 कि.मी. के रिंग रोड में गढ्ढे होने के दृष्टिगत इस मार्ग के संधारण की शासन की क्या योजना है एवं इस रिंग रोड का मरम्मत कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा ?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : अंबिकापुर रिंग रोड लंबाई 10.80 कि.मी. जिसके कि.मी. 0 से 6.00 के मध्य क्षतिग्रस्त भाग का मरम्मत कार्य कराया गया हैं। भविष्य में यदि मार्ग क्षतिग्रस्त होता है, तो आवश्यकतानुसार मरम्मत कराया जावेगा।

बिलासपुर जिला में अवैध कालोनियों एवं कब्जा के प्राप्त प्रकरण

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

78. (क्र. 437) श्री दिलीप लहरिया : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर जिला मे जनवरी, 2021 से जून, 2024 तक कितनी अवैध कालोनियां एवं कब्जा के प्रकरण प्राप्त हुये हैं? प्रकरणवार जानकारी देवें? इनमें से कितने प्रकरण निराकृत कर दिये गये हैं और कितनी अवैध कालोनियों पर रोक लगाई गयी है व कितने अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया है? कितने प्रकरणों में कानूनी कार्यवाही की गयी? विकासखंडवार बतायें? **(ख)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष जनवरी, 2021 से प्रश्नावधि तक कहां-कहां, किनके द्वारा, कब से अवैध कालोनियां निर्मित किए जाने की शिकायत प्रकरण प्राप्त हुए हैं? इस पर शासन या प्रशासन द्वारा अब तक क्या-क्या कार्यवाही, कब-कब की गयी है? प्रकरणवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) :(क) बिलासपुर जिला अंतर्गत नगर पालिक निगम, बिलासपुर, नगर पालिका तखतपुर, रतनपुर, नगर पंचायत बिल्हा, बोदरी, कोटा व मल्हार क्षेत्रांतर्गत जनवरी 2021 से जून, 2024 तक 333 अवैध कालोनी व 453 अवैध कब्जा के प्रकरण प्राप्त हुये है। जिसमें नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा 58 प्रकरण में ग्राम निवेश से मार्ग संरचना अनुमोदन पश्चात् नगर निगम के एम.आई.सी. द्वारा विकास शुल्क निर्धारण उपरांत विकास शुल्क राशि जमा कराकर भवन अनुज्ञा प्रदान की जा रही है एवं शेष 275 कालोनियों पर रोक लगाई गयी है तथा 453 अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया है। 34 प्रकरणों में एफ.आई.आर. दर्ज किया गया है। अवैध कालोनी की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - ''अ''** एवं अवैध कब्जा की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- ''ब'' अनुसार है। (ख)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष जनवरी 2021 से प्रश्नावधि तक अवैध कालोनियां निर्मित नहीं है।

प्रदेश में वैध एवं अवैध प्लाटिंग की जांच

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

79. (क्र. 674) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या प्रदेश के जिलों में कैलेण्डर वर्ष 2021 से 30 जून 2024 तक कितने वैध एवं अवैध कॉलोनियों की प्लाटिंग की जानकारी विभाग के पास मौजूद है? यदि हां, तो कॉलोनी एवं कॉलोनाईजर का नाम सहित जानकारी देवें। **(ख)** अवैध प्लाटिंग की कार्यवाही क़े लिए नगरीय सीमा अंतर्गत आयुक्त, नगर पालिक निगम/ मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत एवं नगरीय निकाय सीमा के बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्षम अधिकारी निर्धारित है। यदि हाँ तो इन सक्षम प्राधिकारियों द्वारा वर्ष 2021 से 30 जून 2024 तक अवैध प्लाटिंग पर क्या कार्यवाही की विवरण देवें? यदि नहीं है तो क्यों ? **(ग)** यदि कोई कॉलोनाईजर शासकीय भूमि को अपनी निजी भूमि के साथ मिलाकर अवैध प्लाटिंग करता है तो उस पर सीधे एफ.आई.आर. की कार्यवाही कराने में क्या कठिनाई आती है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : उक्त प्रश्न प्रदेश में वैध एवं अवैध प्लाटिंग से संबंधित है। जिसकी जानकारी वृहद स्वरूप के होने के कारण समय-सीमा में जानकारी संकलित नहीं की जा सकी। जानकारी संकलित कर पृथक से विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध करा दी जायेगी।

प्रदेश में स्मार्ट सिटी के विकास कार्यों में व्यय राशी

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

80. (क्र. 798) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2019 से 2023 के बीच प्रदेश के कितने शहरों का स्मार्ट सिटी बनाने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा चयन किया गया था? वर्षवार सिटी का नाम सहित बतावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार प्रदेश में चयनित स्मार्ट सिटी के विकास हेतु प्रत्येक को वर्षवार कितनी राशि केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई ? कितनी राशि व्यय की गई ? कितनी राशि शेष है? स्मार्ट सिटी के नाम सहित वर्षवार जानकारी बतावें? **(ग)** चयनित स्मार्ट सिटी के

कार्य को पूर्ण करने हेतु क्या समय-सीमा नियत की गई थी ? वर्तमान में चयनित स्मार्ट सिटी में कितने कार्य प्रचलन में है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : (क) जी नहीं। वर्ष 2019 से 2023 के बीच प्रदेश में शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा किसी भी शहर का चयन नहीं किया गया था। **(ख)** एवं **(ग)** प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट - एक

तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 140) की जानकारी

प्रपत्र

नगर पालिक निगम भिलाई –

क्र.	स्थान	ग्राम	खसरा क्रमांक
1	बाबादीप सिंह नगर	कोहका	5371 / 6,11,12,13,14
2	भेलवा तालाब के पीछे कोहका	कोहका	4887 / 2, 4887 / 8, 4886 / 4, 64 / 4,
3	विवेकानंद नगर रानी अवंती बाई चौक	कोहका	1704 / 85
4	सिरसा रोड़ कोहका	कोहका	4059 / 1, 2, 3, 4
5	हाउसिंग बोर्ड कोहका के पीछे	कोहका	1227
6	रामनगर मुक्ति धाम के समीप	कोहका	8684 / 1 एवं इनके अन्य टुकड़ो
7	आर्य नगर	कोहका	716
8	भेलवा तालाब के पीछे साकेत नगर	कोहका	59, 60, 61, 62, 63, 64, 65, 66, 48, 86
9	उल्लास नगर नाला के पास	कोहका	2136, 2142, 2143, 2144, 2145
10	कोहका	कोहका	640, 650, 649, 641, 642, 646, 648, 647, 643, 641, 40
11	कोहका	कोहका	4885, 4887, 66
12	कोहका	कोहका	5529 / 1, 5510 / 2, 5509 / 1, 5513 / 9347 / 2, 5509, 5513 / 9359 / 2, 5527 / 2, 8346, 5445 / 5, 8310 / 1, 8202, 8296, 8197 / 10, 5404, 5513 / 9352 / 8251 / 4, 8367, 8197 / 44, 5528
13	कोहका	कोहका	73 / 4
14	कोहका	कोहका	644 / 1,2, 45, 46, 47, 48, 49 / 1, 49 / 2, 50 / 1,2,4,5,6, 51 / 1,2,3,4, 52 / 1,2,3,4, 53, 54, 55 / 1,2,3,4,5 एवं 55 / 6
15	कोहका	कोहका	5244 / 1, 5244 / 2, 5244 / 4, 5244 / 5, 5244 / 6, 5245, 5248, 5272
16	कोहका	कोहका	74, 57
17	कोहका	कोहका	831, 840, 841, 844, 855, 856, 857, 858, 859, 860, 1225, 1226, 1228, 1231, 1238, 1242, 1243, 1244, 1245,
18	कोहका	कोहका	721, 722, 724, 725, 726, 727, 728, 729, 731, 798, 799, 800
19	कोहका	कोहका	2149
20	कोहका	कोहका	22 / 1,2,3,4, 29 / 1,2,3,4
21	पुरानी बस्ती कोहका	कोहका	730, 649, 652, 682, 683, 684
22	कृष्णा गैण्ड सिटी के सामने कोहका	कोहका	56 / 14
23	कुरूद	कुरूद	777 / 2, 1009
24	कुरूद	कुरूद	1138 / 1

अनुभाग अधिकारी
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
मंत्रालय, नया रायपुर, अटल नगर

क्र.	स्थान	ग्राम	खसरा क्रमांक
25	कुरूद	कुरूद	526 / 2
26	कुरूद	कुरूद	1539 / 4, 1539 / 1
27	कुरूद	कुरूद	1542
28	कुरूद	कुरूद	441
29	कुरूद	कुरूद	1546 / 1
30	कुरूद	कुरूद	1047 / 7, 8, 9
31	कुरूद	कुरूद	443 / 1, 2, 3, 445 / 1, 445 / 2, 448, 438, 460 / 1, 442 / 1, 460 / 2, 461 / 1, 2, 463 / 3, 5, 462 / 1, 2, 3, 465, 464 / 1, 2
32	कुरूद	कुरूद	155
33	कुरूद	कुरूद	1546 / 11, 12, 13, 14, 15, 16,
34	कुरूद	कुरूद	441 / 1,2, 442 / 1,2,3, 443, 445 / 1,2, 446, 447, 448, 449, 450, 451, 453, 455 / 1,2, 456, 457, 458, 459, 460 / 1,2, 461 / 1,2, 462 / 1,2, 463 / 1,2,3,4, 464 / 1,2, 465, 466, 467, 468 / 1,2,3, 469
35	कुरूद	कुरूद	354, 355, 356, 357, 358, 438, 439
36	कुरूद	कुरूद	151, 152, 155 / 1, 158, 159, 177, 179, 182, 183, 192, 194, 195, 198, 199, 200, 201, 202, 203, 237, 238, 239, 240, 258 / 2
37	कुरूद	कुरूद	490, 493, 495 / 1,2, 501, 502, 518, 521 / 1,2, 522, 535, 536, 537 / 1,2, 541, 542, 543, 544, 545 / 1,2, 546
38	कुरूद	कुरूद	1526 / 1,2,3,4,5,6, 16, 1532 / 1,4,5,6,8,9,11, 1533 / 2,4,5,6, 1534, 1535,, 1537 / 25,26, 1536 / 1,2,3,4
39	कुरूद	कुरूद	896, 941, 942, 983, 996, 997 / 1,2,3, 998, 999, 1000, 1003, 1017, 1018, 1047, 1051
40	कुरूद	कुरूद	1326 / 1, 1327, 1328 / 1
41	कुरूद	कुरूद	1323,1324,1325
42	कैलाश नगर कुरूद	कुरूद	1607
43	एम.जे. स्कूल के पीछे, कुरूद	कुरूद	39
44	नकटा तालाब के पास	कुरूद	1332 / 1, 1332 / 2, 1332 / 4, 1332 / 6,7,8, 1327, 1328 / 2, 1332 / 12, 1332 / 16, 1345, 1357, 1358, 1346 / 1,
45	उदय सिंह बाडी के पास कुरूद	कुरूद	1546 / 1, 1546 / 9, 1546 / 17
46	कुरूद	कुरूद	1546 / 2, 1546 / 3, 1546 / 4, 1546 / 5, 1546 / 6, 1546 / 7, 1546 / 8, 1546 / 9, 1546 / 10
47	लोहिया रोड के समीप	कुरूद	1518 / 1, 1518 / 2

क्र.	स्थान	ग्राम	खसरा क्रमांक
48	सीएम कॉलेज रोड़ कुरूद	कुरूद	47/1, 172/1, 172/2, 554/4, 556/1, 556/2, 547/1, 150, 148, 149, 140, 141, 147/2, 146, 315, 316, 317, 318, 319, 320, 321, 322, 323, 324, 504, 503, 502/1, 561, 485, 484, 483/1,2,3,4, 482, 481, 500, 499, 498, 497, 497/1,2, 494, 492, 491, 493, 495/1, 5, 530, 528, 529, 526, 527/3, 525, 520, 519, 518/2, 516, 515, 517, 518/1, 525, 383, 123, 122, 548
49	लोहिया रोड के समीप	कुरूद	1524
50	मॉडल टाउन जुनवानी	मॉडल टाउन जुनवानी	1178/11, 9, 8, 6, 18, 17, 7, 19, 13, 16, 15
51	जुनवानी	जुनवानी	353/1, 353/2
52	जुनवानी	जुनवानी	47/2
53	जुनवानी	जुनवानी	115/2
54	स्मृति नगर सड़क 19 के पास	जुनवानी	455/4
55	केपीएस स्कूल के पीछे	जुनवानी	436/1, 435/1
56	स्मृति नगर पुलिस थाना के पीछे	जुनवानी	586/5
57	होटल इम्पीरियन के पीछे	जुनवानी	318/1, 318/2, 318/3
58	मॉडल टॉउन जुनवानी नाला के पास	जुनवानी	1190/1, 1185/3, 1185/11, 1185/8, 1185/10, 1185/9, 1185/7, 1185/6, 1185/1, 1185/2
59	रायल ग्रीन परिसर के अंदर	जुनवानी	129/9, 129/10, 128/2, 120/3
60	पुष्पक नगर	जुनवानी	321/2
61	चौहान ग्रीन वैली	जुनवानी	39/4, 39/5, 34/2, 34/3

नगर पालिका परिषद जामुल –

क्र.	स्थान	ग्राम	खसरा क्रमांक
1	वार्ड क्र. 01 कब्रिस्तान के पीछे		266/7
			266/8
			266/9
			266/10
			267/1
			267/2
			269
			267/4
			267/3
			266/1
			266/2
			266/3
			266/4
			266/5

क्र.	स्थान	ग्राम	खसरा क्रमांक
			266 / 6
2	वार्ड क्र. 17 मणीकंचन केन्द्र के पास		933 / 1
			1079 / 2
3	वार्ड क्र. 04 शमशान घाट के पास		357 / 2
4	वार्ड क्र. 18 सांई धाम के पास		1068 / 1
			1069 / 1,2
5	वार्ड क्र. 17 कम्पोस्ट शेड के पास का सम्पूर्ण भाग		1080 / 1
			1033 / 1
			1080 / 2
			1033 / 2
			1060 / 2
			1035 / 69
			1035 / 3
			1035 / 69
6	वार्ड क्र. 16 शिवपुरी रेल्वे लाईन के पास		1044 / 1
			1047 / 3
			1165 / 4
7	वार्ड क्र. 16 शिवपुरी जयसवाल बाडी के पास		1134 / 1
			1137 / 5
			1134 / 4
			1137 / 6
			1138 / 1
8	वार्ड क्र. 17 मणीकंचन केन्द्र के सामने		1001 / 5
			1002 / 1
			1002 / 2
			1002 / 3
9	वार्ड क्र. 08 लेबर केम्प के पीछे		539 / 2
			540 / 2
			543
			544 / 1
			544 / 4
			544 / 5
			545 / 2
			546 / 1
			546 / 2
			547
			578 / 1
			578 / 2
			579 / 1
			579 / 3
			580 / 2
			581 / 1
			581 / 6

क्र.	स्थान	ग्राम	खसरा क्रमांक
			581/8
			618/4
			618/12
10	वार्ड क्र. 01 ढौर तालाब के पीछे		318
			311/1
11	वार्ड क्र. 01 त्रिपुल मैदान के पास		777
			793
			794/2
			795
			792/2
12	वार्ड क्र. 04 पुरैना तालाब के पीछे		359/14
			350/6
			350/18
13	वार्ड क्र. 04 सागौन बाड़ी		516/2
			517/10
			517/13
14	वार्ड क्र. 05 राम मंदिर तालाब के पीछे		577/7
			579/7
			618/97
15	वार्ड क्र. 05 राम मंदिर तालाब के पीछे		577/8
			579/8
			618/98
			566/20
			575/77
			569/5
			576/6
16	वार्ड क्र. 05 राम मंदिर तालाब के पीछे		565/4
			566/3
			565/3
			566/1
			567/4
			576/3
			575/79
			577/2
			579/5
			577/10
			579/4
			618/100
17	वार्ड क्र. 05 राम मंदिर तालाब के पीछे		576/4
			575/78
			567/3
			569/2
			569/3

क्र.	स्थान	ग्राम	खसरा क्रमांक
			576/4
			566/4
			567/2
			569/6
18	वार्ड क्र. 05 राम मंदिर तालाब के पीछे		579/9
			618/99
			109/3
			110/1
			115/1
19	वार्ड क्र. 05 राम मंदिर तालाब के पीछे		549/1
			549/2
			552/2
20	वार्ड क्र. 05 पेट्रोल पंप के पीछे नाला से लगी हुई भूमि पर		581/50
21	वार्ड क्र. 10 शीतला तालाब के पास		972/2
			972/7
			972/54
			972/55
			972/2
22	वार्ड क्र. 16 पालिका कार्यालय के पीछे		1165/3
23	वार्ड क्र. 18 निर्माणाधीन कॉलेज के पीछे		1085/1
			1085/2
			1044/1
			1044/2
			1045/1
24	—		79 / 68
25	—		85 / 64
26	—		118 / 102
27	—		119 / 65
28	—		120 / 55
29	—		334 / 75
30	—		350 / 68
31	—		358 / 159
32	—		359 / 52
33	—		396 / 53
34	—		470 / 116
35	—		524 / 55
36	—		552 / 69
37	—		571 / 54
38	—		574 / 60
39	—		575 / 74
40	—		618 / 93
41	—		621 / 53
42	—		640 / 71

क्र.	स्थान	ग्राम	खसरा क्रमांक
43	—		652 / 61
44	—		757 / 74
45	—		977 / 51
46	—		1054 / 58
47	—		1104 / 112
48	—		1106 / 112
49	—		1108 / 163
50	—		1109 / 140
51	—		1111 / 77
52	—		1168 / 102
53	—		582 / 2
पटवारी हल्का नं. 02 ग्राम सुरडुंग तहसील भिलाई — 03			
54	वार्ड क्र. 20 सुरडुंग रोड		815 / 2
55	वार्ड क्र. 20 शीतला तालाब के पास		605 / 7
			605 / 9
			605 / 12
56	वार्ड क्र. 18 स्टेडियम के पीछे		934
			933
			930
			932
57	वार्ड क्र. 20 खेरधा रोड के पास		226 / 1
			226 / 2
58	वार्ड क्र. 18 गार्डन के पीछे		948 / 1
			945 / 1
			943
			944
59	वार्ड क्र. 18 शासकीय कॉलेज के पीछे		918
			920
			919 / 1
			917
60	वार्ड क्र. 20 सुरडुंग रोड		808 / 1
			794 / 2
			798
61	वार्ड क्र. 20 दमाद पारा के पीछे		154
62	वार्ड क्र. 20 शीतला तालाब के उत्तर भाग में		647
63	वार्ड क्र. 20 शीतला तालाब के दक्षिण भाग में		733
64	वार्ड क्र. 20 शीतला तालाब के पश्चिम भाग में		767
65	वार्ड क्र. 19 सुरडुंग नाला खान बाडी से लगा हुआ क्षेत्र		891

अनुभाग अधिकारी
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर

परिशिष्ट - दो

तारांकित प्रश्न संख्या 9 (क्र. 4) की जानकारी

प्रपत्र

श्रम अधिनियम अंतर्गत उपक्रम बंदी/कार्यबंदी के परिणामस्वरूप श्रमिकों को देय हितलाभ संबंधी जानकारी

क्रमांक	अधिनियम का नाम	प्रावधान
1.	औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947	(अ) बंद किये जाने वाले स्थापन/उपक्रम में कम से कम एक वर्ष के लिए निरंतर सेवा में रह चुके कर्मकारों को निम्नानुसार लाभ दिया जाना प्रावधानित है :– (1) 100 कर्मकार तक नियोजन वाले स्थापन/उपक्रम में कार्यरत श्रमिकों को एक माह पूर्व सूचना देना या उसके बदले एक माह का वेतन देना। (2) 100 से अधिक कर्मकार नियोजन वाले स्थापन/उपक्रम में कार्यरत श्रमिकों को तीन माह पूर्व सूचना देना या उसके बदले तीन माह का वेतन देना। (3) स्थापन/उपक्रम में कार्यरत कर्मकारों को उसके निरंतरित सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए (06 माह से अधिक सेवावधि को एक वर्ष मान्य किया जावेगा) 15 दिन के वेतन के बराबर क्षतिपूर्ति राशि। (4) बंदी से प्रभावित श्रमिकों को पात्रतानुसार उपादान, बोनस, अवकाश वेतन, बकाया अन्य स्वत्वों का भुगतान किया जावेगा। (ब) उपक्रम/स्थापन के पुनः प्रारंभ होने की स्थिति में बंदी से प्रभावित श्रमिकों को नियोजन हेतु प्राथमिकता/अवसर दी जावेगी।

अनुभाग अधिकारी
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर

निकाय का नाम नगर पालिक निगम बिलासपुर

बिलासपुर नगर निगम के वार्ड कमांक 01, 02, 03 एवं 04 में विगत 03 वर्षो की जानकारी

अधोसंरचना मद

(वर्ष 2021–22)

क.	वर्ष	वार्ड कमांक	स्वीकृत कार्य विवरण	मद का नाम	लागत राशि	कार्यों की अद्यतन स्थिति (विस्तृत विवरण सहित)			कार्य पूर्ण कराये जाने की निर्धारित समय–सीमा	विलंब के लिये किन–किन के विरूद्ध क्या–क्या कार्यवाही की गई, विस्तृत विवरण सहित
						पूर्ण	अपूर्ण	अप्रारंभ		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2021–22 (दि. 01.04.2021 से 31.03.2022 तक	–	निरंक	–	0	–	–	–	–	–
	योग				**0.00**	**0**	**0**	**0**		

(वर्ष 2022–23)

क.	वर्ष	वार्ड कमांक	स्वीकृत कार्य विवरण	मद का नाम	लागत राशि	कार्यों की अद्यतन स्थिति (विस्तृत विवरण सहित)			कार्य पूर्ण कराये जाने की निर्धारित समय–सीमा	विलंब के लिये किन–किन के विरूद्ध क्या–क्या कार्यवाही की गई, विस्तृत विवरण सहित
						पूर्ण	अपूर्ण	अप्रारंभ		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2022–23 (दि. 01.04.2022 से 31.03.2023 तक	वार्ड क. 01	वार्ड क. 01 में निलेश साहू के घर से मेघा श्रीवास के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद 07 करोड़ प्रति वार्ड 10 लाख	10.00	पूर्ण	–	–	–	–
2	2022–23 (दि. 01.04.2022 से 31.03.2023 तक	वार्ड क. 02	वार्ड क. 02 में बटालियन में मंच के सामने सीसी रोड एवं चंद्रप्रकाश के घर से रामायण गोड़ के घर तक नाली तथा राईस मिल से मेन रोड तक नाली निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद 07 करोड़ प्रति वार्ड 10 लाख	8.00	पूर्ण	–	–	–	–
3	2022–23 (दि. 01.04.2022 से 31.03.2023 तक	वार्ड क. 02	वार्ड क. 02 में स्ट्रीट लाईट कय कार्य।	अधोसंरचना मद 07 करोड़ प्रति वार्ड 10 लाख	2.00	पूर्ण	–	–	–	–
4	2022–23 (दि. 01.04.2022 से 31.03.2023 तक	वार्ड क. 03	वार्ड क. 03 में स्ट्रीट लाईट कय कार्य।	अधोसंरचना मद 07 करोड़ प्रति वार्ड 10 लाख	2.00	पूर्ण	–	–	–	–

अनुभाग अधिकारी
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

5	2022–23 (दि. 01.04.2022 से 31.03.2023 तक	वार्ड क. 03	वार्ड क. 03 में मेन रोड से टलहईन के घर तक सीसी रोड निर्माण, मेन रोड बिसराम मानिकपुरी के घर तक सीसी रोड निर्माण, लालजी के घर से ठाकुर के घर तक सीसी रोड निर्माण, किशोर रात्रे के घर से अंगन बंजारे के घर तक पीसीसी नाली निर्माण एवं गणेशराम के घर से रोमेश सिंह के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद 07 करोड़ प्रति वार्ड 10 लाख	8.00	पूर्ण	–	–	–	–
6	2022–23 (दि. 01.04.2022 से 31.03.2023 तक	वार्ड क. 04	वार्ड क. 04 में मेन रोड से रामनारायण के घर तक सीसी रोड निर्माण, मेन रोड से रामनारायण के घर तक नाली निर्माण, संजय ट्रेडर्स से ठाकुर के घर तक सीसी रोड निर्माण एवं सरिता गोड़ के घर से रामसवारी शुक्ला के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य।	अधोसंरचना मद 07 करोड़ प्रति वार्ड 10 लाख	8.00	पूर्ण	–	–	–	–
7	2022–23 (दि. 01.04.2022 से 31.03.2023 तक	वार्ड क. 04	वार्ड क. 04 में स्ट्रीट लाईट क्य कार्य।	अधोसंरचना मद 07 करोड़ प्रति वार्ड 10 लाख	2.00	पूर्ण	–	–	–	–
8	2022–23 (दि. 01.04.2022 से 31.03.2023 तक	वार्ड क. 01,02,03,04,13, एवं 14	वार्ड क. 01,02,03,04,13, एवं 14 में सीसी रोड मरम्मत कार्य।	अधोसंरचना मद 05 करोड़ में से (रोड मरम्मत कार्य)	19.96	पूर्ण	–	–	–	–
9	2022–23 (दि. 01.04.2022 से 31.03.2023 तक	वार्ड क. 01,02,03,04,13, एवं 14	वार्ड क. 01,02,03,04,13, एवं 14 में सीसी रोड मरम्मत कार्य।	अधोसंरचना मद 05 करोड़ में से (रोड मरम्मत कार्य)	19.98	पूर्ण	–	–	–	–
	योग				**79.94**	**9**	**0**	**0**		

(वर्ष 2023–24)

क.	वर्ष	वार्ड कमांक	स्वीकृत कार्य विवरण	मद का नाम	लागत राशि	कार्यों की अद्यतन स्थिति (विस्तृत विवरण सहित)			कार्य पूर्ण कराये जाने की निर्धारित समय–सीमा	विलंब के लिये किन–किन के विरूद्ध क्या–क्या कार्यवाही की गई, विस्तृत विवरण सहित
						पूर्ण	अपूर्ण	अप्रारंभ		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2023–24 (दि. 01.04.2023 से 31.03.2024 तक	वार्ड क. 03	वार्ड क्र. 03 शिव किराना स्टोर्स से मंजू मेडम के घर तक सीसी सड़क निर्माण।	अधोसंरचना मद 21 करोड़ में से (प्रति पूर्व ग्राम पंचायत हेतु 1.50 करोड़)	12.53	पूर्ण	–	–	–	–
